सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 1 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 1, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 545 अंकों की उछाल

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 545 .52 अंक उछलकर 85,220 .60 अंक पर बंद हुआ।

} 14

## शाह ने बंगाल में चुनावी तैयारियों का लिया जायजा

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा की राज्य इकाई की तैयारियों का जायजा लिया।

} 14




## ओडिशा तट से दो प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण

### ○ कई पारंपरिक युद्धक हथियारों को ले जाने में सक्षम ○ मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने बुधवार को ओडिशा के तट से कुछ ही समय के अंतराल में दो प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया, जिससे सैन्य सेवा में इसके शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रलय अल्प दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है जिसकी हथियारों को ले जाने की क्षमता 500-1000 किलोग्राम है। यह कई पारंपरिक युद्धक हथियारों को ले जाने में सक्षम है और इसकी मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर है।



प्रलय स्वदेशी रूप से विकसित एक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है जिसमें उच्च सटीकता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक नौपरिवहन प्रणाली लगी हुई है। यह विभिन्न लक्ष्यों के लिए कई प्रकार के युद्धक हथियारों को ले जाने में सक्षम है। इन मिसाइलों का परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा किया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा यह उड़ान परीक्षण मूल्यांकन परीक्षणों के तहत किया गया था। ट्रैकिंग सेंसर द्वारा पुष्टि की गई जानकारी के अनुसार, दोनों मिसाइल ने निर्धारित पथ का अनुसरण किया और सभी उड़ान उद्देश्यों को पूरा किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइलों के सफल प्रक्षेपण पर डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना, भारतीय सेना, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और उद्योग जगत को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि प्रलय मिसाइल के सफल प्रक्षेपण ने मिसाइल की विश्वसनीयता स्थापित कर दी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने भी मिसाइल के सफल उड़ान परीक्षणों में शामिल डीआरडीओ की कई टीम को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि उपयोगकर्ताओं के लिए मिसाइल प्रणाली के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम योगी ने नववर्ष की दीं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नववर्ष 2026 के आगमन पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि सरकार लोककल्याण का सशक्त प्रतीक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नववर्ष पर प्रदेश की जनता के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में सरकार का संकल्प और अधिक स्पष्ट है। विकसित उत्तर प्रदेश-2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए, प्रदेश सरकार जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को केंद्र में रखकर, वर्ष 2026 को अंत्योदय, सामाजिक न्याय और सर्वसमावेशी है। राज्य सरकार प्रदेश की आर्थिक समृद्धि, युवाओं के लिए रोजगार व उद्यमिता, अन्नदाता किसानों की खुशहाली, महिलाओं की आत्मनिर्भरता सहित प्रत्येक नागरिक के सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करती रहेगी।

## विराज सागर दास ने दी नववर्ष की हार्दिक बधाई



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने नववर्ष 2026 की पावन बेला में सम्पूर्ण प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन एवं उन्नति की कामना की है। विराज सागर दास ने शुभकामना संदेश में कहा है कि आने वाला नया वर्ष आप सभी के जीवन में उमंग और नयी ऊर्जा का संचार करे तथा खुशहाली लाये। प्रदेश का निरन्तर विकास हो और प्रदेशवासी खुशहाल रहें। ईश्वर से यही मेरी विनम्र प्रार्थना है।

# ऑपरेशन सिंदूर में भगवान राम की शिक्षा का किया पालन

### ○ श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दूसरे वार्षिकोत्सव पर अयोध्या पहुंचे रक्षा मंत्री ○ मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा की स्थापना

विशेष/जिला संवाददाता

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला के विराजमान होने के प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के द्वितीय वार्षिकोत्सव में बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अयोध्या धाम पहुंचे। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए प्रभु श्रीराम की मयार्दा का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा जिस प्रकार प्रभु श्रीराम ने युद्ध में मयार्दा न छोड़ने की शिक्षा हम सबको दी है, उसी प्रकार हमारी सेना ने भी सीमित, नियंत्रित और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकियों को सबक सिखाना था, हमने उनके ठिकाने में घुस कर सबक सिखाया है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिस तरह भगवान राम का दिव्य-भव्य मंदिर आयोध्या धाम में प्रतिष्ठित है, उसी तरह पुनौराधाम में मां जानकी की जन्मस्थली में भव्य मंदिर का भी निर्माण हो रहा है। अपने संबोधन के समापन पर उन्होंने प्रार्थना की, जब तक गगन में



चंद्र और दिवाकर विद्यमान हैं, तब तक सनातन आस्था की ये धर्मध्वजा लहराती रहे। प्रभु राम हम सबको कर्तव्य का मार्ग दिखाएं।

इस अवसर पर रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में हनुमान जी का दर्शन पूजन कर, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला के दर्शन किये। इसके बाद उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में बने में मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा को स्थापित किया।इस दौरान अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने अपने मनोभावों को व्यक्त करते हुए कहा कि नाथ आजु मैं कहा न पावा। ऐसा लग रहा है कि जीवन में मैं जो पाना चाहता था, वह सब कुछ मुझे मिल गया। राघवेंद्र सरकार ने इस दिन के लिए स्वयं मुझे चुना था, इसलिए आज यह अवसर मुझे मिल रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे अपने जीवन का सौभाग्यशाली दिन बताते हुए कहा, आज से दो वर्ष पूर्व जब प्रभु श्रीराम यहां पुनर्प्रतिष्ठित हुए, वो समस्त भारतवासियों के लिए गौरव का ऐतिहासिक क्षण था। प्रभु श्रीराम अपनी कीर्ति से आज केवल भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को विभूषित कर रहे हैं। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अयोध्या के शौर्य के आगे टिक नहीं पाया कोई दुश्मन : योगी

विशेष/जिला संवाददाता

- कुछ लोगों ने अयोध्या को बना दिया था राजनीति, उपद्रव और संघर्ष का अड्डा
- श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में राजनाथ सिंह की रही प्रत्यक्ष भूमिका: मुख्यमंत्री
- पांच साल में 45 करोड़ श्रद्धालु आए अयोध्या: मुख्यमंत्री
- पहले मिलती थीं लाठी और गोली, अब देश में हर जगह बोल सकते है जयश्रीराम

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सीएम योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामना देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलकारी हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या के नाम से ही अहसास होता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। कोई भी दुश्मन यहां के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे टिक नहीं पाया, लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून व सत्ता के तुष्टिकरण की निकृष्टता में पड़कर अयोध्या को भी उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया था। सीएम योगी ने पिछली सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिस अयोध्या में कभी संघर्ष नहीं होता था, उस अयोध्या में पिछली सरकारों के शासन में आतंकी हमले होते थे। अयोध्या को लहुलूहान करने का प्रयास हुआ था, लेकिन जहां प्रभु की कृपा बरसती हो और जहां हनुमानगढ़ी में स्वयं हनुमान जी महाराज विराजमान हैं, वहां कोई आतंकी कैसे घुस जाता। 2005 में जैसे ही आतंकियों ने दुस्साहस किया, तैसे ही पीएसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट गलियारे को मंजूरी

### केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वोडाफोन-आइडिया को बकाया भुगतान से दी मोहलत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र में 19,142 करोड़ रुपये की कुल लागत से छह लेन वाले नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट गलियारे के निर्माण को बुधवार को मंजूरी दे दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, 374 किलोमीटर लंबी यह परियोजना बनाओ-चलाओ-सौंप दो (बीओटी) टोल मोड पर विनिर्मित की जाएगी। इस परियोजना के माध्यम से नासिक, अहिल्यानगर और सोलापुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय शहरों को कुरनूल से जोड़ा जाएगा। यह बुनियादी ढांचा प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान सिद्धांत के अंतर्गत एकीकृत परिवहन अवसंरचना विकास को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम



है। नासिक से अक्कलकोट तक प्रस्तावित नए गलियारे को वधावन बंदरगाह इंटरचेंज के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से, नासिक में एनएच-60 (अदेगांव) के जंक्शन पर आगरा-मुंबई गलियारे से और पांगरी (नासिक के पास) में समृद्धि महामार्ग से जोड़ा जाना है। वहीं एक अन्य निर्णय में सरकार ने वोडाफोन-आइडिया के लिए एक बड़े राहत पैकेज को बुधवार को मंजूरी दी। इसके तहत उसके बकाया भुगतान से पांच साल की मोहलत दी गई है। इससे कर्ज में फंसी दूरसंचार कंपनी को बड़ी राहत मिली है। निर्णय से अवगत सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के 87,695 करोड़ रुपये के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया पर रोक लगाने पर सहमति जतायी है जिसे संकटग्रस्त कंपनी को वित्त वर्ष से 2031-32 से 2040-41 तक चुकाना होगा। उधर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को ओडिशा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नये साल में 32 हजार सिपाही की होगी भर्ती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार नए साल में सिपाही के 32,679 पदों पर भर्ती करेगी। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने बुधवार को इस भर्ती अभियान की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 को शुरू होगी और 30 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले बोर्ड के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।

बोर्ड ने अधिसूचना जारी की है जो उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह नवीनतम भर्ती 2025 की शुरुआत में सिपाही के 60 हजार 244 पदों पर नियुक्तियों के पूरा होने के बाद की जा रही है। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कहा कि आवेदन उसकी आधिकारिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती राज्य में पुलिस की अहम भूमिका

### मुख्यमंत्री धामी ने 215 उपनिरीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

प्रमुख संवाददाता

देहरादून (उत्तराखंड)। उत्तराखंड एक ऐसा राज्य है, जो दो अंतरराष्ट्रीय और दो आंतरिक सीमाओं से जुड़ा हुआ है। ऐसे में यहां कानून-व्यवस्था बनाए रखना, सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और आपदा संभावित परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई करना पुलिस बल की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां पुलिस से अतिरिक्त सतर्कता, संवेदनशीलता और दक्षता की अपेक्षा करती हैं।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्य सेवक सदन में नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। 215 नवनियुक्त उपनिरीक्षकों में 104 पुलिस




उपनिरीक्षक, 88 गुल्मनायक (पीएसी) तथा 23 अग्निशमन द्वितीय अधिकारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मार्ट पुलिस के विजन की ओर उत्तराखंड बढ़ रहा है। राज्य सरकार उत्तराखंड पुलिस को आधुनिक, तकनीक-सक्षम और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भर्ती प्रक्रियाओं में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## झांसी में घूस लेते आईआरएस अफसर समेत पांच गिरफ्तार

लखनऊ। सीबीआई ने झांसी में सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (सीजीएसटी) की डिप्टी कमिश्नर समेत पांच लोगों को घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई, लखनऊ की एंटी करप्शन ब्रांच की टीम ने मंगलवार को झांसी में डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी और दो टैक्स अधीक्षकों को हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले कारोबारी से 70 लाख रुपये की घूस लेते हुए दबोचा था, जिसके बाद एक अधिवक्ता और कारोबारी को भी गिरफ्तार कर सभी के ठिकानों पर छापे मारे, जिसमें 90 लाख रुपये नकदी के साथ चांदी के बार और सोने के जेवरात बरामद किए हैं। सीबीआई की टीमों ने बुधवार को आरोपियों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई के बाद उनका मेडिकल चेकअप कराया। जिसके बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ भेज दिया गया।

विशेष खबर

### गलनभरी हवाओं से कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने को मजबूर गरीबों ने अलाव ताप कर ली राहत की सांस

# भीषण सर्दी के बीच विराज सागर दास ने शहरभर में जलवाये अलाव

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की ओर से शहर में जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की गई, जिससे गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से राहत मिली। उन्हें सर्दी की रात काटने मेंसहूलियत मिली। सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की









व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। भीषण सर्दी से बचने के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं।

जब लखनऊ के लोग नववर्ष का जश्न मनाने में जुटे थे तब बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आउटसोर्सिंग कंपनी पर एफआईआर, प्रशासनिक जांच के आदेश

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग में पारदर्शिता और पात्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोर्स कोआर्डिनरों की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाया है। उनके निर्देश पर थाना गोमती नगर, लखनऊ में नियमों का उल्लंघन कर नियुक्तियां कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी एवनी परिधि एनर्जी एंड कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ और संबंधित आवेदकों के खिलाफ षड्यंत्र, फर्जी दस्तावेज और नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोपों में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साथ ही पूरे मामले में प्रशासनिक जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

■ **शिकायत के बाद हुई विभागीय जांच :** राज्यमंत्री ने बताया कि 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रदेशभर में संचालित कोचिंगों में आउटसोर्सिंग पर लगे कोचिंग कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में अनियमितता की शिकायत मिली थी। इसे गंभीरता से लेते हुए विभागीय जांच कराई गई, जिसमें भर्ती से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच की गई।

■ **पात्रता नियमों की अनदेखी :** जांच में यह सामने आया कि नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा पास होना अनिवार्य था। इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी। कुल 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए। जांच रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि अपात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिलाने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। इस मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी एवनी परिधि एनर्जी एंड कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ को प्रथम दृष्टया दोषी माना गया।













































संक्षेप

## सीओ बांसी ने थाना जोगिया उदयपुर का किया निरीक्षण



बांसी सिद्धार्थनगर।पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के क्रम में थाना कोतवाली जोगिया उदयपुर में स्थापित महिला शक्ति केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों की गहन जांच कर उनके अद्यतन रख-रखाव के सम्बन्ध में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गया। पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक के आदेश के क्रम में , अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सुश्री रोहिनी यादव क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा सर्किल बांसी के मिशन शक्ति फेज 5.0 महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में थाना कोतवाली जोगिया उदयपुर पर स्थापित महिला शक्ति केन्द्र का क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी ने आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों की गहन जांच कर उनके अद्यतन रख-रखाव के सम्बन्ध में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।इस अवसर पर थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर मीरा चौहान व अन्य कई सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

## झगड़े पर आमादा आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। खेत में सिंचाई के विवाद को लेकर झगड़े पर अमादा दो पक्षो के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।लालगंज कोतवाली मे तैनात आरक्षी संजय कुमार व संतोष कुमार यादव की वीट रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियो पर शिकंजा कसा है। रिपोर्ट मे कहा गया है कि पूरे छेमी पूरे नोती गांव में बीती उन्तीस दिसंबर को हरिकेश नारायण मिश्र पुत्र रामनरेश, कुसुम मिश्रा पत्नी हरिकेश, धीरज मिश्र पुत्र राकेश व गांव के ही सोनल मिश्र पुत्र राकेश तथा दूसरे पक्ष के राजेन्द्र की पत्नी सुनीता, विश्वनाथ की पत्नी मीना एवं मिथिलेश पत्नी धर्मेन्द्र गेहूं की सिंचाई को लेकर मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था।इसमें दोनों पक्ष चुटहिल हुए थे। आरोपियो द्वारा एक दूसरे पर जानलेवा हमले की धमकी दी जा रही है।मामले मे पुलिस ने पहल करते हुए आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## लापता मासूम के परिजनों के साथ दरोगा पर दुर्व्यवहार का आरोप

प्रतापगढ़।मासूम के लापता होने को लेकर पुलिस कार्रवाई की जगह पीड़ित परिवार का ही उत्पीड़न कर रही है। पुलिसिया उत्पीड़न को लेकर सोशल मीडिया में पीड़ित परिवार का वीडियो वायरल हुआ है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पदमाकरपुर निवासी राजाराम वर्मा पुत्र रामकुमार का दो वर्षीय पुत्र बीती छब्बीस दिसंबर की रात अचानक लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौपी है।पुलिस ने मासूम के गायब होने को लेकर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया। वायरल वीडियो में पीड़ित परिवार के मुताबिक मामले मे पूछतांछ के लिए उसे सांगीपुर थाने की घुइसरनाथ चौकी पर बुलवाया गया।वायरल वीडियो मे आरोप है कि चौकी के दरोगा ने पीड़ित परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया।सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे उपनेता प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़।राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज गुरूवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे।वह दिन में साढ़े तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में पर्यटन विकास से जुडी परियोजनाओं का अवलोकन करेंगे। इसके पहले दिन में एक बजे संग्रामगढ़ स्थित आवास पर लोगों से मुलाकात करेंगे।सांसद प्रमोद तिवारी दिन में दो बजे नरई स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर में मन्दिर परिषद द्वारा आयोजित भण्डारे में भी शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

### निरपराधों ने हत्या मामले में काटी 38 साल की सजा

# हाईकोर्ट से उम्रकैद के तीन आरोपी बरी

जिला संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हत्या के मामले में आजीवन कारावास के तहत 38 साल की जेल काटने के बाद तीन आरोपियों को इस आधार पर बरी कर दिया कि यह हत्या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा की गई थी।

सजा के खिलाफ अपील स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने कहा कि घटनास्थल पर अभियोजन पक्ष के गवाहों की मौजूदगी अत्यधिक संदेहपूर्ण है और ऐसा लगता है कि उन्होंने घटना नहीं देखी और वे मौके पर तब पहुंचे जब व्यक्ति की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी तथा अन्य ग्रामीण वहां पहुंच चुके थे। अपीलकर्ताओं का आरोप था कि उस गांव में दलगत राजनीति होती है और पार्टीबंदी की वजह से उन्हें फंसाया गया है।

तथ्यों के मुताबिक, आठ जुलाई, 1982 को अपीलकर्ताओं द्वारा शिकायतकर्ता के भाई की पीटकर कथित रूप से हत्या कर दी गई थी। तहरीर में कहा गया था कि शिकायतकर्ता यदि अपने भाई की मौत के बारे में पुलिस को सूचना देगा तो उसे जान से मार दिया जाएगा।इस मामले में इलाहाबाद के सोरांव थाने में सभी 11 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

निचली अदालत ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों पर गौर करने के बाद 13 अप्रैल, 1987 को आरोपियों को हत्या का दोषी ठहराया था और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।इसके बाद, सभी आरोपियों ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी।हालांकि, अपील लंबित रहने के दौरान 11 में से आठ अपीलकर्ताओं की मृत्यु हो गई।

उच्च न्यायालय ने 18 दिसंबर 2025 को दिए अपने निर्णय में कहा कि मामले में पेश साक्ष्यों में भारी विरोधाभास है और अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे अपने मामले को साबित करने में विफल रहा।पीठ ने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने रिकॉर्ड में पेश साक्ष्यों को सही परिपेक्ष्य में नहीं समझा और गलत निष्कर्ष निकाला।मृतक के भाई और चाचा की गवाहियों के संबंध में उच्च न्यायालय ने कहा कि इस बात की कोई सूचना नहीं है कि मृतक को पीटे जाने के बारे में सूचना उसके चाचा को किसने दी।पीठ ने कहा कि जिस अज्ञात व्यक्ति ने चाचा को सूचना दी, वह सीधे मृतक के भाई को भी सूचना दे सकता था।

अदालत ने पाया कि जिस समय मृतक के भाई को सूचना दी गई तब से लेकर उसके और ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने तक कम से कम एक घंटे का समय लगा और यह संभव नहीं है कि 11 हमलावर व्यक्ति को जान से मारने के इरादे से एक घंटे तक पीटते रहे होंगे और शव पर चोट के केवल 10 निशान पड़ेंगे। अदालत ने यह भी कहा कि कोई व्यक्ति यह सूचना पाकर कि उसके भाई को पीटा जा रहा है, घटनास्थल पर खाली हाथ नहीं जाएगा और सबसे छोटे मार्ग से मौके पर पहुंचेगा जबकि यहां शिकायतकर्ता और उसके चाचा खाली हाथ गए और लंबा मार्ग लिया जिससे संदेह पैदा होता है।

## भीषण ठंड में करें नागरिकों का बेहतर इलाज : राजपाल सिंह

### स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** जनपद में बढ़ती ठंड और लगातार चल रही शीतलहर को देखते हुए जिला अस्पताल के अधीक्षक राज पाल सिंह ने आम नागरिकों के लिए स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में इलाज से बेहतर बचाव के सिद्धांत को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। अत्यधिक ठंड से शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे सर्दी-खांसी, बुखार और अन्य संक्रमण होने की आशंका बढ़ जाती है। अधीक्षक ने बताया कि ठंड का सीधा असर हृदय, फेफड़े और रक्तचाप पर पड़ता है। लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से हाइपोथर्मिया का खतरा बढ़ जाता है, जो विशेष रूप से बुजुर्ग, नवजात शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार लोगों के लिए अधिक संवेदनशील स्थिति पैदा कर सकता है। ऐसे व्यक्तियों को नियमित चिकित्सकीय परामर्श में रहने और दवाइयों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी में कहा गया है कि लोग पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें, सिर, कान और पैरों को अच्छी तरह ढककर रखें। ठंड में निर्जलीकरण की समस्या से बचने के लिए गुनगुना पानी, सूप एवं तरल पदार्थों का नियमित सेवन करें। रात के समय खुले स्थानों पर सोने से बचें तथा आवश्यकता होने पर सुरक्षित ढंग से अलाव का उपयोग करें, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो।

अधीक्षक ने कहा कि ठंड के मौसम में मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए किसी भी असामान्य लक्षण के दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में संपर्क करें। समय पर उपचार, जागरूकता और सतर्कता से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।

## विराट हिन्दू सम्मेलन में संस्कृति के संवर्धन का लिया गया संकल्प



प्रतापगढ़।लीलापुर में बुधवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। सम्मेलन में सनातन संस्कृति की मजबूती तथा सनातन एकता का संकल्प लिया गया।मुख्य अतिथि कथावाचक काली प्रसाद ने कहा कि भारतीय संस्कृति की सुरक्षा के लिए हिन्दुओं में जागरूकता सबसे बडी आवश्यकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता रामसुमेर सरोज व संयोजन पद्मपाणि ने किया।विशिष्ट अतिथि डा0 यशोदा वर्मा ने भी संस्कृति के संवर्धन पर जोर दिया। इस मौके पर नागेन्द्र भूषण शुक्ल, जिला कार्यवाह अजय, दिलीप तिवारी, अजय द्विवेदी, बृजेशनंदन, सर्वेश मिश्र, बृजेश शुक्ल, समाजसेवी संजय शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, अभय शुक्ल, प्रशांत सिंह आदि मौजूद रहे।

## सीओ बांसी रोहिनी ने महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक



सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन में सीओ सर्किल बांसी की पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के क्रम में उपस्थित थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम के साथ थानाक्षेत्र के ग्राम कोटिया पाण्डेय में जन चौपाल लगाकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, तीन नये कानून, साइबर अपराध/सुरक्षा व बहु-बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में चलाया गया जन-जागरुकता अभियान के अन्तर्गत जागरूक किया। खबर के अनुसार पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत गत बुधवार 31/12/2025 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी सुश्री रोहिनी यादव तथा थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा मय मिशन शक्ति टीम ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम थानाक्षेत्र के ग्राम कोटिया पाण्डेय में जन चौपाल आयोजन किया गया ।जिसमे क्षेत्राधिकारी बांसी सुश्री रोहिनी यादव तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा की उपस्थित मे कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया गया ,तथा महिलाओं/बलिकाओं को महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानून व नए कानून के बारे मे जानकारी दी गई तथा वहां उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दिया गया।

## राष्ट्र के समृद्धिशाली निर्माण पर प्रमोद व मोना ने एकजुटता पर दिया जोर





प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने नववर्ष पर देश के समृद्धिशाली भविष्य के निर्माण में योगदान का आहवान किया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा है कि देश व प्रदेश के लोगों के लिए सुखद, समृद्धिशाली, वैभवशाली भविष्य निर्माण के लिए राष्ट्रीयता की भावना मजबूत बनाए जाने की समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होने कहा कि भाईचारा व आपसी प्रेम के बीच सुख शांति व अमन चैन के वातावरण में ही देश की प्रगति व वैश्विक पटल पर मजबूती का परचम भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि है। वही नेताद्वय ने पडोसी बांग्लादेश में हिन्दू, सिक्ख, बौद्ध, अल्पसंख्यकों की हत्या और हिंसा की घटनाओं पर भी रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय एकजुटता पर जोर दिया है।नेताद्वय का संयुक्त बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## इकौना में अतिक्रमण मुक्त सड़कें

- जनपद भर में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया



**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद भर में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।इस अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना तथा आमजन को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना रहा।इसी क्रम में थाना इकौना पुलिस द्वारा कस्बा इकौना क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए सड़क किनारे लगाए गए अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अवैध रूप से खड़े ठेला, वाहन एवं दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण पर सख्ती दिखाई गई। पुलिस टीम ने संबंधित दुकानदारों और ठेला चालकों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि वे सार्वजनिक मार्गों और फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें।

पुलिस द्वारा दुकानदारों को यह भी चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि अतिक्रमण पाया गया तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

थाना इकौना पुलिस ने बताया कि यह अभियान पूर्णतः जनहित में चलाया गया है, ताकि आम नागरिकों, राहगीरों एवं वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कस्बे में यातायात व्यवस्था बाधित न रहे। प्रशासन ने संकेत दिया है कि अतिक्रमण के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

## सीओ बांसी ने मिशन शक्ति के अभिलेखों का किया गहन निरीक्षण



खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन में सीओ बांसी रोहिनी यादव ने बांसी सर्किल के खे0व अन्य थाना कस्बा परिक्षेत्र में मैं फोर्स पैदल गश्त किया गया, बाद उसके पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के क्रम में थाना खेसरहा में स्थापित महिला शक्ति केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, तथा दौरान निरीक्षण क्षेत्राधिकारी बांसी ने स्थापित मिशन शक्ति के विभिन्न अभिलेखों/एरजिस्टरों की गहन जांच कर उनके अद्यतन रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया । गत 31.12.2025 को क्षेत्राधिकारी रोहिनी यादव ने न सिर्फ खेसरहा थाने का आकस्मिक निरीक्षण अपितु जोगिया उदयपुर थाने पर स्थापित महिला शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया, थाना खेसरहा पर स्थापित व थाने पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में सुधार एवं और बेहतर किए जाने की आवश्यकता है इस हेतु सीओ बांसी ने सम्बंधित को निर्देश दिया गया।

# अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लेकर विधानसभा से संसद तक घेराव करेंगे वकील

### रानीगंज व पट्टी में एकजुट वकीलों ने विधेयक के समर्थन में जमकर की नारेबाजी







रानीगंज/पट्टी, प्रतापगढ़। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर वकीलों ने आरपार के संघर्ष का ऐलान किया है। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के द्वारा निकाली जा रही अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा बुधवार को जिले की रानीगंज व पटटी तहसील पहुंची।

पटटी तहसील मे मांग को लेकर नेशनल हाइवे से लगे तहसील गेट पर वकीलों ने मांग के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।वहीं रानीगंज तहसील में भी नेशनल हाइवे से लगे तहसील गेट पर वकीलों का मांग के समर्थन में तेवर गर्म दिखा। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की अगुवाई में पहुंची अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का साथियों ने इन तहसीलों में जबरदस्त स्वागत भी किया। वकीलो की मांग है कि संसद के बजट सत्र में यह विधेयक पारित कराया जाये।वहीं प्रदेश की विधानसभा से भी विधेयक के लिए संकल्प प्रस्ताव की आवाज उठायी गयी है।

एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार कर्मचारियों, शिक्षकों सभी को स्वास्थ्य बीमा योजना समेत लाभकारी योजनाओं की रोज सौगात दे रही है। उन्होने कहा कि वकीलो की सरकार के द्वारा हर कदम पर बरती जा रही उपेक्षा अब बर्दास्त नही किया जाएगा। उन्होने कहा कि संसद के बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक पारित नही हुआ तब वकील संसद से लेकर विधानसभा तक का चरणबद्ध घेराव करेंगे।राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि सरकार युवा अधिवक्ता प्रोत्साहन भत्ता तथा बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन के साथ एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर वकीलों के साथ छलावा कर रही है। अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा के प्रदेश प्रभारी विकास मिश्र ने साथियों को प्रस्तावित विधेयक में सुरक्षा व सुविधाओं के एजेण्डे से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश प्रताप सिंह व संचालन अजय ओझा ने किया। वही पटटी तहसील में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का पटटी बार एसोसिएसन के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह व महामंत्री प्रमोद कुमार सिंह की अगुवाई में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर शिवेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मराज तिवारी, सीताराम विश्वकर्मा, अजय उपाध्याय, प्रमोद मिश्र, विमल तिवारी, रमेश सिंह, संदीप आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक ने सुनी फरियाद



सिद्धार्थनगर ।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/ शिकायतों को सुना ।गत बुधवार पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय मे आए जन समस्याओ के निराकरण हेतु फरियादियों की समस्याओ शिकायतों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक अधीक्षक ने सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक एवं कड़े निर्देश दिये गये । पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई मे कुल 06 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए ।जिसमें 02 भूमि विवाद तथा शेष 04 अन्य से सम्बंधित रहे ।उक्त प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक ने सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए , उक्त के सम्बन्ध पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन ने प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया ।

## डीएम व एसपी ने सुरक्षा के लिए की पैदल गश्त



जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर ।नव वर्ष के दृष्टिगत जनपद के जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस बल के साथ जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु कस्बा सिद्धार्थनगर में पैदल गस्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया ।

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन ने कहा कि जनपद जनपद में शान्ति सुरक्षा व कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाएं रखने के लिए पुलिस दायित्वों के प्रति मुस्तैदी दिखाते हुए क्रियाशील है,इस सम्बंधित सभी थाना क्षेत्र में भी सघन चेकिंग जांच एवं सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सदर थाना कस्बा परिक्षेत्र में पैदल गश्त एवं सुरक्षा को लेकर चेकिंग भी किया जा रहा है कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाएं रखने व सुरक्षा के प्रति जनपद पुलिस क्रियाशील है ,गत बुधवार सायं काल शिवशरणप्पा जीएन जिलाधिकारी व डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर विश्वजीत सौरयान अरढ/ क्षेत्राधिकारी सदर के साथ जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत कस्बा सिद्धार्थनगर में पैदल गस्त किया गया । पैदल गश्त के दौरान सदर थाना प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## एसडीएम बांसी के निर्देश पर बांसी कस्बे में जल रहा अलाव



बांसी सिद्धार्थ नगर।हाड़ कंपाती ठंड से ठिठुरते आम जनमानस के बचाव/एवं जनहित के मद्देनजर उप जिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती के निर्देश व अपनाएं गये कार्य शैली के चलते बांसी नपा 0 कस्बा परिक्षेत्र में जगह जगह अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है , आमिर आशिफ महमूद अली , मोनू जावेद अहमद, आदि ने बताया कि उक्त अलाव की व्यवस्था बांसी कस्बा परिक्षेत्र के बांसी रोडवेज पुलिस बूथ तहसील परिसर व 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी सहित अन्य तमाम सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलता दिखाई दे रहा है, जो की उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती के सार्थक प्रयास एवं निर्देशन में क्रियाशील नगर पालिका परिषद बांसी जिम्मेदारो द्वारा जनहित में अलाव जलाने की बेहतर व्यवस्था जनहित में किया गया है।

## अमेठी में दलित नाबालिग से दुष्कर्म

अमेठी। अमेठी के फुरसतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय दलित नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 30 दिसंबर को नाबालिग खेत में गई थी, जहां गांव के ही एक युवक ने उसे घसीटकर अपने ट्यूबवेल पर ले गया और उससे दुष्कर्म किया। धमकी दी कि यदि उसने किसी को इसकी जानकारी दी तो जान से मार देगा। पीड़िता ने घर पहुंचकर आपबीती अपनी मां को बताई और मां ने थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। फुरसतगंज थाना प्रभारी निरीक्षक नंद हौसला यादव ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम प्रयास कर रही है।

संक्षेप

## तहसीलदार ने किया रैनबसेरा का निरीक्षण

गोरखपुर। ठंड के मौसम में दूर दराज से आने वाले पथिकों को सुरक्षित और व्यवस्थित रात्रि विश्राम की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत बड़हलगंज द्वारा संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण कर तहसीलदार गोला सत्येंद्र मौर्या ने संतुष्टी प्रकट किया। बता दे कि शासन द्वारा राहगीरों को ठंड को देखते हुये सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश के तहत नगर पंचायत बड़हलगंज द्वारा चेयरमैन प्रीति उमर की देखरेख में अम्बेडकर पार्क में रैन बसेरा संचालित कराया जा रहा है। जिसकी व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए रविवार की रात तहसीलदार गोला सत्येंद्र मौर्या ने मौके पर पहुंच कर जांच किया। रैन बसेरे में रुकने वाले यात्रियों के लिये नगर पंचायत द्वारा ठंड से बचाव के लिए रूम हीटर, रजाई गद्दा, पेयजल, शौचालय और साफ सफाई की उत्तम व्यवस्था देख तहसीलदार और उनके साथ मौजूद अधिकारियों ने संतुष्टी जाहिर किया।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार जयप्रकाश, लेखपाल अरविन्द कुमार, महेंद्र गौड़, अरविन्द विश्वकर्मा, मंजेश शर्मा, सुरेश उमर, अमलेश भारती आदि मौजूद रहे।

## नये साल में उपलब्धियों की फेहरिस्त और बढ़ायेगी योगी सरकार

# दर्जनभर से बड़ी योजनाओं की होगी पूर्णता

- इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, प्रदेश के पहले वानिकी एवं औद्यानिक विश्वविद्यालय का शुरू होगा निर्माण
- प्रदेश के पहले स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट और टूरिस्ट स्पॉट चिलुआताल घाट का होगा लोकार्पण

जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** बीते साढ़े आठ वर्षों से गोरखपुर ने विकास के नए प्रतिमान गढ़े हैं। कभी बीमारू और पिछड़े जिले में गिने जाने वाले इस जनपद का शुमार योगी सरकार के विजन से विकास के मॉडल जिलों में हो चुका है। सरकार की सुनियोजित योजनाओं के दम पर नए साल (वर्ष 2026) में गोरखपुर की उपलब्धियों की फेहरिस्त और बढ़ेगी। रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत और समृद्ध करने में गोरखपुर में अनेक उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। शहर के आंतरिक से लेकर वाह्य परिवहन तक, चौड़ी सड़कों की एक श्रृंखला खड़ी दिखती है। गोरखपुर में रोड कनेक्टिविटी के लिहाज से वर्ष 2026 और भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस वर्ष रोड चौड़ीकरण (फोरलेन, सिक्सलेन), रेल ओवरब्रिज, फ्लाईओवर की दर्जनभर से अधिक जारी परियोजनाओं की पूर्णता होगी। इससे शहर के बाहरी क्षेत्र से अन्य जिलों के साथ ही आंतरिक क्षेत्र में भी आवागमन अत्यंत सहज और सुगम हो जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण यह भी इस साल शहर को पहले सिक्सलेन सड़क और सिक्सलेन फ्लाईओवर की सौगात मिल जाएगी। जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि गोरखपुर विकास के नक्शे पर स्थापित हो चुका है। वर्ष 2026 में यह और भी निखरे रूप में नजर आएगा। वर्ष 2026 में गोरखपुर प्रदेश का ऐसा पहला जिला बन जाएगा जहां स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट संचालित होगा। योगी सरकार ने गीडा कार्यालय के सामने यह इंस्टिट्यूट 48.39 करोड़ रुपये की लागत से बनवाया है। एक से दो माह में इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों होना संभावित है। इसी तरह रामगढ़ताल की तर्ज पर नए टूरिस्ट स्पॉट के रूप में चिलुआताल घाट का भी विकास किया गया है। इस पर सरकार ने 20.39 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। जल्द ही सौन्दयीर्कृत चिलुआताल घाट भी जनता को लोकार्पित हो जाएगा। इस वर्ष गोरखपुर में दो उपलब्धियां राष्ट्रीय फलक पर जिले का मान बढ़ाने वाली मिलने जा रही हैं। एक, गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और दूसरा पहला वानिकी एवं औद्यानिक विश्वविद्यालय। वाराणसी मार्ग पर ताल नदोर में 30000 दर्शक क्षमता का स्टेडियम 392 करोड़ रुपये की लागत से बनना है और इस साल शिलान्यास के साथ निर्माण की भी शुरू हो जाएगा। कैम्पियरगंज के भारीवैसी में प्रदेश के पहले वानिकी एवं औद्यानिक विश्वविद्यालय को यूपी कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। 50 हेक्टेयर में बनने वाले इस विश्वविद्यालय के लिए 621.26 करोड़ रुपये का डीपीआर बनाया गया है। इसका शिलान्यास और निर्माण कार्य भी वर्ष 2026 में शुरू हो जाएगा।

## मंडलायुक्त व डीएम ने नूतन वर्ष मंगलकारी होने की कामना की

गोरखपुर। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने सभी मंडल वासियों को नव वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में मंडलायुक्त ने नूतन वर्ष 2026 सभी के लिए कल्याणकारी एवं मंगलकारी होने की कामना की और सभी जनपद/मण्डल वासियो से गोरखपुर मंडल के विकास के लिए कृत संकलित होकर कार्य करने का आह्वान भी किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपद वासियों को नूतन वर्ष 2026 की बधाई दी है। जिलाधिकारी ने इस नए वर्ष में जनपद के प्रत्येक नागरिक के जीवन में शान्ति, सुख ,समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की एवं सभी से इस नूतन वर्ष में राज्य एवं राष्ट्र की सम्पूर्ण प्रगति एवं समृद्धि के लिए प्रतिबद्धता एवं समर्पण भाव के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस नूतन वर्ष में भी जनपद में शासन एवं प्रशासन के सभी अंगों के साथ सम्पूर्ण समन्वय स्थापित कर एवं कार्यों में नागरिक भागीदारी को सुनिश्चित कर जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से इस नूतन वर्ष में जनपद का चौमुखी विकास नए क्षितिज पर पहुंचेगा। उन्होंने नव वर्ष पर सभी को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ रहते हुए अच्छाइयों को अपनाने एवं आदर्शों को आत्मसात करें।

## नववर्ष पर सुरक्षा के लिए किया फ्लैग मार्च



बकेवर, इटावा। नववर्ष के पूर्व क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्य के परिवेक्षण में थाना प्रभारी बकेवर विपिन कुमार मालिक के नेतृत्व में बकेवर कस्बा से लखना तक व्यापक पैदल फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च कस्वा बकेवर, के औरैया रोड व इटावा रोड से होते हुए लखना बाईपास तिराहे तक निकाला गया। इसके पश्चात पुराना नहर पुल, नया नहर पुल से होते हुए पुनः बाईपास तिराहे से महेवा, अहेरीपुर, निवाडी कला, लुधियानी, बिजौली सहित थाना क्षेत्र में पुलिस बल ने पैदल मार्च कर आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी विपिन कुमार मालिक व अन्य पुलिस अधिकारियों ने लोगों एवं दुकानदारों से संवाद कर नववर्ष का उत्सव अपने-अपने घरों में शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर क्षेत्र में यदि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करता हुआ पाया गया तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी। स्टंटबाजी करने वालों, तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों तथा शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में लखना चैकी प्रभारी स्वदेश कुमार, बकेवर चैकी इंचार्ज विनित पाण्डेय, अहेरीपुर चैकी इंचार्ज धीरेन्द्र सिंह, बराउख चैकी प्रभारी दयाशंकर वर्मा, बिजौली चैकी इंचार्ज विनय द्विवेदी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल एवं महिला आरक्षी भी मौजूद रहीं। पुलिस की इस सक्रिय कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत हुई और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और अधिक बढ़ा है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि नववर्ष शांति व अनुशासन के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र में अमन-चैन बना रहे।

## चिल्लूपार के विकास व विरासत पर युवा बनाएं रील, जीते इनाम

उरुवा, गोरखपुर। गोरखपुर जिले के दक्षिणांचल में युवाओं की एक नवगठित संस्था न्यू जेन फाउंडेशन जनवरी 2026 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन पर युवा वर्ग के बीच चिल्लूपार के विकास व विरासत को लेकर युवा रील बनाएं और पाएं एक लाख तक का इनाम के प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष से 30 वर्ष तक के युवा को जोड़ने का और अपने धरोहर को पहचान कर भविष्य का निर्माण करने में मदद मिलेगी। फाउंडेशन की पहल चिल्लूपार की विकास और गौरवशाली विरासत को नई पहचान मिलेगी। रील प्रतियोगिता के साथ साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी संस्था के निदेशक मानव त्रिपाठी ने उरुवा स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता कर दी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में विजेता को प्रथम को- 50 हजार, द्वितीय को- 30 हजार, तृतीय को 10 हजार तथा अगले पांच को पांच- पांच पुरस्कार दिया जाएगा। देश-प्रदेश का कोई यूथ आइकॉन होगा चीफ गेस्ट।

## बुजुर्ग जन हमारी अनमोल धरोहरः बीके नीलम



इटावा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सिविल लाइंस शाखा के भाइयों बहनों द्वारा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शालिनी मेमोरियल सेवा संस्थान द्वारा संचालित सरोज वृद्ध आश्रम जाकर बुजुर्गों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया ! केंद्र संचालिका बीके नीलम बहन ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारी अमूल्य निधि है सउनकी सेवा हमारा सौभाग्य भी है और दायित्व भी सहम उनके अनुभवों से अपना जीवन पथ प्रशस्त करें और उनके लिए समय निकाले सआम जनमानस का आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अभी ही बुजुर्गों की सेवा करके दुआओं का खजाना जमा कर लेना चाहिए क्योंकि हम जैसे कर्मों का बीज बोएंगे वैसा ही फल हमें भविष्य में प्राप्त होने वाला है स बी के प्रीति बहन ने उपस्थित बुजुर्गों को जीवन के इस मोड़ पर ईश्वर को अपना साथी बनाने का संकल्प दिलाया उन्होंने कहा कि स्वयं को पिता शिव के बच्चा समझे तो वह परमपिता है और अवश्य अपने बच्चों का ध्यान रखेगा स बीके शिवि बहन ने सभी बुजुर्गों का तिलक वंदन करके अंग वस्त्र प्रदान किया और कहा कि अपने जीवन के अनमोल पल ज्यादा से ज्यादा ईश्वर की याद में लगाएं ससभी को प्रसाद वितरित करने के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ स भाई आसानसिंह राजेश दुबे मिथिलेश कुमारी रतन कुलश्रेष्ठ वीरेंद्र कुमार सरजू देवी राजेश्वरी शिवधारा ललित कुलश्रेष्ठ संतोष गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

# कूटरचित ढंग से बनवाये दो पासपोर्ट

## परेसापार में युवकों ने की थी जालसाजी, पुलिस जांच में खुला मामला

जिला संवाददाता

गगहा, गोरखपुर। गगहा के परेसापार में फर्जी दस्तावेजों के जरिए दो पासपोर्ट बनवाने का मामला सामने आया है। पुलिस जांच में आरोपी की संलिप्तता मिलने होने के बाद उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, परेसापार निवासी आरोपी रवि सिंह ने पहचान और पते से जुड़े दस्तावेजों में कूटरचना कर पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। प्रारंभिक सत्यापन के दौरान दस्तावेजों में विसंगतियां पाई गईं, जिसके बाद मामले की विस्तृत जांच शुरू की गई। जांच अधिकारी दरोगा विकास भदोरिया ने बताया कि जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी रवि सिंह ने एक ही आधार से अलग-अलग पहचान विवरणों का उपयोग कर दो पासपोर्ट हासिल किए। एक पासपोर्ट ढ1287133 जिसमें नाम रवि सिंह व जन्मतिथि 01.01.1997 है व दुसरा पासपोर्ट ठ6411932 जिसमें नाम रवि प्रताप सिंह व जन्मतिथि 15.11.1999 दर्ज है। हालांकि की दोनों पासपोर्ट में पता गगहा थाना क्षेत्र के परेसापार गांव ही दर्ज है। मामले की पुष्टि होने पर पुलिस ने संबंधित रिकॉर्ड जब्त कर लिए हैं और पासपोर्ट कार्यालय को भी सूचित किया गया है। एसपी साऊथ दिनेश कुमार पूरी का कहना है कि इस तरह की धोखाधड़ी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर अपराध है, इसलिए मामले में सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जांच में यह बात भी सामने आया है की गांव के ही एक दलाल की डबल पासपोर्ट बनवाने की भूमिका है। उसने गांव में कई लोगों के पासपोर्ट बनाए हैं। परेसापार गांव के ही एक युवक प्रेम सिंह की भी कूटरचित तरिके से दो पासपोर्ट बनवाने की शिकायत गांव के ही विनोद सिंह ने की है। आरोपी ने एक पासपोर्ट र6746894 प्रेम सिंह नाम से बनवाया है जिसमें जन्मतिथि 29.3.2002दर्ज की है। इसमें पिता का नाम अभिमन्यु सिंह और माता का नाम साधना सिंह दर्ज है। उसने दूसरा पासपोर्ट 8769 399 रुद्राक्ष सिंह के नाम से बनवाया है जिसमें जन्मतिथि 04.03.1999 है। इसमें पिता का नाम अभिमन्यु सिंह और माता का नाम उषा सिंह दर्ज है।

# नव वर्ष पर होगा सरयू महोत्सव का आयोजन

## मां सरयू के पावन तट पर दीपदान के साथ होगी महाआरती



गोला, गोरखपुर। छोटी अयोध्या के नाम से विख्यात उपनगर गोला में गत वर्षों की भांति इस साल भी नव वर्ष के पहले दिन विभिन्न आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य सरयू महोत्सव का आयोजन कर नूतन वर्ष 2026 का भव्य स्वागत किया जाएगा। नव वर्ष के स्वागत में मां सरयू के पावन तट हजारों दीप जलाकर दीपदान और महाआरती किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं सरयू महोत्सव आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य शत्रुघ्न कसौधन ने बताया कि नूतन वर्ष के स्वागत में छोटी अयोध्या उपनगर गोला के सरयू तट एवं ऐतिहासिक रसिक बिहारी जी मंदिर प्रांगण में सरयू महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार एक जनवरी 2026 दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे से भगवान की शिव चर्चा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। तदुपरांत अन्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन होगा। और संध्याकाल से पूर्व नगरवासियों द्वारा दीपदान कर सरयू तट को हजारों दीपों से सजाया जाएगा तथा मां गंगा व सरयू की भव्य झांकी का आयोजन होगा। और फिर मां सरयू की भव्य महाआरती कर लोक मंगल की कामना किया जाएगा। श्री कसौधन ने सभी नगर वासियों से भारी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर दीपदान करने की अपील किया।

## नव वर्ष 2026 पर गोरखपुर पुलिस अधिकारियों ने दी मंगलमय शुभकामनाएं

गोरखपुर। नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर गोरखपुर जोन के एडीजी जोन मुथा अशोक जैन, गोरखपुर रेंज के डीआईजी एस. चनप्पा एवं जनपद गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने आमजन को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधिकारियों ने कामना की कि नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

पुलिस अधिकारियों ने जनपदवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोरखपुर पुलिस कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनसेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वर्ष 2026 में पुलिस जनता की अपेक्षाओं पर और बेहतर ढंग से खरा उतरेगी तथा अपराध मुक्त और सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

# अपूर्ण योजनाओं का दंश झेल रहे बिजली उपभोक्ता

## गांवों तक पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ रहीं बिजली विभाग की योजनाएं

मझगांवा, गोरखपुर। विद्युत उपकेंद्र मझगावां क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था दिन-प्रतिदिन लचरता जा रहा है। एक तरफ केन्द्र व राज्य सरकार जहां उपभोक्ताओं को सुरक्षित सुलभ बिजली पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं तो वहीं दूसरी तरफ विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से योजनाओं पर पलीता लग रहा है।

सरकारी मनसा लो वोल्टेज, लाइन लास व सुरक्षा की दृष्टि से केबलिंग जैसी योजनाएं अधिकारियों कि लापरवाही के कारण पटल पर पहुंचते पहुंचते दम तोड़ती नजर आ रही है। जिसको लेकर उपभोक्ताओं में काफी जनाक्रोश व्याप्त है, संदीप चन्द कौशिक, इन्द्र जीत सिंह, विष्णु वर्मा, आनन्द जयसवाल, आयुष चन्द कौशिक, उत्कर्ष सिंह, विनय गुप्ता, शुशील कशौधन, मजीद, कमलेश, शिवांक चन्द कौशिक, दीपक गुप्ता आदि ने बताया कि गांव के टीचर्स कॉलोनी में लगभग शाम सात बजे फ्यूज उड़ने के कारण आधे से अधिक घरों में अंधेरा छाया रहा सुबह लगभग 6.30 बजे तार पर कौवा के बैठते ही तार लगभग पांच मिनट तक आपस में तड़तड़ाते हुए टूट कर नीचे लटक गये संयोग अच्छा था कि कोई अनहोनी नहीं हुई। अभी यहां का ठीक नहीं हुआ तो पता चला कि बीच गांव में बर्फ फैक्ट्री वाले रोड तार गिरने से बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई है। संविदा कर्मियों की मेहनत से लगभग दोपहर लगभग 12.00 बजें आपूर्ति बहाल हुई। सभी उपभोक्ताओं का कहना हैं कि विभाग को सबसे अधिक राजस्व देने वाला हाटा बाजार है यहां पर एक दशक पूर्व जर्जर तार बदलवाने का कार्य शुरू हुआ था अभी 25 प्रतिशत ही कार्य हुए थे, तभी एक लाइन मैन का करंट लगने से मृत्यु हो गया और कार्य हो गया। फिर अधिकारियों से बात हुई तो पता चला कि सरकारी योजना रीवैम्पट के तहत गांव में केबलिंग कर समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। जब गांव में केबलिंग कार्य शुरू हुआ तो ग्रामीणों को लगा कि अब लो बोल्टेज व लोकल फाल्ट से स्थायी रुप से निदान मिल जाएगा लेकिन इस गांव में पहुंचते ही इस योजना पर भी लग रहा है कि ग्रहण लग गया है जब भी किसी विभागीय कर्मचारियों या फिर ठेकेदार से बात हुई तो गर्मी के दिन में तार व पोल गर्म व बरसात के मौसम में बरसात और ठंढ़ के मौसम ठंढ़ लगने का कारण बताते रहे और जल्दी कार्य पूर्ण कराने की बात सुनाते रहे। लोगों का कहना था कि यहां पर विभागीय अधिकारी या कर्मचारी कि शिकायत करने वालों को तरह-तरह की विभागीय यातनाओं को सहना पड़ता है। अगर विभागीय कर्मचारियों को कोई सूचना लेनी हो या देनी हो तो मानो पत्थर पर घास उगाने के बराबर है और कभी बात भी होती है तो बताते हैं कि प्रोसेसिंग में है बहुत जल्द ठीक हो जाएगा।

*इस संदर्भ में अवर अभियंता अरुण प्रताप सिंह का कहना है कि अभी हमें दो महीने यहां आए हुआ है केबलिंग कार्य अपूर्ण है जिसको पुरा कराने के लिए रिपोर्ट बनाकर भेजा गया है। हम हमेशा प्रयासरत रहते है कि सभी उपभोक्ता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।*

# सदर विधायक ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद् घाटन



इटावा। जनपद प्रर्दशनी के तत्वावधान में जीआईसी मैदान पर क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया पहला मैच एस एम जी आई और लखनऊ की टीम के मध्य हुआ, कार्यक्रम संयोजक इटावा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश सिंह चैहान ने सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का शाल, माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नुमाइश कमेटी के जनरल सेक्रेटरी एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव और जिला क्रीड़ा अधिकारी सर्वेन्द सिंह चैहान का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिला कर परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन के दौरान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, इरशाद मेव, कामिल कुरैशी, हाजी शेख आफताब, रियाज अब्बासी, सुनील कुशवाहा, धर्मेन्द्र यादव, आफताब, शंशाक पाठक, गुलजार अहमद गामा, चित्रा परिहार, श्याम चैधरी सहित आयोजक मंडल के लोग मौजूद रहे। उद्घाटन मैच में एसएमजीआई ने लखनऊ की टीम को हराया।

## विकास खंड की सड़क दस माह में ही उखड़ी, ग्रामीण परेशान



चकरनगर, इटावा। विकास खंड चकरनगर के अंतर्गत राजपुर सीएचसी केंद्र व ब्लाक कार्यालय को जोड़ने वाली करीब 200 मीटर सड़क जनवरी माह में लगभग दस लाख रुपये की लागत से बनाई गई थी, लेकिन घटिया निर्माण सामग्री के कारण यह सड़क मात्र दस माह में ही पूरी तरह उखड़ गई। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने मिट्टी युक्त बालू व कमजोर सीमेंट का उपयोग किया गया, जिससे सड़क एक माह बाद ही उखड़नी शुरू ही गई थी। खराब सड़क निर्माण कार्य में हैरान करने वाली बात यह है कि इसी मार्ग से बीडीओ, एडीओ, जेई व सचिव रोजाना गुजरते हैं। निरीक्षण के दौरान सीडीओ, एसडीएम व डीडीओ सहित उच्चाधिकारी भी इसी रास्ते से आते-जाते हैं, फिर भी किसी ने सड़क की बिगड़ी हालत पर ध्यान नहीं दिया। जगह-जगह उखड़ी गिट्टी सड़क के खराब निर्माण की कहानी स्वयं ही बयां कर रही है। क्षेत्र की जनता का कहना है कि पहले की सड़क इस नई सड़क से बेहतर थी। ठेकेदार ने अधिकारियों की मिलीभगत से कमीशनखोरी में घटिया काम कराया, जिसका खामियाजा अब जनता भुगत रही है। सड़क की दयनीय स्थिति से सबसे अधिक परेशान वे लोग हैं जिन्हें रोजाना विकास खंड कार्यालय और सीएचसी तक जाना पड़ता है। बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाना अब चुनौती बन गया है। उखड़ी गिट्टी पर फिसलने से एंबुलेंस व अन्य वाहन कछुआ गति से चल रहे हैं। कई बार वाहनों के देर से पहुंचने पर मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है। यदुवीर सिंह राजपूत, बीडिओ चकरनगर ने बताया कि दस माह में सड़क उखड़ गयी, तो गलत है, इसकी जांच कराई जायेगी।

## बगल का युवक किशोरी से करता है छेड़खानी, मना करने पर देता है मारने की धमकी

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली एक किशोरी को गाँव का ही एक युवक लगभग छह महीने से अकेला पाकर छेड़छाड़ करता है। किशोरी की मां के तहरीर पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस की धारा 78, 296, 352 के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुर कर दी है। किशोरी की मां चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई कि गांव का ही एक लड़का मेरी वेटी को अकेला पाकर गलत बाते करता है। बात करने के लिये उसे मोबाइल देने का प्रयास करता है।

# उपभोक्ताओं ने बकाया के 41 लाख रूपये जमा कराये

ऊसराहार, इटावा। बिजली के बकाया बिलो मे चल रही सरकार की भारी छूट पाने के लिए ताखा मे उपभोक्ताओं ने विभाग के खजाने मे बकाया बिल के पैसे खूब जमा किये अतिंम दिन जंहा 125 उपभोक्ताओं ने बिल जमा करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराए वही 285 उपभोक्ताओं ने बकाया बिलो के 41 लाख रूपए जमा किए। प्रदेश सरकार द्वारा इस समय बिजली के पुराने बिलो को जमा करने मे मिल रही भारी छूट का उपभोक्ताओं ने खूब लाभ लिया है दिसबंर माह मे पुराने बिलो को जमा कराने के लिए 2000 रूपए जमा कर रजिस्ट्रेशन कराना पडता है जिसके बाद ब्याज मे सौ प्रतिशत और मूलधन मे पच्चीस प्रतिशत छूट उपभोक्ताओं को मिलती है रजिस्ट्रेशन फीस भी बिल मे जमा कर ली जाती है पुराने बिजली बिल के बोझ से जूझ रहे उपभोक्ताओं के लिए योगी सरकार की बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का पहला चरण 31 दिसबर. को समाप्त हो गया है 31 दिसंबर तक जिन उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है उन्हे ब्याज की पूरी छूट के साथ मूलधन मे पच्चीस प्रतिशत की छूट मिली है जबकि एक जनवरी से दूसरे चरण के रजिस्ट्रेशन होंगे जिनमे ब्याज मे छूट पहले की तरह रहेगी लेकिन मूलधन मे पच्चीस की जगह बीस प्रतिशत की छूट रहेगी इसीलिए पहले चरण में ताखा के उपभोक्ताओं ने अपने पुराने बिलो को खूब जमा किया है जानकारी देते हुए बताया अवर अभियन्ता सतेंद्र कुमार ने बताया पहले चरण मे विद्युत वितरण उपखण्ड ऊसराहार मे लगभग 285 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल राहत योजना का लाभ प्राप्त किया है इन उपभोक्ताओं ने ब्याज मे सौ प्रतिशत और मूलधन मे पच्चीस प्रतिशत लाभ लेते हुए विभाग मे पुराने बकाए का 41 लाख रूपया जमा किया है साथ ही पहले चरण की योजना का आगे लाभ पाने के लिए 125 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है विद्युत उपकेंद्र ताखा मे उपभोक्ताओं के बिल जमा कराने के लिए साल के अतिंम दिन अधिशाषी अभियंता कृष्ण कुमार एसडीओ ताखा कौशलेंद्र सिंह अवर अभियंता सतेंद्र एवं लिपिक मुकेश प्रजापति सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिल बकाया पर 10 दिन से काटी गई विद्युत सप्लाई

चकरनगर, इटावा। विद्युत बिल जमा न करने पर जूनियर इंजीनियर ने एक पूरे मोहल्ले की विद्युत सप्लाई काट दी। दस दिन से विद्युत सप्लाई बंद होने से मुहल्ले की जनता में ऐसी भीषण हाड़ कपाऊ ठंड में हा-हाकार मचा है। बिल जमा करने पर भी विद्युत सप्लाई संचालित न कराने पर जनता में भारी आक्रोश है। तहसील क्षेत्र चकरनगर के गांव हनुमंतपुरा निवासी ब्रगमानंन्द, रवि, रनवीर, राघवेन्द, बलवीर पूर्व प्रधान, तुलाराम, भानू, जगत सिंह, कुंअर सिंह आदि ने बताया कि हमारे मोहल्ले की विद्युत सप्लाई हनुमंतपुर विद्युत उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर राजा बाबू के द्वारा विगत करीब दस दिन पूर्व विद्युत बिल बकाया होने पर काट दी गई थी। इसके बाद मोहल्ले की लगभग 10 से 15 लोगों के द्वारा पूरे बिल का भुगतान कर दिया गया है। इसके बाद भी विद्युत सप्लाई संचालित नहीं की गई है। ऐसी भयंकर हाड़ कपाऊ ठंड में लोग पानी के लिए बहुत परेशान है। जानवरों के लिए भी पानी नहीं है। मोहल्ला के लोगों में पानी के लिए हा-हाकार मचा है और विद्युत कर्मी सुनने को तैयार नहीं है। दो दिन से विद्युत सप्लाई संचालित करने की बात तो कह रहे हैं, लेकिन संचालित नहीं कर रहे है।

## अधेड़ के शव की नहीं हुई शिनाख्त

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे किनारे गांव मनियांमऊ सामने बनी मठिया के पास बुधवार दोपहर बाद 50 वर्षीय अधेड का शव मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आस पास के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता हाथ नही लगने पर शव को मोर्चरी भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चैहान ने बताया व्यक्ति की मौत का कारण प्रथम दृष्टया ठंड लगने से होना प्रतीक हो रहा है।

लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश

कुप्रशासन — प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील — भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–

पताः– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

संक्षेप

## विजयपाल वन्य जीव रक्षक का हुआ प्रमोशन



पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया-खीरी की दक्षिण सोनारीपुर रेंज में कार्यरत विजय पाल वन्य जीव रक्षक का वन दरोगा के पद पर पदोन्नति उपरांत जगदीश आर उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया-खीरी द्वारा वैज लगाकर सम्मानित किया किया गया।

## दवा लेकर लौटते समय किशोर की मौत

जसवन्तनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव कुरसेना निवासी इरफान के 13 वर्षीय पुत्र छोटू की तबीयत खराब होने पर परिजन उसे इलाज के लिए आगरा के एक निजी अस्पताल ले गए थे। इलाज के बाद जब परिजन एंबुलेंस से किशोर को वापस अपने गांव ला रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मीठेपुर के समीप उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। घबराए परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवन्तनगर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी की सूचना पर थानाध्यक्ष कमल भाटी उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी व कांस्टेबल अवनीश के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया समझाई, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद परिजन मृत किशोर का शव लेकर अपने घर चले गए। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## परशुराम समिति का सदस्यता अभियान आज से

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति का सदस्यता अभियान एक जनवरी से शुरू किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सशील सम्राट ने बताया कि समिति की वर्ष 2026 की वार्षिक सदस्यता 1 जनवरी से शुरू की जाएगी जो 31 जनवरी तक चलेगी। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारियों को दी गयी है। इसके साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा स समिति के सदस्य बनने के इच्छुक लोगों को वार्षिक सदस्यता शुल्क 100 रुपये व आधार कार्ड की फोटो कॉपी, दो पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ सदस्यता फार्म भरकर प्रदेश अथवा जिला कार्यालय पर जमा करना होगा। इसके अलावा मोबाइल नम्बर 9719572263 गूगल पे पर सदस्यता शुल्क जमा करके व्हाटसएप नम्बर 9412185887 पर डिटेल भेज सकते हैं।

## टीबी से परेशान किसान ने खेत पर दी जान

इटावा। चकरनगर में टीबी की बीमारी से पीड़ित एक किसान ने आत्महत्या कर ली। किसान ने गांव के बाहर खेत पर नीम के पेड़ से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। वह घर से फसल की रखवाली करने जाने की बात कहकर निकला था। एक चरवाहे की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। यह घटना सहसों थाना क्षेत्र के गांव बदनपुरा में मंगलवार दोपहर को हुई। 48 वर्षीय राजवीर सिंह गुर्जर ने टीबी की गंभीर बीमारी से परेशान होकर यह कदम उठाया। उनके बड़े भाई राम नरेश गुर्जर ने बताया कि राजवीर सोमवार सुबह करीब 11 बजे खेत पर फसल देखने की बात कहकर घर से निकले थे। जब वह देर तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। मंगलवार दोपहर खेतों पर फसल की रखवाली कर रहे कंजर समुदाय के कुछ लोग पानी भरने गांव की ओर आ रहे थे। तभी उनकी नजर नीम के पेड़ से लटकते राजवीर के शव पर पड़ी। इस सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल परिजनों और सहसों थाना पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजवीर अपने बड़े भाई रामनरेश के साथ रहते थे। परिजनों के अनुसार, वह पिछले लगभग पांच वर्षों से टीबी की बीमारी से जूझ रहे थे, जिसके कारण वे मानसिक तनाव में रहते थे। मंगलवार दोपहर को परिजनों ने पचनदा संगम पर राजवीर का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# खुली बैठक में हुआ कोटे का चयन

## शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह के नाम आवंटन



मझगांवा, गोरखपुर। विकास खंड गगहा की ग्राम पंचायत जीवकर में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान बर्खास्त होने के छः माह बाद ग्रामीणों ने खुली बैठक कर दुकान के विक्रेता का चयन बुद्धवार को कर लिया।

प्राथमिक विद्यालय जीवकर पर हुई बैठक में चुनाव अधिकारी ब्लाक गगहा के ए डी ओ आई एस बी के यम दास ने सर्वप्रथम ग्रामीणों के समक्ष दुकान के चयन से संबंधित प्रस्ताव के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि दुकान के विक्रेता के चयन में ग्राम सभा में संचालित समूह को प्रथम वरीयता दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम में कुल छः समूह कार्यशील हैं। तीन घंटे तक चली खुली बैठक में शिव शक्ति स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष शांती मिश्रा ने ने अपना आवेदन दिया। काफी इंतजार के बाद भी कोई आवेदन न मिलने पर शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह का चयन कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रामबचन यादव ने किया। उक्त अवसर पर थाना प्रभारी गगहा अंजुल चतुर्वेदी, बांसगांव तहसील के पूर्ति निरीक्षक विनोद कुमार, पंचायत सचिव अभिषेक कुमार, पूर्व प्रधान सरितेश मिश्र, अमित सिंह, पीताम्बर यादव, रामप्रवेश पांडेय, भृगुनाथ तिवारी, रामसकल यादव, भोलू यादव, जीतबंधन गिरी, वेदप्रकाश मिश्र, रामशब्द यादव, अभिषेक यादव, गोबिंद मिश्रा, हनुमान मिश्र, आनंद मिश्र, राजू मिश्रा, शंकर प्रसाद, चंद्रदेव, सुधीर व संतोष सावरिया सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## परिवहन कार्यालय में फिटनेस की व्यापारियों ने की मांग



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत लखीमपुर द्वारा एक ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार रस्तोगी को सौंपा गया। ज्ञापन देकर बताया कि सड़क एवं परिवहन मंत्रालय द्वारा यह निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिले में तीन-तीन फिटनेस सेंटर खोले जाएंगे या पहल सराहनीय है। पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और सेवा में सुधार आने की संभावना है किंतु वर्तमान में अधिकांश जिलों में केवल एक ही फिटनेस सेंटर संचालित हो रहे हैं। जिससे वाहन वाहन स्वामियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एकमात्र फिटनेस सेंटर होने से वाहन स्वामियों से अनावश्यक शुल्क की मांग की जा रही है जो कि भ्रष्टाचार को कहीं ना कहीं बढ़ावा देता है। प्राइवेट फिटनेस सेंटर के क्रियाशील होने के साथ सरकारी फिटनेस सेंटर को बंद ना किया जाए सभी केंद्र की नियमित निगरानी की जाए व एक हेल्पलाइन नंबर या पोर्टल प्रारंभ किया जाए जहां वाहन स्वामी अपनी शिकायत दर्ज कर सके प्रत्येक जिले में एक स्थाई निरीक्षण समिति गठित की जाए जिसमें जिला प्रशासन परिवहन विभाग तथा स्थानीय ट्रांसपोर्टर से संबंधित दो व्यक्तियों को शामिल किया जाए। ज्ञापन के अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला महामंत्री उमेश शुक्ला, संरक्षक सुरेंद्र तोलानी, नगर अध्यक्ष शिव तोलानी, राकेश बरनवाल, विकास वर्मा, रियाज हबीबी, नसीम खान, सुनील वर्मा, मनमोहन मेहता, विजय त्रिवेदी, आशीष अवस्थी, जसप्रीत सिंह, सीमा गुप्ता, योगी सचदेवा, चंद्रशेखर शुक्ला सहित आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग का बाघ ने किया शिकार



धौरहरा खीरी। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के मंगरौली गांव निवासी सिराजुद्दीन उर्फ भूरे हलवाई मंगलवार को दहौरा नाले की ओर हरदुहा पुल के पास गोंदी काटने गया था। वही बाघ ने हमला कर मार डाला सुबह उसका अधखाया शव वन विभाग और पुलिस टीम ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दुधवा टाइगर बफर जोन के वन रेंज धौरहरा के मंगरौली गांव निवासी सिराजुद्दीन (65) मंगलवार शांम को हरदुहा पुल के पास गोंदी घास काटने गए थे। वही दहौरा नाले की तलहटी में बैठे बाघ ने उसपर हमला कर मार डाला। जब शांम तक सिराजुद्दीन अपने घर नहीं पहुंचे तो उनके परिवार वाले ग्रामीणों को लेकर खोजने निकले, पुल के पास उनकी साइकिल मिली। जिससे परिजनों को आसंका हुई और पुलिस एवं वन विभाग को सूचना दी। मृतक के बेटे इसरार की सूचना पर वन विभाग और पुलिस टीम पहुंची और तलाश सुरू की। बुधवार सुबह करीब 10 बजे सिराजुद्दीन का अधखाया शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया हमलावर बाघ है या तेंदुआ पदचिन्हों के आधार पर जांच की जा रही है। शव देखने से तेंदुआ के हमले की ही आसंका है।

## अभद्र टिप्पणी के आरोप में युवक पर मुकदमा दर्ज

सिंगाही खीरी। कस्बे के रहने वाले एक युवक को हिन्दू देवी देवताओं व बजरंग दल संगठन के खिलाफ अमर्यादित बयानबाजी करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल। सिंगाही थाना के प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 196(1)( ) (किसी धर्म या दल के प्रति विद्वेषपूर्ण या अपमानजनक सामग्री का प्रकाशन या प्रसारण करना) के तहत सिंगाही थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट में युवक तस्लीम पुत्र राजू कादरी को नामजद किया है। बजरंग दल कार्यकर्ता रवि कुमार विश्वकर्मा नामक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा की कस्बे के एक युवक तस्लीम पुत्र राजू कादरी ने हिन्दू देवी देवताओं एवं बजरंग दल संगठन को लेकर अमर्यादित बोल बोले। युवक के अभद्र भाषा के प्रयोग करने पर बजरंग दल कार्यकताओं ने मंगलवार को युवक तस्लीम को करीब शाम 3 बजे पकड़कर थाने ले जाकर पुलिस के सुपुर्द किया। युवक के सुपुर्दगी के बाद स्थिति को बिगड़ता देख देर रात थाने पहुंचे एडिशनल एसपी पवन गौतम, सीओ धौराहरा शमशेर बहादुर, सीओ निघासन शिवम कुमार ने सिंगाही थाने पर पहुंच कर स्थित को संभाला। थाना प्रभारी के अनुसार स्थित नियंत्रण में है।

## वकील पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से वकीलों की हड़ताल शुरू

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर में 26 दिसंबर को दिनदहाड़े अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज सेंट्रल बार एसोसिएशन ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल का नेतृत्व बार अध्यक्ष केके शुक्ला गुड्डू और मंत्री अनूप वर्मा कर रहे हैं। मोहल्ला तीर्थ निवासी अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला पुत्र चेतराम शुक्ला ने कोतवाली में तहरीर देकर कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार वह 26 दिसंबर की शाम करीब 4 बजकर 45 मिनट पर तहसील से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान सब्जी मंडी गोला के पास वाल्मीकि पार्क के सामने रवि गुप्ता उर्फ मोन्टी, उसका भाई विजय प्रकाश गुप्ता और तीन अज्ञात लोग पहुंचे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में अधिवक्ता के हाथ में गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने उनकी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी और बैनामे के लिए रखे गए 1 लाख 20 हजार रुपये लूट लिए। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी फाड़ दिए गए। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से अधिवक्ताओं में आक्रोश है। सेंट्रल बार एसोसिएशन ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान किया है।

## श्रीमद्‌भागवत कथा में सीता स्वयंवर का प्रसंग



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वामी विवेकानन्द बाल उद्यान में प्रवाहित हो रही श्री राम कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास आचार्य अजयानंद महाराज ने प्रभु श्रीराम की बाल लीलाओं, अहिल्या उद्धार और सीता स्वयंवर की भावपूर्ण कथा सुनाई। कथा श्रवण के दौरान पंडाल राममय हो उठा और श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथा व्यास ने बताया कि गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार कर प्रभु श्रीराम गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी में प्रवेश करते हैं। जनकपुरी की अनुपम शोभा देखकर राम और लक्ष्मण चमत्कृत हो उठते हैं, वहीं नगरवासी प्रभु श्रीराम के दर्शन को अपना परम सौभाग्य मानते हैं। रात्रि विश्राम के बाद लक्ष्मण के आग्रह पर गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से प्रभु श्रीराम पुष्प वाटिका जाते हैं। इसी पुष्प वाटिका में माता सीता और प्रभु श्रीराम की प्रथम भेंट होती है। कथा व्यास ने सीता की सुंदरता का वर्णन करते हुए मानस चैपाइयों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सीता स्वयंवर की कथा में बताया गया कि देश-विदेश से आए अनेक राजा शिव धनुष को हिलाने तक में असफल रहे, जिससे राजा जनक व्याकुल हो उठे। तभी गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर प्रभु श्रीराम धनुष भंग के लिए आगे बढ़ते हैं। धनुष टूटते ही समस्त दिशाओं में उसकी गूंज फैल गई और देवताओं ने आकाश से पुष्प वर्षा की। धनुष भंग की लीला सुनते ही कथा पंडाल में मौजूद श्रोता आनंद से झूम उठे। कई श्रद्धालु भावावेश में नृत्य करने लगे और पुष्पों की वर्षा कर प्रभु श्रीराम का जयघोष किया। इस अवसर पर मनोज मिश्र, आलोक बाजपेयी, नीलम बाजपेयी, काजल शुक्ला, शिवांगी, प्रमिला गुप्ता, शशिबाला रावड़ा, आदर्श शुक्ला, जया अग्निहोत्री, मुन्ना लाल मिश्र, राम लखन त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत भैसान में सामुदायिक अध्ययन केंद्र का शुभारंभ

जसवंतनगर, इटावा। ग्राम पंचायत भैसान स्थित पंचायत भवन में बुधवार को नए सामुदायिक अध्ययन केंद्र का उद्घाटन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता उर्फ अन्नू ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शिवदीप, ग्राम सचिव वरुण कुमार, पंचायत सहायक धर्मेंद्र अग्निहोत्री, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अजय धाकरे, प्रशांत राय चैबे और आशीष अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम सचिव वरुण कुमार ने बताया कि इस सामुदायिक अध्ययन केंद्र का उद्देश्य गांव के छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, किसानों और आम नागरिकों को अध्ययन के लिए शांत, सुरक्षित और सुलभ वातावरण उपलब्ध कराना है। केंद्र में शैक्षिक पुस्तकें, सामान्य ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित सामग्री तथा जनकल्याण योजनाओं पर आधारित पुस्तकों की व्यवस्था की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी समाज की बौद्धिक रीढ़ होते हैं। इनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी शहरी स्तर की शिक्षा और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह केंद्र गांव में शैक्षिक वातावरण को मजबूत करेगा और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने इसे ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए सराहना की।

## 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का रिकॉर्ड समय में चयन

- चयन समिति ने पूरी पारदर्शिता से पूरी की प्रक्रिया

लखीमपुर खीरी। नववर्ष से पहले 12 आंगनबाड़ी केंद्रों को नई कार्यकत्रियों की सौगात मिली। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की निर्देशन में सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय चयन समिति ने प्रदेश में रिकॉर्ड समय में चयन प्रक्रिया पूरी कर दिखाया और यह सुनिश्चित किया कि हर कदम पर पारदर्शिता बरकरार रहे। जानकारी के अनुसार, 10 नवंबर को विज्ञापन जारी होने के बाद 1 दिसंबर तक 1200 अभ्यर्थियों ने 12 पदों के लिए आवेदन किया। सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में चयन समिति ने अभिलेखों का गहन परीक्षण कर शासनादेश के अनुसार वरीयता क्रम तय किया और योग्य 12 अभ्यर्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हमने इस चयन प्रक्रिया में न केवल गति पर ध्यान दिया बल्कि पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता भी सुनिश्चित की। हमारा उद्देश्य है कि हर योग्य अभ्यर्थी तक उसका हक पहुंचे। इन आंगनबाड़ी केंद्रों को मिली अपनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री खमरिया-2, सिंगाही पूरब टोला, सिसौरा नासिर, रसूलपुर-1, जमहौरा, कल्लुआमोती जिगनिया, भंगेली-2, फरसहिया-1, निबुआबोझ - 1, त्रिलोकपुर-4, देवमनिया-2।

## मतदाता सूची सुधार अभियान को लेकर विधायक ने की बैठक



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।** क्षेत्र के ग्राम बिजुआ, अम्बारा, बस्तौली और नौगमा में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। बैठक के मुख्य अतिथि विधायक अमन अरविंद गिरि ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने पूरी पारदर्शिता और निष्ठा के साथ संपन्न कराया है। उन्होंने कार्यकताओं से अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने और लोकतंत्र को मजबूत करने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में कार्यकर्ता सजगता के साथ कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में कार्यकताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। बैठक के दौरान विधायक ने सभी को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य बच्चू सिंह, जिला महामंत्री महिला मोर्चा गंगा देवी, प्रधान मुनीश वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कश्मीर सिंह, अनिल दीक्षित, आदित्य मोहन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधिशासी अधिकारी व लिपिक का गठजोड़ उजागर

धौरहरा खीरी। नगर पंचायत धौरहरा प्रशासन के द्वारा सरकारी पैसे से नगर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में लापरवाही व गड़बड़ी करने के मामले सामने आ रहें हैं। सूत्रों के अनुसार उपरोक्त मामलों के पीछे कार्यालय लिपिक व अधिशासी अधिकारी की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। जानकारी के मुताबिक नगरीय क्षेत्र में सरकारी पैसे से चल रहे विकास कार्यों में चल रही गड़बड़ियों के बीच में नगर पंचायत की भूमिका संदेहास्पद दिखाई दे रही है। सूत्रों के अनुसार पंचायत के अधिशासी अधिकारी व लिपिक के गठजोड़ के चलते नगर में चल रहे सड़क नाला निर्माण कार्यों में ठेकेदारो द्वारा की जा रही भारी अनियमितता की शिकायतें हवा में तैर रही है और तो और वर्तमान समय में चल रही शीत लहर से आम आदमी को बचाने के लिए पंचायत प्रशासन ने गीली लकड़ी से अलाव जलाकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते नजर आ रहे हैं। मजे की बात यह है कि कस्बे में स्थित बारात घर में दो बार टेंडर होने के साथ आज भी निर्माण कार्य अधूरा होने के चलते दयनीय स्थिति में मौजूद हैं।

# अंतरराष्ट्रीय आइस स्कल्पचर प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी अभ्युदय टीम



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।** अभ्युदय टीम इंडिया इंटरनेशनल आइस एंड स्नो स्कल्पचर इवेंट 2026 में भाग लेने के लिए चीन रवाना हो गई है। टीम 31 दिसंबर की रात इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नई दिल्ली से हार्बिन (चीन) के लिए प्रस्थान करेगी, जहां भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करेगी।

हार्बिन (चीन) में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन के तहत अभ्युदय टीम इंडिया दो प्रमुख प्रतियोगिताओं में भाग लेगी। पहली प्रतियोगिता 37वीं इंटरनेशनल आइस स्कल्पचर कंपटीशन है, जो 2 से 4 जनवरी तक आयोजित होगी। इसमें दो-दो सदस्यों की दो टीमें अत्यधिक कम तापमान में बर्फ पर आइस स्कल्पचर का निर्माण करेंगी। दूसरी और मुख्य प्रतियोगिता 28वीं हार्बिन इंटरनेशनल स्नो स्कल्पचर कंपटीशन है, जो 6 से 9 जनवरी तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में चार सदस्यों की टीम बड़े स्तर पर स्नो स्कल्पचर तैयार करेगी, जिसमें टीमवर्क, तकनीकी दक्षता और शारीरिक सहनशक्ति की कड़ी परीक्षा होगी। दोनों प्रतियोगिताओं के बाद टीम 11 जनवरी को भारत लौटेगी। गौरतलब है कि हार्बिन में यह प्रतियोगिता माइनस 20 से 30 डिग्री सेल्सियस के तापमान में आयोजित होती है। ऐसे चुनौतीपूर्ण हालातों में अभ्युदय टीम इंडिया पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ भाग ले रही है। टीम इससे पहले जापान कप 2019, अमेरिका के ब्रेकनरिज में आयोजित इंटरनेशनल स्नो स्कल्पचर चैंपियनशिप में आर्टिस्ट चॉइस अवार्ड सहित कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान हासिल कर चुकी है। इसके अलावा चीन और अन्य देशों में भी टीम को कई बार उत्कृष्टता पुरस्कार मिल चुके हैं। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम के सदस्य रवि प्रकाश (बिहार), सुनील कुमार कुशवाहा (मध्य प्रदेश), रजनीश वर्मा उत्तर प्रदेश के लखीमपुर जिले के गोला गोकर्णनाथ, मोहम्मद सुल्तान आलम (दिल्ली) और अभिनव आचार्य (दिल्ली) शामिल हैं। टीम के साथ पहली बार मेंटर के रूप में अभिनव आचार्य भी जा रहे हैं। अभ्युदय टीम इंडिया को विश्व समन्वय संघ, राजघाट, नई दिल्ली द्वारा टिकट, यूनिफॉर्म, टूल्स और अन्य आवश्यक खर्चों में वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है। टीम ने सहयोग के लिए संस्था के प्रति आभार जताया है। टीम ने देशवासियों से अपील की है कि वे इस अनूठी कला को आगे बढ़ाने के लिए नैतिक और सामाजिक सहयोग करें, ताकि भारत की पहचान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर और मजबूत हो सके।

# वादों और दावों में बीत गया साल, उम्मीदों के सहारे नये वर्ष की शुरुआत

- रेल, गन्ना भुगतान और विकास योजनाएं रहीं चर्चा में
- गोकर्ण कॉरिडोर से खुशी, जाम बना सिरदर्द
- अपराध और चोरी की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता
- खेल और सांस्कृतिक आयोजनों ने दी कुछ राहत

मन्दीप कुमार वर्मा



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।** खट्टी-मीठी यादों के साथ वर्ष 2025 बीत गया और नए वर्ष की पहली सुबह शहरवासियों के लिए नई उम्मीदों की किरण लेकर आई है। लोगों को उम्मीद है कि आने वाले समय में शहर को वे बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी, जिनका इंतजार वर्षों से किया जा रहा है। हालांकि बीते वर्ष पर नजर डालें तो सियासी नेताओं के दावे और वादों के बीच कब पूरा साल गुजर गया, इसका एहसास आमजन को ही नहीं हुआ। बीते वर्ष पुलिस कई बड़ी घटनाओं के खुलासे में नाकाम रही। राजनीतिक दबावों के बीच कानून-व्यवस्था भी सवालों के घेरे में रही। लखनऊ-मैलानी रेलखंड पर बरेली, दिल्ली, मुंबई और पंजाब जैसे बड़े शहरों के लिए सीधी रेल सेवा न मिलने से लोगों में निराशा बनी रही। हालांकि रेलवे की ओर से बरेली से चलने वाली आला हजरत और बरेली-भुज एक्सप्रेस के लखनऊ-मैलानी रेलखंड तक विस्तार का प्रस्ताव रेल मंत्रालय को भेजे जाने से नए वर्ष में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात की यात्रा सुगम होने की उम्मीद जगी है। बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल पर गत सत्र और चालू सत्र के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर पूरे साल किसान संगठनों की उठा-पटक चलती रही, लेकिन इसके बावजूद बीते वर्ष में किसानों को बकाया भुगतान नहीं मिल सका। प्रेक्षागृह, स्टेडियम और रिंग रोड जैसी योजनाओं को लेकर भी लोगों में बड़ी उम्मीदें थीं, मगर जनप्रतिनिधि इन पर खरे नहीं उतर सके। गोकर्ण कॉरिडोर का निर्माण शुरू होने से जहां लोगों में खुशी दिखाई दी, वहीं शहर को जाम की गंभीर समस्या का सामना भी करना पड़ा। जाम से निजात दिलाने के लिए तैयार किया गया ई-रिक्शा संचालन प्लान भी राजनीतिक खींचतान की भेंट चढ़ गया। तहसील

### अलविदा 2025

दिवस औपचारिकता बनकर रह गए, पीड़ितों को ठोस राहत नहीं मिली, जबकि कागजी कार्रवाई जरूर पूरी होती रही। अपराध की स्थिति पर नजर डालें तो वर्ष की शुरूआत से ही बदमाशों और चोर-उचक्कों ने लोगों की नींद उड़ाए रखी। ऑटो लिफ्टर गिरोह ने दर्जनों बाइकें पार कर दीं। शहर के मोहल्लों के साथ-साथ आसपास के गांवों में भी चोरी की घटनाएं लगातार सामने आती रहीं और सैकड़ों घरों के ताले टूटे। शैक्षिक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं ने हमेशा की तरह जिले का नाम रोशन किया। खेल जगत में डे-नाइट क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी टूनामेंटों के आयोजनों ने यह साबित किया कि स्कूल-कॉलेजों में इन गतिविधियों में कमी के बावजूद लोगों की खेलों में रुचि बरकरार है। वहीं नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित गोला खेल महोत्सव में क्षेत्र के बच्चों को खुला मंच मिला और आयोजकों द्वारा पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई भी की गई। सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों की बात करें तो श्री रामायण सभा, गणेशोत्सव, विभिन्न स्थानों पर श्रीमद्भागवत कथा, नवरात्र, सावन और चैती मेले हर वर्ष की तरह आयोजित हुए। इन आयोजनों ने यह साबित किया कि गोला को ह्यछोटी काशीह्न कहा जाना पूरी तरह सार्थक है। राजनीतिक स्तर पर शहर को कोई बड़ी उपलब्धि नहीं मिल सकी, जबकि लोगों को इससे काफी उम्मीदें थीं। अब नया वर्ष नई संभावनाओं के साथ दस्तक दे चुका है और शहरवासियों की निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या इस बार वादे हकीकत में बदलेंगे।

संक्षेप

## कार की टक्कर से युवक की मौत

**आजमगढ़।** सरायमीर थाना के संजरपुर बाजार के पास कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई। जबकि साथी घायल हो गया। उसको भर्ती कराया गया है। दोनों लोग एक बाइक से लौट रहे थे। निजामाबाद थाना के मोहनाठ निवासी 29 वर्षीय मोनू और 25 वर्षीय सोनू सरायमीर में बेकरी में काम करते थे। दोनों साथ लौट रहे थे तभी कार टक्कर मार दी। अस्पताल ले जाने पर मोनू को मृत घोषित कर दिया गया। एक अन्य हादसे में इसी क्षेत्र में अनियंत्रित होनकार पेड़ से टकरा गई।

## दहशत फैलाने के आरोप में 8 गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जनपद के थाना जीयनपुर पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से अराजकता फैलाने वाले एक गैंग के विरुद्ध बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन, एएसपी (ग्रामीण) चिराग जैन के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सगड़ी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी इंस्टाग्राम और फेसबुक पर बाहुबली 9999 व 5050 नामक आईडी के माध्यम से आमजन में भय व दहशत का माहौल बना रहे थे। इस गैंग का नेतृत्व रामचन्द्र उर्फ मैकू पुत्र स्व. कन्हैया यादव निवासी ग्राम भरौली, थाना जीयनपुर कर रहा था, जो शातिर किस्म का अपराधी बताया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अजय यादव, रामरतन यादव, भोलेनाथ यादव, उपेन्द्र यादव, आर्यमान यादव, अंकित कुमार, राजकुमार यादव एवं आदित्य यादव शामिल हैं। सभी अभियुक्त थाना जीयनपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह सहित थाना जीयनपुर के कई उपनिरीक्षक व कांस्टेबल शामिल रहे।

## हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या

**जौनपुर।** बदलापुर में हिस्ट्रीशीटर स्वाधीन सिंह छोटू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। तेरहवीं भोज के दौरान फोन पर बात करते हुए वह तालाब गया, जहां कनपटी पर सटाकर गोली मारी गई। उस पर डेढ़ दर्जन केस थे पुलिस ने दो नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोली मारकर आरोपी फरार हो गए. अस्पताल के जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए कार्रवाई में जुट गई है बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के मंगलवार देर रात बबुरा गांव का रहने वाला स्वाधीन सिंह गांव में ही एक व्यक्ति के यहां आयोजित तेरहवीं में भोज खाने गया था उसके साथ उसका बड़ा भाई सानिध्य भी था वहां पहुंचने के बाद स्वाधीन फोन पर बात करते हुए अकेले तालाब की तरफ चला गया वहां अज्ञात लोगों ने उसे गोली मार दी।

## जान से मारने की धमकी का आरोप

**जौनपुर।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के नरहन चकराते (पाही) गांव निवासी नीतेश यादव कोतवाली में नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया कि सोमवार की रात करीब 8 बजे घर पर भोजन कर रहा था, तभी आशीष यादव पुत्र अजय यादव फोन कर गाली-गलौज देने लगा। गाली देने का विरोध किया तो कथित तौर पर पिस्टल लेकर घर में घुस पिस्टल सटाकर जान से मारने की धमकी दी घटना से परिवार दहशत में है।

# विधायक खेल महाकुंभ के सातवें दिन भिड़ीं आठ टीमें



**सोनभद्र।** नगर स्थित हाइडिल मैदान में आयोजित विधायक खेल महाकुंभ के सातवें दिन बुधवार को 8 टीमों के बीच कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ इस दौरान खेल के आयोजन सदर विधायक भूपेश चौबे ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा निखारने के लिए इससे बेहतर अवसर और कोई नहीं। प्रतियोगिता का कैनवस क्रिकेट मैच का पहला मुकाबला पुसौली और नईबाजार के बीच, नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई विजय सोनी व, ईश्वर प्रसाद महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष पांडे के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया, पुसौली की टीम टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया नइबाजार की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर में 5 विकेट खोकर 77 रनों का स्कोर खड़ा किया, जवाब में पुसौली की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने निर्धारित ओवर में मात्र 56 रन ही बना सकी इस तरह से इस मुकाबले को नईबाजार की टीम 21 रनों से जीत कर आगामी मैच में अपनी जगह पक्की कर ली।

दूसरा कैनवास क्रिकेट मैच का मुकाबला रामगढ़ और चुर्क के बीच, भाजपा नेता विमलेश पटेल व कैलाश जायसवाल ने टास कराकर मैच का शुभारंभ किया, चुर्क की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए नर्धारित 6 ओवर में 5 विकेट खो कर 69 रनों का स्कोर खड़ा किया, जवाब में निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामगढ़ की टीम, अपने निर्धारित ओवर में 6 विकेट खोकर 48 रन ही बना सकी इस तरह से चुर्क की टीम ने इस मैच को 21रनों से जीत हासिल की। तीसरा कैनवस क्रिकेट मैच अशोक नगर और संत कीनाराम टीम के बीच भाजपा के जिला मंत्री विनोद पटेल व विकास मिश्रा, राजेश चौबे ने टास कराकर मैच का शुभारंभ किया, अशोक नगर की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 6 ओवर में 7 विकेट खोकर मात्र 32 रनों का स्कोर खड़ा किया, जवाब में संत कीनाराम की टीम निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते बिना विकेट खोए इस मुकाबले को दूसरे ओवर में ही जीतकर आगामी मैचों में अपनी जगह पक्की कर ली, चौथा कैनवस क्रिकेट मैच आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र और नवीन मंडी मोहाल के बीच भाजपा नेता मनोज सोनकर टीटू जायसवाल ने टास कराकर मैच का शुभारंभ किय, आदर्श नगर परिषद सोनभद्र ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया नवीन मंडी मोहाल की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 10 ओवर में विकेट खो कर 106 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जवाब में आदर्श नपाप सोनभद्र की टीम निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए, नौवे ओर में 7 विकेट खोकर इस मुकाबले को 3 विकेट से जीत हासिल कर आगामी मैच में अपनी जगह पक्की कर ली है, आदर्श नपाप सोनभद्र की तरफ आनन्द ने शानदार अर्धशकीय पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलायी। कल पहला सेमी फाइनल मैच होगा।

## कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर कप्तान ने दिये मातहतों को निर्देश

**आजमगढ़।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में देर रात तक चली अपराध समीक्षा गोष्ठी में अधिकारियों को सख्त और स्पष्ट निर्देश दिए। इस बैठक को पुलिस महकमे के लिए टर्निंग पॉइंट माना जा रहा है, क्योंकि इसमें चोरी-नकबजनी से लेकर माफिया, टॉप-टेन अपराधी, महिला अपराध और भ्रष्टाचार तक पर जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई गई। एसएसपी ने साफ कहा कि चोरी और नकबजनी की हर घटना का शत-प्रतिशत अनावरण और संपत्ति की बरामदगी अनिवार्य होगी। संवेदनशील इलाकों में पिकेट ड्यूटी, रात्रि गश्त और सीसीटीवी कैमरों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। गंभीर अपराधों में राजपत्रित अधिकारी 24 घंटे के भीतर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करेंगे। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महिला अपराध पर सर्वोच्च प्राथमिकता पर महिलाओं से जुड़े मामलों को लेकर एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत का त्वरित, संवेदनशील और विधिक निस्तारण हो। प्ळै प्रार्थना पत्रों और थानों पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं के समयबद्ध समाधान पर जोर दिया गया। गोष्ठी में माफियाओं के खिलाफ प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई और गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराध से अर्जित संपत्तियों की पहचान कर जब्ती के निर्देश दिए गए। वहीं, टॉप-टेन अपराधियों की गतिविधियों के आधार पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। स्थान व समय बदल कर सघन वाहन चेकिंग, यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई, रेलवे ट्रैक सुरक्षा के लिए ळत्च्-त्च्थ्के साथ समन्वय और भूमि विवादों का संयुक्त टीम द्वारा मौके पर निस्तारणकृये सभी बिंदु एजेंडे में प्रमुख रहे। थानों में खड़े वाहनों का शीघ्र निस्तारण, नियमित साफ-सफाई, माननीय न्यायालय से समन्वय कर निर्णीत माल और लंबित मामलों के निस्तारण पर भी एसएसपी ने सख्त रुख अपनाया। पारिवारिक न्यायालय के वसूली वारंटों का शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित करने को कहा गया। गोष्ठी में एएसपी ग्रामीण चिराग जैन, एएसपी यातायात विवेक त्रिपाठी, जेल अधीक्षक, एआरटीओ, एसपीओ, जिला शासकीय अधिवक्ता, क्षेत्राधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फिटनेस सेंटरों पर धांधली को लेकर दिया ज्ञापन



**जौनपुर।** व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन के नेतृत्व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय परएसडीएम को सौपा गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि वाहन के निजी फिटनेस सेंटर पर हो रही धाधली के संदर्भ में आज ज्ञापन दिया जा रहा है, हाल ही में मिनिस्ट्री आफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे द्वारा या निर्देश जारी कर दिया गया है कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में तीन-तीन फिटनेस सेंटर खोले जाएंगे, यह पहल सराहनीय है जिससे पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और सेवा में सुधार आने की संभावना है, किंतु वर्तमान में अधिकांश जिले में केवल एक ही फिटनेस सेंटर संचालित हो रहे हैं वाहन स्वामियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि एकमात्र फिटनेस सेंटर होने से वाहन स्वामियों से अनावश्यक शुल्क की मांग की जा रही है जो कि भ्रष्टाचार को कहीं ना कहीं बढ़ावा देता है। मनोज कुमार साहू, शिवम बरनवाल, विमल भोजवाल, विजय गुप्ता, राम कुमार साहू, अनिल वर्मा, संजय केडिया, मुन्नालाल अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर 14 तक शीतकालीन अवकाश

**आजमगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमन्त सिंह ने बताया है कि अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी के आदेश के क्रम मे आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों के शीतलहर के प्रकोप से बचाव हेतु जनपद के समस्त आंगनवाडी केन्द्रो का 31 दिसम्बर 2025 से 14 जनवरी 2026 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। इस अवधि में 03-06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति आंगनवाड़ी केन्द्र पर नहीं होगी, परन्तु समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्र पर उपस्थित रहते हुए, पोषण ट्रेकर ऐप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों को एफआरएस के माध्यम से टीएचआर वितरण, मेजरिंग ऐफिसियेन्सी तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों, वीएचएसएनडी सत्रों पर जीएमडी सहित उपस्थिति, स्वास्थ्य जाँच व सन्दर्भन सेवा एवं अन्य शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भाँति किया जायेगा।

## करके सीखना ही सीखने का श्रेष्ठ तरीका



**आजमगढ़।** जनपद के शिक्षा क्षेत्र सठियांव अंतर्गत पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल गजहड़ा के शिक्षक सुबाष यादव (विज्ञान टीचर) को लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण/सेमिनार करके सीखना कार्यक्रम में प्रशिक्षण संस्था के महानिदेशक एल. वेंक्टेश्वर लू द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान करके सीखने सीखाने तथा ऊर्जा और पर्यावरण पर व्याख्यान हेतु दिया गया था। इस सम्मान से आजमगढ़ के शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। इस दौरान शिक्षक सुबाष यादव ने कहाकि विद्युत धारा के प्रवाह में जिसका पोटेन्शियल अधिक होता है उसी की दिशा में धारा प्रवाहित होती है। विद्युत धारा के प्रवाह में प्रतिरोध तो बाधक होता है परंतु कभी कभी यह परिपथ के संतुलन के लिए काम आता है जिससे उपकरण संतुलित ढंग से कार्य करता है। उसी प्रकार पर्यावरण में कुछ अपशिष्ट जैसे हरी सब्जियों, फलों इत्यादि के छिलके सड़ने पर प्रदूषण का कारक बनकर बाधक प्रतिरोध का काम करते है परंतु इन्हें अपघटन द्वारा जैविक कम्पोस्ट में बदलकर मिट्टी और पर्यावरण को संतुलित रख सकते है। इस प्रकार ये संतुलन एलीमेंट का काम कर सकते है। शिक्षक सुबाष यादव ने आगे बताया कि करके सीखने से बच्चों को ज्यादा बोध होता है, इससे प्रकारण जेहन में आता है। कोई भी बच्चा अपने बाल्यकाल में साइकिल सीखने में साइकिल चलाते हुए गिरता है उठता, गिरता है उठता है, गिरते उठते साइकिल सीख लेता है यही करके सीखना है। इस दौरान वरूण चतुर्वेदी, प्रशांत दुबे सहित आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं सुबाष यादव को बधाई देने वालों में रमेश प्रजापति, तहसीलदार राम, राम श्रृंगार, राहुल, दिनेश चन्द्र पाण्डे, राकेश मणि त्रिपाठी, हरिकेश यादव, राधेश्याम मौर्य, सूर्यभान, कमला यादव आदि मौजूद रहे।

# रावण वध, जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो गया पूरा पंडाल



● मानस पंडाल के आठवें दिन श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़

**सोनभद्र।** नगर के आरटीएस क्लब मैदान में चल रहे हैं श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के आठवें दिन श्री राम दरबार का भव्यता के साथ श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात मुख्य व्यास श्री सूर्य लाल मिश्र एवं भूदेव ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और यहां से ही आठवें दिन की पाठ की शुरूआत हुई जिसमें रावण वध का प्रसंग हुआ। मुख्य आचार्य श्री सूर्यलाल मिश्र के मुखारविंद से जैसे ही याद दोहा प्रसारित हुआ द खैची सरासन श्रवन लगी छाडेड़ सर एकतीस । रघुनायक सायक चले मानहूब काल फीस ।। भगवान श्री राम कान तक धनुष को खींचकर 31 बाण छोड़े वह बाण ऐसे चले मानो कालसर्प हो और इन बाणो ने दशानन के नाभि के अमृत कुंड को सोख और वह पृथ्वी पर गिर पड़ा।

देखकर देवताओं, मुनियों, किन्नरों गंधर्वों के समूह भगवान श्री राम के ऊपर फूल बरसाने लगे कहते हैं कृपालु की जय हो, मुकुल की जय हो जय हो। इस भव्य मनोरम दृश्य को देखकर मानस पंडाल में उपस्थित भक्तजनों ने भगवान श्री राम की जय हो का लगगनभेदी उद्घोष किया और इस अवसर पर पटाखे छोड़े गए, भगवान श्रीराम की भव्य झांकी का दर्शन कर भक्तो आध्यात्मिक आनंद उठाया इस आनंदमई बेला में भगवान श्री राम पर पुष्पों की वर्षा की गई। इसके पूर्व लंकापति रावण ने उपस्थित भूदेव की परिक्रमा किया और राम रावण संवाद बड़े ही रोचक ढंग से संपन्न हुई।

वहीं एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में प्रसिद्ध कथावाचक हेमंत त्रिपाठी, मधुसूदन शास्त्री व मुरारी जी शास्त्री ने हनुमान जी की भगवान राम से मिलन की एवं राम सुग्रीव की मित्रता की कथा एवं जब सीता जी अशोक वाटिका में रावण द्वारा बंदी थीं और अत्यंत दुखी थीं, तब श्री राम के दूत हनुमान जी ने अशोक वाटिका पहुंचे और सीता जी को विश्वास दिलाने के लिए श्री राम की दी हुई अंगूठी दिखाई, जिसे देखकर सीता जी को प्रभु के आने का यकीन हुआ और उनका दुःख कम हुआ। इस अवसर पर महामंत्री सुशील पाठक, अध्यक्ष सत्यपाल जैन, अवधेश पांडे, इंद्रदेव सिंह, अविनाश कुशवाहा, शिशु त्रिपाठी, मुरली अग्रवाल, डॉ. चंद्रभूषण देव पांडे, नवीन अग्रवाल, पारब्रह्म सरदार, अयोध्या दुबे, घनश्याम सिंहल, संगम गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र की अंतिम सूची जारी

**जौनपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सत्र 2025-26 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र की अंतिम सूची जारी कर दी। परीक्षा के लिए जिले में कुल 206 केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों की सूची जारी होने के बाद परीक्षा की तैयारी तेज हो गई है। यूपी बोर्ड की ओर से जारी टाइम टेबल के मुताबिक 10वीं और 12वीं दोनों ही कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 24 फरवरी से 12 मार्च तक कराया जाएगा। परीक्षा केंद्र बनाने में मानक का पूरा ध्यान रखा गया है। शासन की मंशा के अनुरूप सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वॉयस रिकॉर्डर की निगरानी में शुचितापूर्ण और पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं कराने की तैयारी चल रही है। बोर्ड परीक्षा दो पालियों में सुबह 8रू30 बजे से 11रू45 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दो बजे से 5रू15 बजे तक कराई जाएगी। केंद्रों की अंतिम सूची जारी के बाद परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों में सक्रियता बढ़ गई है। जिने केंद्रों पर तैयारी नहीं हुई वहां तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। परीक्षा केंद्र की सूची जारी होने के बाद प्रायोगिक परीक्षा को लेकर सक्रियता बढ़ गई है। छात्रों को प्रायोगिक परीक्षा की तैयारी पूरी करने के लिए कहा जा रहा है। परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में भी बताया जा रहा है। पिछले साल की अपेक्षा इस साल 12 परीक्षा केंद्र काट दिए गए हैं। जबकि पिछले साल की अपेक्षा इस साल केवल करीब पांच हजार छात्र कम हुए हैं। यूपी बोर्ड की ओर से जारी टाइम टेबल के मुताबिक 10वीं एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 24 फरवरी से 12 मार्च तक करवाया जाएगा। परीक्षा में एक लाख 51 हजार 701 परीक्षा परीक्षा में शामिल होंगे। हाईस्कूल में 76918 छात्र पंजीकृत हैं। इसके अलावा 12वीं में 74783 छात्रों का पंजीकरण हुआ है। परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी होने के बाद परीक्षा की तैयारी तेज हो गई है। इंटर की प्रायोगिक परीक्षा की तैयारी भी शुरू हो गई है।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे अटल बिहारी



**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष ध्रुव सिंह की अध्यक्षता में नेहरू हाल में अटल स्मृति संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में मऊ जनपद के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना दुबे मौजूद रहे।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक विचारक कवि और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वह कहते थे कि जब हमारी सरकार आएगी तो हम अन्त्योदय का विकास करेंगे और सुशासन की स्थापना करेंगे तो सत्ता पक्ष के लोग उनका मजाक उड़ाते थे। लेकिन अटल जी दृढ़ निश्चय के व्यक्ति थे जब वह सत्ता में आए और 24 दलों की सरकार बना करके चलाई तब उन्होंने अंत्योदय कार्ड की सुविधा देकर जरुरतमंदों को अनाज उपलब्ध कराने का काम किया। किसान कार्ड जारी किया जिसके माध्यम से जो किसान कर्ज लेकर साहुकारों के चंगुल में फस जाते थे उनको बचाने का काम किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ने का काम किया जिसमें किसान अपनी फसल जिला मुख्यालय पर लाकर उचित मूल्य पर बेचकर लाभ कमा रहे हैं। पोखरन में परमाणु विस्फोट कराकर भारत को परमाणु सम्पन्न राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा किया। आज पूरे देश में सड़कों का जाल अटल जी की ही देन हैं आज अगर भारत विश्व की चैथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो इसमें पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है। हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर, जिला प्रभारी अशोक सिंह, अखिलेश मिश्रा गुड्डू, जयनाथ सिंह, डा संतोष सिंह, शिवनाथ सिंह, प्रेम प्रकाश राय, श्रीकृष्ण पाल प्रेमप्रकाश राय, घनश्याम पटेल आर पी राय, डा श्याम नारायण सिंह पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेवा निवृत्त होने पर दी गयी भाव भीनी विदाई

**सोनभद्र।** डीएम बीएन सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राम गिरी बिल लिपिक की सेवा के वर्ष पूर्ण होने पर भाव भीनी विदाई दी गयी इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागर में डीएम ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिल लिपिक श्रीराम गिरी का कार्य काल काफी सराहनीय रहा इनको शासकीय सेवा में जो भी जिम्मेदारियां दी गयी उसका निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ किये इन्होने अपनी सेवा के दौरान कर्मचारियों के रिटायर्मेण्ट होने पर उनके देयको का भुगतान समय से करने का कार्य किये, बिदाई का क्षण वास्तव में काफी दुःखदायी होता है। जो व्यक्ति सरकारी सेवाओं में आया है, एक दिन सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होना होता है यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है जो व्यक्ति जिस दिन सरकारी सेवा में आता है उसी दिन उसके सेवा निवृत्ति की तिथि निर्धारित हो जाती है उनके सेवा निवृत्त के फलस्वरूप बिदाई देते वक्त मन भावुक हो जाता है। एडीएम वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, एडीएम न्यायिक रमेश चन्द्र, डिप्टी कलेक्ट्रेट मुख्यालय प्रदीप कुमार यादव, डिप्टी कलेक्ट्रेट सुरेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। डीएमने अंग वस्त्रम स्मृति चिन्ह देकर एवं माल्यार्पण कर श्रीराम गिरी बिल लिपिक को सम्मानित करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य व उज्जव भविष्य की कामना की। इस मौके पर उपस्थित अधिकारी व कर्मचारिगण ने बिल लिपिक का माल्यापर्ण जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामूद्दीन, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, ईडीएम दिव्यतोष मिश्रा, राजीव कुमार शुक्ला, राम अधार ओएसडी जिलाधिकारी, उमानाथ पाण्डेय सामान्य लिपिक, अनन्त राम स्टोनो, अमूल्य वर्मा, नाजिर कलेक्ट्रेट बाबू लाल, ओमकार यादव प्रशासनिक अधिकारी, मूरारी गिरी सत्यापन लिपिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश पाठक द्वारा किया गया।

## एडीओ आईएसबी की मौत पर शोक सभा



**जौनपुर।** बक्शा ब्लॉक में कार्यरत एडीओ आईएसबी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव का निधन हो गया। 53 वर्षीय प्रदीप श्रीवास्तव अपने ससुराल गोरखपुर गए थे, जहां दोपहर में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उनके निधन की खबर मिलने पर बुधवार को बक्शा ब्लॉक में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। खण्ड विकास अधिकारी रामविलास राम की अध्यक्षता में हुई इस सभा में ब्लॉककर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और कार्य से विरत रहे। बीडीओ रामविलास राम ने बताया कि प्रदीप श्रीवास्तव जौनपुर के हुसेनाबाद के निवासी थे। उनका अंतिम संस्कार सुबह रामघाट पर संपन्न हुआ। शोक सभा में एडीओ समाज कल्याण अधिकारी संदीप यादव, एपीओ सीबी सिंह, मनरेगा अकाउंटेंट दीपिका साहू, जेई पुष्पेन्द्र, राकेश कुमार, रविन्द्र कुमार गौतम, प्रदीप कुमार, रमापति यादव, राजू कुमार, राजेश यादव सहित कई ब्लॉककर्मी और अन्य लोग मौजूद रहे।

## नववर्ष पर मां विंध्यवासिनी के चरण स्पर्श पर रहेगी रोक

**मीरजापुर।** नव वर्ष के पहले दिन विंध्याचल धाम में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए मां विंध्यवासिनी के चरण स्पर्श पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। मंगला आरती के बाद से देर रात तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु दर्शन और भीड़ नियंत्रण के लिए यह फैसला लिया है। नए साल के मौके पर लाखों भक्तों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर व आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दूसरी ओर विंध्याचल में नव वर्ष पर भारी भीड़ होने की संभावना को देख श्रद्धालुओं व सर्व समाज के साथ ही समस्त तीर्थ पुरोहित को भी सहयोग देने का आह्वान किया गया है, ताकि व्यवस्था सुगम बनी रहे। विंध्याचल में श्री विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी व मंत्री भानु पाठक उपाध्यक्ष प्रह्लाद मिश्रा, संगम त्रिपाठी, गुंजन मिश्रा, तेजन गिरी, अवनीश मिश्रा, रघुवर उपाध्याय, शनि दत्त पाठक, गौतम द्विवेदी के साथ ही समस्त पदाधिकारी जन मां विंध्यवासिनी दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु जन को हर संभव दर्शन पूजन व्यवस्था देने के लिए मंदिर परिक्षेत्र प्रांगण अंतर्गत कटिबद्धता के साथ ड्यूटी रत रह स्वतः खड़े मिलेंगे। पंड़ा समाज के पदाधिकारियों ने बताया है कि मां विंध्यवासिनी मंदिर पर समस्त तीर्थ पुरोहित अपनी जिम्मेदारी का जिम्मेदारी से निर्वाह करेंगें इसके लिए सहमति बनने के साथ सभी ने एक स्वर में ऐसा भी निर्णय भी लिया है, ताकि दूर तक एक अच्छा संदेश जाए। वहीं भिक्षाटन करने वाले लोगों को मंदिर परिक्षेत्र से दूर हो यथा स्थित स्थान पर अपनी याचना करें, जिससे श्रद्धालु को किसी प्रकार का कोई कष्ट ना हो पाए। विंध्याचल के समस्त गंगा घाटों पर महिला बुजुर्ग श्रद्धालुओं के साथ ही समस्त भक्त जनों के लिए अलाव व्यवस्था को मद्दे नजर देख जिला प्रशासन को गंगा घाटों पर वस्त्र बदलने की भी सुविधा प्रदान कराने की मांग की गई है।

# कलाकृतियों के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा



**मीरजापुर।** लालगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर कामता प्रसाद में स्थित एम एस पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य कामेश्वरी सिंह की अध्यक्षता में व बड़े बाबू राजेश कुमार मौर्य के देखरेख में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिन तक स्काउट गाइड ट्रेनर आनंद कुमार मौर्य व चंद्रकांत प्रजापति द्वारा बच्चों को स्काउट गाइड के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। तीसरे दिन प्रबंधक राजकुमार सिंह पटेल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय स्काउट गाइड कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपनरायन मौर्य व विशिष्ट अतिथि बलिराम मौर्य, विशिष्ट अतिथि कंपोजिट विद्यालय दुबार कलां के अध्यापक सच्चिदानंद मौर्य रहे। अतिथियों का स्कूल के प्रबंधक राजकुमार सिंह पटेल द्वारा माल्यार्पण व मां विंध्यवासिनी देवी की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा प्रबंधक राजकुमार सिंह पटेल का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा स्काउट गाइड कार्यक्रम में ट्रेंड हुए छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए टेंट हाउस एवं कलाकृतियों का निरीक्षण कर कलाकृतियों के बारे में स्काउट गाइड कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से जानकारी लेते हुए कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रथम व द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को उत्साहित करते हुए मेडल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि स्काउट गाइड के माध्यम से छात्र-छात्राओं में अनेक प्रकार की प्रतिभाओं को उजागर किया जाता है और कलाकृतियों के माध्यम से संपूर्ण जीवन व्यतीत करने का प्रेरणा से संबंधित जानकारी दिया जाता है। विशिष्ट अतिथि बलिराम मौर्य ने शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ विशिष्ट अतिथि कंपोजिट विद्यालय दुबार कलां के अध्यापक सच्चिदानंद मौर्य द्वारा कहानी व गीत के माध्यम से बच्चों को उत्साहित किया गया। स्कूल के प्रबंधक ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों व अभिभावकों, क्षेत्रीय सम्मानित लोगों स्काउट गाइड ट्रेनर आनंद कुमार मौर्य व चंद्रकांत प्रजापति का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्काउट गाइड झंडा आरोहण के साथ राष्ट्रगान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अध्यापक सतीश, आशीष और शिवा, राहुल, अभिषेक, आर्यन, दीपक, आकाश एवं अध्यापिका सूर्यकांती, नीतू, स्तृप्ति, अल्का, निशा, पायल, अंजलि, सुमन, शिवानी, प्रियंका सहित समस्त अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## राजनरायन का जीवन गरीबों के प्रति था समर्पित

**जौनपुर।** सपाके सदर चुंगी, अल्फस्टीनगंज स्थित जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजवादी आंदोलन के प्रतीक, गरीबों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए समर्पित लोकबंधु राज नारायण की पुण्यतिथि सादगी पूर्ण वातावरण में मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित पार्टीजनों ने लोकबंधु राज नारायण जी के चित्र पर पुष्प अर्पित का नमन किया। जिला महासचिव आरिफ हबीब ने गोष्ठी आयोजित कर उनके भारतीय स्वतंत्रता आंदोलनो एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को समर्पित जीवन दर्शन पर चर्चा कराते हुए विचार विमर्श कर उनके पदचिन्हों पर चलने का पुनः संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ राममनोहर लोहिया, आचार्य नरेंद्रदेव जी के पदचिन्हों पर चलकर लोकबंधु राजनरायन जी ने सदैव स्वतंत्रता आंदोलनों से लेकर, शोषितों, गरीबों की मजबूत आवाज बने और लोकतंत्र व समाजवाद के प्रतीक बने। उनका पूरा जीवन गरीबों, शोषितों और लोकतांत्रिक मूल्यों को समर्पित रहा। आज फिर उनके रास्ते पर चलने का पुनः संकल्प लेते हुए समाजवादी सरकार बनाकर उनके आदर्शों पर चलकर लोक कल्याणकारी कार्य किए जाने का संकल्प लेते हैं। हीरालाल विश्वकर्मा, महेंद्र प्रताप यादव नेपाल, गामा सोनकर, निजामुद्दीन अंसारी, अशोक निषाद, गुड्डू सोनकर, संदीप यदुवंशी, दीपक विश्वकर्मा धीरज बिंद, सुनील वासुदेव यादव, सेराज दरोगा, आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।



संक्षेप

## गरीबों में बांटे कंबल

सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं लहरपुर विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने विकास खंड सकरन की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया।इस दौरान उन्होंने नत्थापुरवा, पंडरिया, कोढ़ारपुरवा, दुग्गल, कुचलया सहित कई गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए उन्होंने गरीबों, बुजुर्गों व जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित कर राहत पहुंचाई।जनसंपर्क के दौरान प्रवीण कुमार सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े मुद्दों को जिला प्रशासन के समक्ष उठाकर शीघ्र समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी और कार्यकर्ता अभी से चुनावी तैयारियों में जुट जाएं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ललित सिंह ने बताया कि जिला पंचायतप्रत्याशियों के नामों पर विचार कर शीघ्र ही अध्यक्ष को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# देश भर में बदलेगी सियासी तस्वीरः मिथिलेश तिवारी

जिला संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं बैकुंठपुर (गोपालगंज) के विधायक मिथिलेश तिवारी का भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया।

बुधवार को कसया में दो जगहों पर आयोजित स्वागत समारोह में श्री तिवारी को कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में विधायक मिथिलेश तिवारी ने बिहार विधानसभा चुनाव में समय निकालकर प्रचार-प्रसार करने और पूरी निष्ठा से मेहनत करने वाले सभी कार्यकताओं, पदाधिकारियों और विधायक गणों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।उन्होंने कार्यकताओं को दुशाला पट्टिका ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए कहा कि कार्यकताओं की जीतोड़ मेहनत का ही परिणाम है कि बिहार में भाजपा ने एक बार फिर सत्ता में वापसी की है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती क्रांतिकारी रही है और देश में हर बड़े परिवर्तन की शुरूआत यहीं से हुई है। आज जो राजनीतिक आंधी बिहार से चली है। वह देश के अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों में भी भाजपा को सत्ता तक पहुंचाएगी ऐसा विश्वास उन्होंने व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, रामकोला विधायक विनय गौड़, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, हाटा विधायक मोहन वर्मा, खड्डा विधायक विवेकानन्द पांडेय, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, सीमा गुप्ता, रुपम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. कन्हैया शर्मा, अमित पांडेय, आद्या पांडेय, पूर्व प्रमुख अशोक कुमार पाण्डेय, ओमप्रकाश जायसवाल, अनिल प्रताप राव, विनयकांत मिश्र, संजय शुक्ला, अनिल शुक्ला, पुष्कर दूबे, रजनीश तिवारी, केन यूनियन चेयरमैन कविंद्र पांडेय, सिबलू, विपुल दूबे, दीपक चौबे, अमरजीत कुशवाहा, दिनेश जायसवाल, अनिल पांडेय, पवन बर्नवाल, अवधेश कुशवाहा, मुकेश पाण्डेय, ब्रजेश पांडेय, सुबोध त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## जंगली जानवर के हमले में बुजुर्ग की मौत

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जिले में दुधवा बफर जोन के पास अज्ञात जंगली जानवर के हमले में 60 साल के शख्स की मौत हो गई। दुधवा बफर जोन की उपनिदेशक कीर्ति चौधरी ने बुधवार को बताया कि मृतक की पहचान धौरहरा तहसील के मगराउली गांव के रहने वाले सिराजुद्दीन के रूप में हुई है।

चौधरी के मुताबिक, उनपर मंगलवार रात धौरहरा वन रेंज के तहत पंडितपुरवा गांव के पास हमला हुआ था और बुधवार सुबह धौरहरा आरक्षित वन के पास, दहाउरा नाले के समीप झाड़ियों से उनका क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। मौके पर कदमों के निशान नहीं मिले हैं इसलिए अभी यह पता नहीं चल पाया है कि हमला करने वाला जानवर बाघ था या तेंदुआ।शव के पोस्टमार्टम के बाद इस बारे में पक्के तौर पर कुछ कहा जा सकेगा। हालांकि इलाके से हाल में किसी बड़े जानवर की गतिविधि की कोई खबर नहीं थी, लेकिन मौके से कुछ दूरी पर दूसरी तरफ एक तेंदुए के पदचिह्न मिले हैं, जिससे आशंका जतायी जा रही है कि यह हमला तेंदुए ने ही किया है।

## समाज के सजग प्रहरी थे राजनारायण : चंद्रभूषण सिंह यादव

**देवरिया।** बगैर जातीय दंश को भोगे सवर्ण समाज के समाजवादियों ने जाति को दरकिनार कर समाज के वंचित तबकों की तरक्की के लिए जो कार्य किया है वह अपने आप में अद्भुत है, ।उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर लोकबंधु राजनारायण के स्मृति दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि भूमिहार समाज में जन्मे लोकबंधु राजनारायण ने काशी - विश्वनाथ मंदिर में दलित प्रवेश करवाने से लेकर पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिलवाने तक के लिए न केवल संघर्ष किया अपितु जेल भी गए और सरकारी यातना का भी शिकार हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि पीडीए समाज की बहबूदी के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहने वाले राजनारायण ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर लोकतंत्र बचाने तक के आंदोलन में अपनी अतुलनीय कुबार्नी दी है।देश के वास्तविक समाजवादी राजनारायण को उनके स्मृति दिवस पर कोटिशः नमन है राजनारायण स्मृति दिवस पर उपस्थित व्यास यादव,रामप्यारे यादव, मुस्तकीम, नवल किशोर यादव, संतोष मद्धेशिया, रामअशीष यादव, ज्ञानेश्वर यादव, जयनाथ यादव, मिथिला वर्मा,संजय यादव, गोविंद यादव, बिग्गू यादव आदि ने लोकबंधु राजनारायण के चित्र के समक्ष नत मस्तक हो उन्हें नमन करते हुए अपना पुरखा बताया।

## सघन मत्स्य पालन योजना के तहत एयरेशन सिस्टम के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**देवरिया।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, देवरिया विजय कुमार मिश्र ने बताया कि मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में सघन मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना के अंतर्गत पुनः ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।इच्छुक आवेदक विभागीय वेबसाइटrशैश्र२.४स्त्र.ङ्ग५.ल्ल पर 07 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यह योजना पूर्णतः महिला मत्स्य पालकों के लिए संचालित की जा रही है।योजना के अंतर्गत प्रति यूनिट इकाई लागत 50 हजार रुपये निर्धारित की गई है।सामान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला लाभार्थियों को 50 प्रतिशत अनुदान, जबकि अनुसूचित जाति की महिला लाभार्थियों को 60 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

## रिश्तों पर भारी हुआ दरिंदगी का दाग, बिसवां में मासूम की चीख ने खोले हैवानियत के राज

बिसवां /सीतापुर।कोतवाली क्षेत्र में बुधवार की सुबह रिश्तों की मयार्दा को तारदृतार कर देने वाली घटना सामने आई।एक ऐसा अपराध, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। मात्र दस वर्ष की मासूम बच्ची वही भतीजी, जिसे चाचा की ममता और सुरक्षा का साया मिलना चाहिए था, उसी पर कथित तौर पर दरिंदगी कर दी गई।घटना के बाद खून से लथपथ हालत में किसी तरह घर पहुंची बच्ची ने जब कांपती आवाज में अपनी मां को आपबीती सुनाई, तो मां के पैरों तले जमीन खिसक गई।मां ने बिना एक पल गंवाए डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता की मां की तहरीर पर बिसवां कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा राजू को हिरासत में ले लिया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। सीओ बिसवां अमन सिंह ने बताया कि पीड़िता की हालत सामान्य है और पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।इस घटना ने एक बार फिर समाज के सामने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर मासूमों की सुरक्षा कब तक केवल कागजों तक सिमटी रहेगी।

# सेवानिवृत्ति शाखा पोस्ट मास्टर का हुआ विदाई सम्मान समारोह




मिल्कीपुर-अयोध्या।डाक विभाग की ओर से मिल्कीपुर उप डाकघर पर शाखा पोस्ट मास्टर का सेवानिवृत्ति विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक अधीक्षक अकबरपुर पश्चिम मनोज भारत रहे। कार्यक्रम में मौजूद मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के तीनों ब्लाकों हैरिंगटनगंज अमानीगंज और मिल्कीपुर के डाक कर्मियों ने अंजरौली शाखा पोस्ट मास्टर रामकरन सिंह का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए अंग वस्त्र एवं रामचरितमानस सहित अन्य उपहार भेंट कर सम्मान पूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाखा पोस्ट मास्टर राजेंद्र यादव ने उनके सेवा काल में उनके द्वारा डाक विभाग को की गई बेहतर सेवाओं को एक-एक करके गिनाया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहायक अधीक्षक अकबरपुर मनोज भारत ने सेवानिवृत हो रहे शाखा पोस्ट मास्टर रामकरन सिंह को एक कुशल डाककर्मी के साथ-साथ भक्ति भावना से परिपूर्ण और सादगी जीवन धारी बताया।उन्होंने कहा कि श्री सिंह द्वारा अपने दायित्व एवं कर्तव्य विकास सम्यक निर्वाह किया गया।विभाग में इनके लगभग 44 वर्ष के लंबे सेवाकाल में कभी भी शिकायत सुनने में नहीं मिली।उन्होंने उनके जीवन में मंगल कामना के साथ-साथ कार्यक्रम में मौजूद समस्त अतिथियों एवं डाक कर्मियों को नव वर्ष की बधाई भी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के मंडली सचिव अयोध्या मंडल रामकुमार यादव ने सेवानिवृत्ति शाखा डाकपाल श्री सिंह को विभाग के लिए एक समर्पित कर्मचारी बताया उन्होंने उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मौजूद डाक विभाग के सभी जिम्मेदार अधिकारियों ने सेवा निर्मित शाखा पोस्ट मास्टर श्री सिंह को भावभीनी विदाई दी। समारोह के पूर्व उप डाकघर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया तदुपरांत हवन पूजन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सेवानिवृत हुए शाखा पोस्टमास्टर रामकरन सिंह की ओर से कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से घनश्याम पांडे, मनोज तिवारी, शैलेंद्र यादव, विजय प्रकाश तिवारी, ठेकेदार यादव, हौसला प्रसाद, सर्वजीत सिंह, नीरज सिंह, रिंकू सिंह, सत्यदेव पांडे, नागेंद्र दुबे, राधे रमण, सियाराम, राकेश तिवारी, रश्मि चैरसिया, अरुण, संतोष, सोनू, मिथिलेश एवं अभिषेक पासवान सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## शौच कर नदी में हाथ धोने गये अधेड़ की पानी मेगीरने से मौत

भटनी(देवरिया)।स्थानीय नगर के नूरीगंज के छठमाता घाट के किनारे छोटी गण्डक नदी में शौच कर हाथ धोने गए अधेड़ की मौत हो गई।

बताया गया है कि रमेश कनौजिया 65 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मोहन कनौजिया निवासी नूरीगंज सुबह करीब 10 बजे सौच कर नूरीगंज के छठमाता की घाट के किनारे छोटी गण्डक नदी में हाथ धोने गये थे कि अचानक पैर फिसल जाने से पानी मे गिर गए जिसके सूचना से रमेश कनौजिया के परिजनों सहित नूरीगंज के लोगों द्वारा तत्काल उपचार के लिये स्वाथ्य केंद्र ले गये जहाँ चिकिसक ने मृत घोषित कर दिया।जिसकी मौत की सूचना से परिवार में चीख पुकार मचने लगी।मृतक का अंतिम संस्कार मौत के दूसरे दिन बीरसिंह पुर के गण्डक नदी में की जायेगी। परिवार में दो लड़के और एक लड़की सहित पत्नी का रो रो के बुरा हाल है।

## 116 वाहनों का ई-चालान 4 हुए सीज

**देवरिया।** यातायात पुलिस द्वारा दुर्घनाओं की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की गयी व नियमों का पालन न करने वालों का एमवी एक्ट में चालान किया गया।पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में बुधवार को यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर गोरखपुर रोड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो, बिना हेलमेट, तीन सवारी एवं वाहन पर स्टंट करने वालों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी।इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 116 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 4 वाहनों को सीज किया गया।

## डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



सीतापुर।जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को जिलाधिकारी सीतापुर राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया।अचानक हुए इस निरीक्षण से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बैरकों, रसोई, चिकित्सालय कक्ष सहित विभिन्न हिस्सों का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई, जिससे जेल की सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।उन्होंने बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं और भोजन व्यवस्था की भी जानकारी ली। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जेल में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण भी मौजूद रहे। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि इस तरह के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## नव वर्ष के अवसर पर लगने वाली भीड़ के दृष्टिगत नामित किये गए मजिस्ट्रेट

कुशीनगर।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 जनवरी को कुशीनगर स्थित प्रसिद्ध महापरिनिर्वाण बौद्ध स्थल क्षेत्र में जनपद कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज व पडोसी प्रान्त बिहार से काफी भीड़ आती है तथा जनपद में अन्य तहसील थाना क्षेत्रों में नववर्ष पर अत्यधिक भीड को देखते हुये उक्त स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था तथा शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/ जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसील/पुलिस चौकीवार दिनांक 31 दिसंबर से 01 जनवरी 2026 के लिए नियुक्त किये गये हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि तैनात सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कानून व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, आपात स्थिति से निपटने एवं किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे। सभी अधिकारी अपने तैनाती स्थल पर निरंतर भ्रमणशील रहेंगे तथा किसी भी स्थिति की तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों को देंगे। इसके अतिरिक्त रिजर्व जोनल मजिस्ट्रेट एवं रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गई है, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सक्रिय किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी तथा सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ करेंगे।प्रशासन द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि वे शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका नम्बर 05564-240590 है, जिसके प्रभारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धन सहकारिता एवं डीपीआरओ को कंट्रोल रूम प्रभारी बनाया गया है।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरुक

बहराइच। मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के तहत मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक*

बहराइच ह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## बिहार जा रही 2 लाख रुपये कीमत की 80 पेटी देशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**देवरिया।** श्रीरामपुर पुलिस ने बिहार जा रही 80 पेटी अवैध देशी शराब बंटी बबली के साथ एक अंतर्राज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन महिन्द्रा स्कार्पियों व 2 फर्जी नम्बर प्लेट भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध शराब तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान आप्रेशन प्रहार के तहत थानाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र कुमार थाना श्रीरामपुर के द्वारा गठित टीम के ने संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर हाता बाजार के पास से 1 महिन्द्रा स्कॉर्पियो वाहन संख्या यूपी 20 ए एम 0020 जिसके आगे-पीछे लगे 2 फर्जी नम्बर प्लेट संख्या बीआर 26 एल 4544 से बिहार ले जायी जा रही 80 पेटी अवैध देशी शराब बँटी बबली कुल 720 लीटर के साथ एक अभियुक्त रवि पुत्र रामनरेश प्रसाद निवासी रूकड्डीपुर थाना दरौन्दा जनपद सिवान (बिहार) को गिरफ्तार किया है।उक्त के सम्बन्ध में नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर धारा 61(2), 341(2), 318(4) इठर व 60/72 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामद शराब देशी शराब का मूल्य रुपया लगभग 2,10,000 व बरामद चार पहिया वाहन महिन्द्रा स्कार्पियो का अनुमानित मूल्य करीब 9,00,000 रुपया आंकी गई है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. मनीष कुमार त्रिपाठी, उ.नि. राघवेन्द्र सिंह, रामनिवास सिंह, अजय सिंह, राजेन्द्र राव और पुनीत यादव शामिल रहे।

## श्रम विभाग ने श्रमिकों को किया गया जागरूक



**कसया, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए श्रम विभाग द्वारा नगर के गाँधी चौक के समीप लेबर अड्डा पर मजदूरों को विभाग में पंजीयन/नवीनीकरण कराकर योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूक किया।

बुधवार को विभाग के कर्मचारी शशि शेखर मिश्र ने उपस्थित मजदूरों को अपने समीप के जनसेवा केन्द्र पर पहुंच कर जनसेवा केन्द्र के माध्यम से यू पी बी ओ सी डब्ल्यू के साइड पर श्रमिक पंजीयन कराने तथा पूर्व में पंजीकृत श्रमिकों को ससमय नवीनीकरण कराकर विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में संचालित विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के जागरुक किया।इस दौरान वरुण, अनुराग, बिजली चौहान, सुजीत यादव, राजमगल, नसरुद्दीन, सूरज पटेल, नर्सिंग प्रजापति, राजेश, नगीना, सूर्य भारती, यशवंत, अली हुसैन, कमलेश जयप्रकाश, वजीर सहित दर्जनों श्रमिक मौजूद रहे।

# जिला कलेक्ट्रेट की दहलीज पर पांच करोड़ की लूट, बुद्धा पार्क बना भ्रष्टाचार का खुला स्मारक

**कुशीनगर।** जहां से जिले की कानून-व्यवस्था, विकास और जवाबदेही का संचालन होता है, ठीक उसी कलेक्ट्रेट की दहलीज पर यदि करोड़ों रुपये की खुली लूट चल रही हो और जिम्मेदार अफसर आंख मूंदे बैठे हों, तो इसे विकास नहीं बल्कि सिस्टम की शर्मनाक विफलता ही कहा जाएगा। रविन्द्रनगर स्थित कलेक्ट्रेट के सामने बुद्धा पार्क में लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से कराये जा रहे निर्माण कार्य विकास के नाम पर भ्रष्टाचार, लापरवाही और सरकारी धन की खुली बंदरबांट का जीता-जागता तस्वीर पेश कर रहा है।बताते कि कलेक्ट्रेट के सामने और मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय से सटे बुद्धा पार्क में व्यायामशाला, कार्यालय, गोदाम और पाथ-वे जैसे निर्माण कार्य प्रगति पर बताए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। यहां न तकनीकी मानकों का पालन हो रहा है, न गुणवत्ता की कोई परवाह है और न ही निगरानी का कोई ठोस इंतजाम, नतीजतन हर स्तर पर नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। करोड़ों रुपये की लागत वाला निर्माण देखने में ही कमजोर और घटिया प्रतीत हो रहा है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका नहीं बल्कि पुष्टि होती नजर आती है। गंभीर सवाल यह है कि यह सब कुछ जिलाधिकारी कार्यालय की सीधी नजरों के सामने हो रहा है, फिर भी अब तक न कोई जांच, न कोई आपत्ति और न ही कोई जवाबदेही तय की गई। ऐसे मे कहना मुनासिब होगा कि जिम्मेदार अधिकारी क्या इस भ्रष्टाचार से अनजान हैं या फिर जानबूझकर मौन साधे हुए हैं? यह मौन स्वयं में कई सवाल खड़े करता है।

- डीएम–सीडीओ कार्यालय के सामने नियमों की हत्या, ठेकेदार बेलगाम, अफसर मौन
- निगरानी शून्य, गुणवत्ता गायबः पांच करोड़ की परियोजना संदेह के घेरे में



बुद्धा पार्क मे तकरीबन पांच करोड रुपये की लागत से हो रहे निर्माण कार्य पर नजर दौडायें तो यहां मानकों की धज्जियां उडायी जा रही है, जिम्मेदार नदारद है, निर्माण स्थल पर न तो गुणवत्ता जांच से संबंधित कोई सूचना बोर्ड लगा है, न ही कार्यदायी संस्था का स्पष्ट विवरण दर्ज है और न ही किसी अभियंता या अधिकारी की नियमित उपस्थिति दिखाई देती है।

जानकारो का दावा है कि सरकारी निर्माण कार्यों में अनिवार्य तकनीकी और निगरानी की व्यवस्था यहां पूरी तरह से गायब है।विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति आपराधिक लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है। विधि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जिले के सबसे संवेदनशील और निगरानी वाले क्षेत्र में यह स्थिति है, तो दूर-दराज क्षेत्रों में चल रहे निर्माण व विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।यह परिदृश्य ह्लअंधेर नगरी, चौपट राजाह्व की कहावत को साकार करता प्रतीत हो रहा है।

सवाल यह उठता है कि आखिर किसके संरक्षण मे यहा मानकों की धज्जियाँ उडाई जा रही है? बेशक! यह मामला सिर्फ निर्माण की खामियों का नही है बल्कि जनता की गाढी कमाई पांच करोड रुपये की संभावित लूट का गंभीर प्रश्न बन चुका है।ऐसे मे ठेकेदार और अधिकारियों के गठजोड़ कीआशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### इन बिंदुओं पर तत्काल निष्पक्ष जांच जरूरी

विशेषज्ञों का कहना है कि निर्माण कार्य का एस्टीमेट किसने तैयार किया और किन मानकों पर पास किया गया?अब तक की गई गुणवत्ता जांच की रिपोर्ट कहां है? निर्माण कार्य किस अधिकारी की निगरानी में कराया जा रहा है? मौके पर जेई और अभियंताओं की नियमित उपस्थिति क्यों नहीं? प्रयुक्त सामग्री की तकनीकी और प्रयोगशाला जांच कब और कैसे हुई? यदि समय रहते इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय, स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो बुद्धा पार्क आने वाले समय में विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का स्थायी स्मारक बनकर रह जाएगा।

### जेई बोलेः-

इस संबध मे निर्माण कार्य की देखरेख व निगरानी करने वाले जेई वेदांत भट्ट का कहना है कि वह हमेशा मौके पर रहते है निर्माण कार्य बिल्कुल मानक के अनुरूप हो रहा है, कोई कमी नही है।

उन्होने कहा कि डीएम कार्यालय के सामने निर्माण का हो रहा है गडबड़ी की कोई गुंजाइश नही है डीएम साहब अक्सर निरीक्षण करते रहते है।

## प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर जूडो प्रतियोगिता हेतु जिला व मंडल चयन ट्रायल आयोजित

कुशीनगर।क्रीड़ा अधिकारी रवि निषाद ने बताया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष/महिला जूडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु खिलाड़ियों के चयन/ट्रायल का आयोजन जिला एवं मंडल स्तर पर किया जा रहा है।

इस क्रम में जनपद में जिला स्तरीय चयन/ट्रायल का आयोजन 01 जनवरी 2026 को अपराह्न 02:00 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम, कुशीनगर में किया जाएगा। वहीं मंडल स्तरीय चयन/ट्रायल 02 जनवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे से वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, गोरखपुर में संपन्न होगा।चयनित खिलाड़ी 04 से 06 जनवरी 2026 तक आगरा में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए भार वर्ग निर्धारित किए गए हैं।

# 2026 के स्वागत में जश्न सिटी बना सीतापुर





जिला संवाददाता

**सीतापुर।** घड़ी की सुइयों की टिक-टिक जैसे-जैसे रात के बारह की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे शहर की धड़कनें भी तेज हो चली हैं। नए साल 2026 के आने में अब कुछ ही घंटे बाकी हैं और इससे पहले ही सीतापुर जश्न के रंग में पूरी तरह रंग चुका है। होटल, गिफ्ट शॉप, डीजे प्वाइंट, कोचिंग सेंटर से लेकर कस्बों की गलियों तक सिर्फ एक ही चर्चा है। इस बार न्यू ईयर धमाकेदार होगा। आवास विकास स्थित गिफ्ट कार्नर पर खड़ी अश्मिता शुक्ला मुस्कराते हुए कहती हैं। जाते साल को थोड़ी मौज-मस्ती के बिना कैसे विदा करें? नाचेंगे-गाएंगे और खुले दिल से 2026 का स्वागत करेंगे। कमलापुर में चैधरी डीजे के मालिक से रेट पर बहस कर रहे शुभ तिवारी का कहना है। दूसरों की पार्टी में क्यों जाएं। अपनी पार्टी बनाएंगे दोस्तों को बुलाइए, फुल एन्जॉय होगा। कोचिंग से निकलती रीतू विश्वास मानती हैं कि ह्लनए साल की शुरूआत अगर पार्टी से न हो तो मजा ही नहीं आता ।ह्व वहीं दोस्तों संग गपशप कर रहे सूर्य शुक्ला बताते हैं, ह्लसब तय हो चुका है, बस आइसक्रीम का ऑर्डर बाकी है। इतिहासिक इमारतों को निहारते देवेश लखनऊ से आए हैं। कहते हैं, रेड ब्लेजर, कॉफी, सैंडविच और नॉन-स्टॉप डांस ठंड के मौसम की पार्टी का अपना ही मजा है। घड़ी की टिक-टिक के साथ सीतापुर अब बस उस पल का इंतजार कर रहा है, जब 2025 को अलविदा कहकर 2026 का जश्न शुरू।

## सीतापुर में प्रशासनिक संकल्पों के साथ नववर्ष 2026 की सशक्त शुरूआत

सीतापुर। नववर्ष 2026 की शुरूआत जनपद सीतापुर में इस बार केवल जश्न तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह प्रशासनिक सक्रियता, अनुशासन और विकास के मजबूत संकल्पों के साथ देखने को मिली। नए साल की पहली सुबह से ही जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आया। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्ष 2026 में शासन की योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, महिला एवं बाल विकास तथा पेयजल आपूर्ति को जिले की प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए कहा कि हर माह इन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। नववर्ष के अवसर पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में ड्रिंक एंड ड्राइव, रात्रि गश्त और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और प्रमुख बाजारों में पुलिस बल की तैनाती से आमजन ने राहत की सांस ली और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। ग्रामीण विकास पर फोकस करते हुए जिलाधिकारी ने आरोग्य मंदिरों के नवीनीकरण, जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने और आंगनबाड़ी केंद्रों को संसाधनों से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस सक्रियता से जनपद में यह संदेश साफ गया कि वर्ष 2026 सीतापुर के लिए केवल नया कैलेंडर नहीं, बल्कि जवाबदेही, पारदर्शिता और परिणाम देने वाला साल होगा। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासन ने जिस तरह से नए साल की शुरूआत की है, उससे आम नागरिकों में विश्वास और उम्मीद दोनों मजबूत हुई हैं।





संक्षेप

## संदिग्ध हालात में मिला रिटायर्ड डॉक्टर का शव

सीतापुर। शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दुगार्पुरवा मोहल्ले में बुधवार शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब एक रिटायर्ड डॉक्टर का शव उनके ही घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक की पहचान 65 वर्षीय डॉक्टर जावेद फारुकी के रूप में हुई है, जो दिव्यांग विभाग से सेवानिवृत्त थे। बताया गया कि बीते करीब 48 घंटों से उनके घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था और बाहर से दुर्गंध आने लगी थी, जिससे पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई। स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गैस कटर से दरवाजा काटकर घर के अंदर प्रवेश किया। अंदर चारपाई पर डॉक्टर जावेद फारुकी का शव पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार उनके हाथ में बिस्कुट था, जिससे प्रतीत होता है कि वे कुछ खा रहे थे। प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दस साल से बंद पड़ी नेवादा बी-पैक्स समिति



**हरगांव/सीतापुर।** हरगांव ब्लॉक की पचेहरा न्याय पंचायत में स्थित बी-पैक्स नेवादा समिति पिछले लगभग दस वर्षों से बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। समिति के बंद होने के कारण किसानों को खाद, बीज और कृषि ऋण जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए निजी दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां उन्हें महंगे दाम चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि समिति का भवन जर्जर हालत में है और बार-बार शिकायत के बावजूद न तो जनप्रतिनिधि और न ही जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान दे रहे हैं। समिति की अध्यक्ष रागिनी मिश्रा ने जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर समिति को पुनः संचालित कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कई बार सहायक निबंधक को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि समिति के सचिव द्वारा न तो बैलेंस शीट तैयार की जा रही है और न ही समिति का रिन्यूअल कराया जा रहा है, जिसके चलते खाद की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। वहीं एडीओ कोआपरेटिव उमाकांत त्रिवेदी का कहना है कि सचिव को बैलेंस शीट व रिन्यूअल कराने के निर्देश दिए गए हैं, पर कागजात अधूरे होने से काम आगे नहीं बढ़ पा रहा। किसानों का सवाल है कि आखिर उनकी परेशानी का जिम्मेदार कौन है।

## गौशाला में भूसा लेकर आए किसान की हार्ट अटैक से मौत

तंबौर/सीतापुर। कड़ाके की ठंड के बीच गौशाला में भूसा पहुंचाने आए किसान की हृदयगति रुक जाने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली लहरपुर क्षेत्र के ग्राम शेखनापुर निवासी 55 वर्षीय मेंहदी हसन ट्रैक्टर-ट्रॉली से तंबौर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरतहिया स्थित गौशाला में जानवरों के लिए भूसा लेकर पहुंचे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गौशाला पहुंचते ही उन्हें अचानक हार्ट अटैक पड़ गया और वह जमीन पर गिर पड़े। साथ आए मजदूरों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीण व रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए।

परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया, जिसे गांव ले जाकर सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# न्यायिक अभिरक्षा से फरार इनामी गिरफ्तार





**सीतापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम को लेकर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। न्यायिक अभिरक्षा से फरार चल रहे 25,000 रुपये के इनामिया अपराधी लवकुश मिश्रा को कोतवाली नगर पुलिस व स्वाटध्सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोंसले के नेतृत्व में कोतवाली नगर व स्वाटध्सर्विलांस टीम ने बहुगुणा चैराहे से हाइवे की ओर जाने वाली सर्विस लेन के तिराहे से आरोपी को धर दबोचा।

अभियुक्त 23 दिसंबर 2025 से न्यायिक अभिरक्षा से फरार चल रहा था। जिसके संबंध में कोतवाली नगर थाने में मु.सं. 396,25 धारा 261,262,260(बी) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस के अनुसार अभियुक्त लवकुश मिश्रा पुत्र स्व. रामचन्द्र मिश्रा निवासी कोड़रा मजरा सिरसा, थाना बिसवां, जनपद सीतापुर का रहने वाला है। उसके खिलाफ लूट, चोरी, धोखाधड़ी, हत्या के प्रयास और दुष्कर्म जैसे संगीन अपराधों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक अश्मित भारती, कांस्टेबल रवि सिंह व आशीष मौर्या शामिल रहे। वहीं स्वाट सर्विलांस टीम से निरीक्षक सतेंद्र विक्रम सिंह, उपनिरीक्षक अरविंद शुक्ला, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, सोहनपाल सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई।

पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर उसे न्यायालय भेज दिया है। इस गिरफ्तारी को जिले में अपराधियों के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम की बड़ी सफलता माना जा रहा

## अटल-स्मृति सम्मेलन व मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान द्वितीय कार्यशाला



**हसनगंज, उन्नाव।** मोहान विधानसभा के एम एल जी लान हसनगंज में अटल स्मृति सम्मेलन व मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान द्वितीय कार्यशाला का आयोजन मे किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे राज्यसभा सांसद बृजलाल पहुँचे। सांसद ने दीप प्रजुलत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद ने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान द्वितीय कार्यशाला को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम में मौजूद विधायक बृजेश रावत ने अपने उद्बोधन में कहा प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेई ने देश को स्वर्णिम चतुर्भुज, सर्व शिक्षा अभियान, ग्रामीण सड़क योजना, पोखरण परमाणु परीक्षण कर ऐतिहासिक उपलब्धियाँ दीं। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ विश्व मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाई। उनका जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और सुशासन का आदर्श उदाहरण है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष राकेश साहू, युवा नेता मिलन पांडे, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा, प्रवासी रामचन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र द्विवेदी, कपिल निगम ज्ञानेंद्र शुक्ला सम्मानित मंडल अध्यक्ष गण एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अग्निपीड़ित अबोध बच्ची की समाजसेवी ने आर्थिक मदद की



**पाटन, उन्नाव।** विधानसभा भगवन्तनगर के अंतर्गत ग्राम बैजुवामऊ मे निर्धन परिवार की बच्ची खुशबू साहू उम्र 6 वर्ष पुत्री सर्वेश अपने घर के पास कुछ हफ्ते पूर्व आग की चपेट मे आ जाने से पैर जल गया था। पिता किसी प्रकार मजदूरी करके घर का खर्च चलाते थे अब बेटी की चिकित्सा प्रभावित हो रही थी घरवालों को कही कोई मदद नहीं मिली तो परिवार ने विधानसभा भगवन्तनगर की वृहद स्तर पर समाजसेवा कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को दी तो अत्यंत कृपालु ब्यक्तित्व के धनी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने तत्काल अपनी पुष्प फाउंडेशन टीम को अग्निपीड़ित अबोध बच्ची की मदद करने हेतु बैजुवामऊ गाँव भेजकर असहाय अवस्था मे रह रही बच्ची की आर्थिक मदद की व भविष्य मे भी साथ खड़े रहने का भरोसा दिया,मदद पाकर खुशबू साहू की माताजी केतकी देवी ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का धन्यवाद दिया ईश्वर से उनकी प्रगति की प्रार्थना की,इस मौके पर मुख्य रूप से पंकज सिंह प्रधान, आर के सिंह मामा, गोलू सिंह, अंकित सिंह, अनूप यादव, सर्वेश साहू समेत अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे खनन अधिकारी ने डंपर किये सीज

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। असोहा क्षेत्र के कालूखेड़ा में मंगलवार रात हो रहे अवैध खनन की सूचना पर मौके पर पहुंचे खनन अधिकारी मनीष यादव ने खनन कर मिट्टी ले जा रहे दो डंपरों को पकड़ लिया।वहीं डंपर चालक डंपर छोड़कर मौके से भाग गए।वहीं कालूखेड़ा में ही एक ढाबे के पास ओवरलोड मौरंग लदे खड़े दो डंपरों को भी खनन अधिकारी ने पकड़ लिया।उक्त डंपरों की कोई जानकारी नहीं दे सका जिसपर उक्त मौरंग लदे दोनों डंपरों सहित खनन में शामिल अन्य दोनों डंपरों को सीज कर असोहा पुलिस के सिपुर्द किया है। थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि खनन अधिकारी ने दो डंपरों को सीज किया है। जिन्हें थाने में खड़ा कराया गया है।

## साईं बाबा की पालकी यात्रा का भव्य स्वागत, जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**सीतापुर।** सत श्री साईं का जन्मोत्सव नई बस्ती सरायन नदी तट स्थित सत श्री साईं शिव शक्ति मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के मुख्य न्यासी व पूर्व विधायक रमेश राही द्वारा किया गया। मंदिर में स्थापित मूर्तियों का स्नान व श्रृंगार कर पंडित गंगाधर शुक्ल, प्रधान पुजारी पंडित बृजेश शास्त्री व मनोज शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कराया। यजमान की भूमिका निभाते हुए रमेश राही व उनकी धर्मपत्नी मंजरी राही ने भगवान को भोग अर्पित किया। दोपहर 12 बजे गाजे-बाजे के साथ साईं बाबा की पालकी यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली, जिस पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया। यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साईं भक्त मौजूद रहे।

## खाकी से विदाई, आंखों में नमी और दिल में सम्मान की यादें



**सीतापुर।** पुलिस विभाग में वर्षों तक ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ सेवा देने वाले पांच जांबाज पुलिसकर्मियों को बुधवार को भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस लाइन स्थित दधीचि सभागार में आयोजित विदाई समारोह में पूरा माहौल भावनाओं से भरा नजर आया। अपने सेवाकाल के अंतिम दिन वर्दी में पहुंचे इन कर्मियों की आंखों में गर्व भी था और बिछड़ने का दर्द भी। क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोंसले ने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया और उपहार भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखमय भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विभाग में इनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता, इनकी ईमानदार सेवा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। सेवानिवृत्त होने वालों में उपनिरीक्षक नूर मोहम्मद, उपनिरीक्षक अरुण कुमार, रिजर्व उपनिरीक्षक सेवानाथ यादव, मुख्य आरक्षी विशेष पुलिस दफेदार सिंह तथा कार्यशाला रेडियो कर्मी विनोद कुमार सिंह शामिल हैं। समारोह में मौजूद साथी पुलिसकर्मियों और परिजनों ने तालियों और नम आंखों के साथ उन्हें विदा किया। खाकी से रिटायर हुए ये सिपाही आज भी विभाग की आत्मा बनकर यादों में जीवित रहेंगे।

## सरकारी खलिहान भूमि से हटाया गया अतिक्रमण, चला बुलडोजर

**सीतापुर।** लहरपुर तहसील अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मातनपुरवा में बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी खलिहान की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया। तहसीलदार के न्यायालय से पारित बेदखली आदेश के अनुपालन में बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की गई। राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 901, रकबा 50 वर्ग मीटर खलिहान भूमि पर जहीर पुत्र जहांगीर ने दीवारें खड़ी कर टीन शेड डाल रखा था। टीम में राजस्व निरीक्षक अमर सिंह व लेखपाल आलोक श्रीवास्तव शामिल रहे। लेखपाल ने बताया कि मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपये है। कार्रवाई के दौरान गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे भी अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त अभियान जारी रहेगा।

# जिलाधिकारी ने जारी किए सख्त निर्देश

**फतेहपुर:** प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला के दौरान लाखों भक्तों के सुगम और सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए फतेहपुर जिले में कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने आईसीसीसी मेला प्राधिकरण, प्रयागराज की समीक्षा गोष्ठी के आधार पर आदेश जारी किए हैं। मुख्य स्नान पर्वों - खासकर पौष पूर्णिमा - के एक दिन पहले और एक दिन बाद तक जिले में सभी उपखनिज रेत, बजरी आदि का खनन, निकासी और परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा ।यह निर्णय विगत वर्षों के अनुभवों पर आधारित है, जब मेला अवधि में अंतर-जनपदीय यातायात डायवर्जन के कारण सड़कों पर भारी जाम और दुर्घटनाएं हुईं। गोष्ठी में सहभागी अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए पहले से चिन्हित डायवर्जन योजनाओं पर सहमति जताई। उद्द रविंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि स्वीकृत खनन पट्टा अनुज्ञा भंडारण

- आने वाले उपखनिज लदे वाहनों का जिले की सीमा में प्रवेश भी वर्जित होगा

अनुमतियों वाले सभी क्षेत्रों में खनन कार्य रुक जाएगा। साथ ही, अन्य जनपदों या मध्य प्रदेश से आने वाले उपखनिज लदे वाहनों का जिले की सीमा में प्रवेश भी वर्जित होगा ।प्रतिबंधित तिथियां और व्यवस्थाः मुख्य स्नान पर्वः पौष पूर्णिमा तिथि मेला प्राधिकरण द्वारा घोषित, आमतौर पर जनवरी ।प्रतिबंध अवधिः मुख्य स्नान से एक दिन पहले से एक दिन बाद तक ।प्रभावित क्षेत्रः जिले के सभी उपखनिज पट्टे, परिवहन मार्ग और सीमावर्ती चेकपोस्ट ।जिलाधिकारी ने खनन माफिया और परिवहनकताओं को चेतावनी दी है कि उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी, जिसमें वाहन सीजिंग और जुमार्ना शामिल है। पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त टीमें गठित कर निगरानी करेंगे। स्थानीय खनन व्यवसायियों ने इस कदम का समर्थन किया है, लेकिन उन्होंने स्टॉक की पूर्व निकासी की मांग की है ।यह पहल भक्तों की सुरक्षा और यातायात सुगमता सुनिश्चित करेगी, जिससे प्रयागराज मार्ग पर जिंदपुर टोल जैसे क्षेत्रों में भी राहत मिलेगी।

## सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न

सीतापुर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आनंदी देवी सरस्वती शिशु वाटिका में बुधवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संयोजिका हिमांशी रस्तोगी ने अतिथियों का परिचय कराया, जबकि प्रिया शुक्ला ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए नारी शक्ति को समाज की दिशा देने वाली बताया। उन्होंने कहा कि श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा और कीर्ति के रूप में नारी सप्तशक्ति का स्वरूप है।

कार्यक्रम में विद्यालय की बहनों ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। वक्ता अंकिता मिश्रा ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर अपने विचार रखे।

## 42 लीटर कच्ची शराब बरामद, 3 गिरफ्तार

**हिलौली, (वीओएल)।** आबकारी विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मौरावां थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान 42 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई



और 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में बिटान, बिदाना और रानी शामिल हैं। आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा, मदिरा के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु उन्नाव रायबरेली मार्ग पर स्थित मोतेश्वर तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। पुलिस ने वाहनों की सघन जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की।

# लापरवाही पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री-एएनएम नपीं





**सीतापुर।** जिले में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर की सख्त कार्रवाई ने स्वास्थ्य व बाल विकास महकमे में हड़कंप मचा दिया है। खैराबाद विकास खण्ड के ग्राम पकरिया में आयोजित वीएचएसएनडी सत्र के औचक निरीक्षण में बड़ी

- सीडीपीओ पर अनुशासनिक कार्यवाही
- डीएम की सख्ती से हड़कंप

लापरवाही उजागर होने पर डीएम ने मौके पर ही दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन द्वारा वीएचएसएनडी सत्र में आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे और अभिलेखों का रख-रखाव भी बेहद खराब स्थिति में था। इस गंभीर लापरवाही पर जिलाधिकारी ने सुमन के विरुद्ध तत्काल स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए। वहीं एएनएम नीलम देवी द्वारा कार्यों में रुचि न लेने, लापरवाही बरतने तथा नियमित निरीक्षण न करने को बेहद गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी ने नोटिस जारी कर उनका 07 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं, सीडीपीओ शिवानी द्वारा पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के आदेश भी जिलाधिकारी ने मौके पर ही दे दिए। डीएम डा0 राजागणपति आर0 ने दो टूक शब्दों में कहा कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में इस तरह की गड़बड़ी मिलने पर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जिला उद्योग बन्धु बैठक में निवेश मित्र व उद्यमी योजनाओं की समीक्षा

सीतापुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धुध्सिंगल विंडोध्निवेश मित्र की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव, निवेश मित्र पोर्टल, निर्यात प्रोत्साहन योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेम पोर्टल, क्लस्टर विकास योजना एवं एमओयू की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी लक्ष्यपरक योजनाओं में शतप्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण कर समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्युत विभाग को भी उद्यमियों की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त उद्योग संजय सिंह सहित अनेक उद्यमी व व्यापारी उपस्थित रहे।

## ओडीओपी सीएफसी की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ओडीओपी योजना अंतर्गत कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं ओडीओपी से जुड़े उद्यमी उपस्थित रहे। डीएम ने सीएफसी के निर्माण, उपकरणों की स्थापना, संचालन व्यवस्था तथा उद्यमियों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएफसी को शीघ्र क्रियाशील कर स्थानीय कारीगरों को उत्पादन, प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएफसी से लागत घटेगी, गुणवत्ता बढ़ेगी और उत्पादों की बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता मजबूत होगी। सभी विभागों को आपसी समन्वय से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## माधव प्रसंग के साथ भागवत कथा का सातवां दिन भावपूर्ण समापन की ओर, भक्त हुए भाव-विभोर

**फतेहपुर।** विकासखंड बहुआ क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर ग्रामसभा में स्थित प्रसिद्ध झालेवीर बाबा के प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का सातवां दिन अत्यंत भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कथा के सातवें दिवस पर उद्धवझमाधव (कृष्ण) प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन हुआ, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति-रस में डूब गए और कई भक्तों की आंखें नम हो गईं ।कथा व्यासपीठ से कानपुर से पधारी आचार्या प्रिया शास्त्री ने उद्धवझमाधव प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की लीला, प्रेम, विरह और ज्ञान के गूढ़ तत्वों को सरल शब्दों में भक्तों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उद्धव जी ब्रज में गोपियों को ज्ञान देने जाते हैं, लेकिन अंततः स्वयं गोपियों की निष्काम भक्ति और श्रीकृष्ण प्रेम से अभिभूत हो जाते हैं। इस प्रसंग ने यह संदेश दिया कि ज्ञान से भी ऊपर भक्ति और प्रेम का स्थान है ।कथा के परीक्षित भूपेंद्र सिंह यादव ने बताया कि यह सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा समस्त ग्रामवासियों के सौजन्य से आयोजित की गई है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में धर्म, भक्ति और सामाजिक सद्भाव का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि कथा के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक शांति और जीवन के सच्चे मूल्यों की प्रेरणा मिल रही है ।कथा के सफल आयोजन में पप्पू यादव (सहायक) के साथ-साथ धर्मराज, मलखान सिंह, धर्मवीर, शोभा सहित अनेक सहयोगी भगवताचार्य के सहायक के रूप में सक्रिय रूप से मौजूद रहे और व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखा ।आयोजन समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि 01 जनवरी 2026 को श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों को प्रसाद ग्रहण करने हेतु आमंत्रित किया गया है ।इस अवसर पर समिति के प्रमुख सदस्य मुन्ना सिंह यादव, चुन्नू उर्फ रवि शंकर, श्याम यादव, ननकवा, पप्पू यादव, चुनकु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा।



संक्षेप

## प्रधानी में सहयोग करने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा के ग्राम सुकलगुवां निवासी छोटू पुत्र रतीराम यादव ने पुलिस को बताया कि बीती 22 दिसम्बर को शाम करीब 4.30 बजे उसका भाई इन्द्रपाल पुत्र रतीराम अपनी मां को दवा कराने मड़ावरा आया हुआ था। जहां दवा कराने के बाद वह साहू गार्डन में निमंत्रण में था, तभी उसका भाई इन्द्रपाल वहां गया था, वहीं पर थाना सौजना के ग्राम टीकरा निवासी प्रानसिंह उर्फ महेन्द्र पुत्र राजाराम, हरदेव उर्फ पप्पू पुत्र राजाराम, काशीराम पुत्र जगत, खिलान पत्नी जमना ने उसके भाई को सुनसान जगह पर ले गये और कहा कि आगामी प्रधानी के चुनाव में सहयोग करना और उनकी तरफ से अपनी गांव की जनता को शराब मुर्गा आदि बांटना। इस पर उसके भाई ने ऐसा करने से मना करने पर पुलिस ने उसके भाई को गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिसने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खेल व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण अंगः चंद्रभानु

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत हिसामुद्दीन पुर के खेल मैदान पर सेवा ही संकल्प अयोध्या जन कल्याण के तत्वधान में भाजपा नेता संतोष सिंह द्वारा अपने पिता की प्रथम पुण्य तिथि पर स्व शिव सिंह स्मारक पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसका शुभारंभ मिल्कीपुर भाजपा विधायक चंद्रभानु पासवान ने फीता काटने के उपरांत बल्लेबाजी कर किया। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत घाटमपुर निवासी एवं भाजपा नेता संतोष सिंह के संयोजन में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का बुधवार को विधि विधान के साथ शुभारंभ हो गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक चंद्रभानु पासवान रहे। इस मौके पर मौजूद क्षेत्र के संबंध लोगों का स्वागत एवं सम्मान भी भाजपा नेता श्री सिंह द्वारा किया गया उन्होंने मौजूद अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक श्री पासवान ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग बन चुका है। ऐसे खेलों के आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने में एक संगम के समान है। उन्होंने कहा ऐसे ही खेलों के माध्यम से बच्चे जिला और प्रदेश फिर प्रदेश से लेकर देश और राष्ट्रीय स्तर तक अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं।

# ललितपुर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों ने ऑपरेशन कर दी नयी जिंदगी

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ने एक ऐतिहासिक सफलता हांसिल की है। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में मैक्सिलोफेशियल सर्जन डा.दीपिका कुमारी जैन ने निश्चेतना विभागाध्यक्ष डा.कौशल विजलानी एवं डा.चेतन राज के समन्वय से 38 वर्षीय महिला मरीज का सफल ऑपरेशन

- पिछले 30 वर्षों से मुंह न खुलने की बीमारी से पीड़ित थी परेशान
- तीस साल का दर्द खत्म

किया। उक्त मरीज का मुंह विगत 30 वर्षों से पूर्णतः बंद था। जटिल ऑपरेशन को सकुशल बेहोशी में संपन्न कर मरीज को नया जीवनदान दिया गया। यह जनपद में इस प्रकार की पहली सर्जरी है, जिसने यह सिद्ध कर दिया है कि अब मुंह, चेहरे एवं जबड़े से संबंधित छोटी से लेकर बड़ी सभी बीमारियों का उपचार ललितपुर मेडिकल कॉलेज में संभव है। नगर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी राजकुमारी, जो पिछले 30 वर्षों से मुंह न खुलने की बीमारी से पीड़ित थीं, को बोलने में अत्यधिक कठिनाई होती थी। वह केवल तरल आहार (लिक्विड डाइट) ही ले पा रही थीं, जिससे उनका वजन लगातार घट रहा था। उन्होंने अनेक चिकित्सकों से संपर्क किया, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी और उन्होंने यह मान लिया था कि अब उन्हें जीवन इसी अवस्था में व्यतीत करना होगा। निराशा के इस दौर में उन्हें तब आशा की किरण दिखाई दी, जब वे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पहुँचीं। डा.दीपिका कुमारी जैन ने आवश्यक जांचों के आधार पर बताया कि मरीज का निचला जबड़ा एवं सिर की हड्डी आपस में जुड़ गई है, जिसके कारण मुंह पूर्णतरू बंद हो गया है। इस स्थिति को मेडिकल भाषा में टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट एंकायलोसिस कहा जाता है। इसके उपचार हेतु ऑपरेशन की सलाह दी गई। निश्चेतना विभाग डा.चेतन राज एवं विभागाध्यक्ष डा.कौशल विजलानी की सहमति के पश्चात डा.दीपिका कुमारी जैन द्वारा सफल सर्जरी की गई। सर्जरी के दौरान मरीज के दोनों जबड़ों की हड्डी को सिर की हड्डी से अलग किया गया, जिससे ऑपरेशन के दौरान ही मरीज का मुंह सामान्य रूप से खुल गया। इस जटिल



सर्जरी में जूनियर डा. कोकिल एवं नर्सिंग स्टाफ में राजेंद्र कुशवाहा, मनीष, दीप्ती, प्रभा अरविन्द तथा राजेश रॉकी ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। डा.दीपिका कुमारी जैन ने बताया कि यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल था, क्योंकि इस भाग से चेहरे की महत्वपूर्ण नसें गुजरती हैं, जिन्हें सुरक्षित रखना मरीज के फेशियल एक्सप्रेशन के लिए अत्यंत आवश्यक होता है जो कि मरीज राजकुमारी का सफल रहा, भविष्य में समस्या की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सिर से फ्लैप लेकर जॉइंट स्पेस में ट्रांसफर किया गया। निश्चेतना विभाग के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती थी, जिसे डा.कौशल विजलानी एवं डा. चेतन राज ने निभाया। ऑपरेशन के पश्चात दंत रोग विभागाध्यक्ष डा.प्रियंका गुवरैले ने बताया कि यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत की गई। यह दंत रोग विभाग एवं निश्चेतना विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डा.मनीष माथुर ने बताया कि मरीज अब सामान्य रूप से भोजन कर पा रही है। सफल परिणाम से मरीज के परिजनों में खुशी का माहौल है। डा.मयंक कुमार शुक्ला ने यह बताया कि दंत रोग विभाग, कक्ष संख्या 33 में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दांत, मुंह एवं चेहरे से संबंधित सभी प्रकार की जटिल से जटिल बीमारियों का उपचार किया जाता है।

## गोसाईगंज में दो जोड़ी माघ मेला स्पेशल ट्रेनों का होगा ठहराव

गोसाईगंज-अयोध्या। 02 जनवरी से 17 फरवरी तक चलने वाले माघ मेला में स्नान ध्यान के लिए आने जाने वाले रेल यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए रेल प्रशासन ने गोसाईगंज स्टेशन पर अप/डाउन साइड की दो जोड़ी रिंग रेल (स्पेशल ट्रेन) का ठहराव सुनिश्चित किया है। अप/डाउन दोनों गाड़ियों का ठहराव गोसाईगंज दिए जाने पर नगर पंचायत की सभासद आरती जयसवाल ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सहित बडौदा हाउस नई दिल्ली स्थित महा प्रबंधक अशोक कुमार वर्मा एवं मुख्य परिचालन प्रबंधक राजेश कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया है। दर्जनों कोच वाली माघ मेला स्पेशल ट्रेन 547 किमी0 की दूरी लगभग 13 से 14 घंटे के बीच पूरी करते हुए 23 स्टेशनों पर रुकेगी व जंघई-जौनपुर- अकबरपुर- गोसाईगंज-अयोध्या धाम, सुल्तानपुर-मां बेल्हा धाम (प्रतापगढ)-होकर प्रयागराज जंक्शन पहुंचेगी। गोसाईगंज स्टेशन अधीक्षक महेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि 02 जनवरी को गाड़ी संख्या 04111 सुबह 06 बजे प्रयाग राज जंक्शन से चलकर राम बाग स्टेशन पर 06:10 बजे, 6:10 मि0 पर प्रयागराज राम बाग, झुसी में- 06:28, हंडिया खास पर-06: 50, ज्ञानपुर रोड-सवा 7 बजे, माधो सिंह-07:33, बनारस- 08:10, भदोही-09:13, जंघई पहुंचेगी।

# अवैध खनन, परिवहन पर 2.82 करोड़ का जुर्माना

जिला संवाददाता

**बांदा।** अवैध परिवहन, अवैध खनन तथा ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। डीएम की समीक्षा के बाद गठित टास्क फोर्स ने कार्रवाई करते हुए 92 वाहनों को जब्त किया है और अनेक मामलों में करीब 2.82 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है। दिसम्बर में टास्क फोर्स ने अवैध परिवहन और

- 47 वाहनों का समन शुल्क जमा कराया गया जिससे 16, 69, 430 रुपये राजस्व मिला
- राजस्व व खनिज विभाग की टीम ने 6 और 7 दिसम्बर को जांच की

ओवरलोडिंग में 92 वाहनों को पकड़ने के बाद थानों में निरूद्ध कराया। इनमें 47 वाहनों का समन शुल्क जमा कराया गया जिससे 16, 69, 430 रुपये राजस्व मिला। बांदा तहसील के ग्राम मरौली खादर में डेस्कॉन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक संजीव कुमार गुप्ता के स्वीकृत खनन क्षेत्र से बाहर अवैध खनन मिला। राजस्व व खनिज विभाग की टीम ने 6 और 7 दिसम्बर को जांच की, जांच में खंड संख्या 5 पर 25, 686 घन मीटर बालू का अवैध खनन तथा परिवहन पाया। इस उल्लंघन पर कंपनी पर 2,32,97,400 रुपये का जुमार्ना लगाकर नोटिस जारी की गयी। इसी प्रकार पैलानी तहसील के ग्राम सिंधनकला में मेसर्स कविन कास्ट्रक्शन के प्रोपाइटर शशांक शेखर शुक्ला के स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अवैध खनन मिला। 6 दिसम्बर को संयुक्त जांच में 5512 मीटर घन मीटर बालू अवैध खनन, परिवहन मिला। इस पर पट्टाधारक पर 49,60,800 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। तहसील पैलानी के ग्राम सादी मदनपुर में पट्टा क्षेत्र से बाहर अवैध खनन मिला। 12 दिसम्बर को जांच में 917 घन मीटर बालू का अवैध खनन, परिवहन मिला। इसके लिए पट्टाधारक पर 8,25,300 रुपये का जुमार्ना लगाने की नोटिस दी गयी। प्रशासन ने माह दिसम्बर में अवैध खनन और अतिरिक्त परिवहन के मामलों में जारी की गयी नोटिसों में 1,28,18,555 रुपये का राजस्व जमा कराया गया। जिला प्रशासन का कहना है कि आगे भी अवैध खनन के विरूद्ध इसी तरह कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर निर्माण रोकने पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग



**बांदा।** नरैनी तहसील के खरौंच गांव में हो रहे मंदिर, धर्मशाला का निर्माण कार्य रोके जाने से आहत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की। उप जिलाधिकारी अमित शुक्ला ने वन और राजस्व कर्मियों को संयुक्त रूप से जांच करने के आदेश दिए हैं। गांव में प्राचीन धर्मस्थल पर गांव के लोग धर्मशाला व मंदिर का निर्माण करा रहे थे। लेकिन इसी दौरान वहां पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने इस जमीन को अपनी बताकर काम रूकवा दिया था। बुधवार को ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र कुमार, बृजगोपाल मिश्र, सुरेश कुमार, कृष्णकांत, राजेन्द्र सिंह व भारी संख्या में तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बताया कि यह देव स्थान गांव आबाद होने के समय से ग्रामीणों की आस्था का केन्द्र रहा है। यहां प्रतिदिन देवी पूजा, सभी तीज, त्योहारों में धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। लोगों ने बताया कि यहां धर्मशाला और मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन वन विभाग के अधिकारी ने उनका निर्माण कार्य रूकवा दिया है। इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उप जिलाधिकारी ने कहा कि उन्हे पूजा करने से कोई नही रोकेगा लेकिन जमीन यदि वन विभाग की है तो वहां नया निर्माण नही कराया जा सकता। उन्होने मामले की जांच के लिए वन तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके पर जांच के आदेश दिए हैं।

## जखौरा में साइबर क्राइम पुलिस ने किया जागरूक



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, साइबर क्राइम सेल थाना जखौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम करमुहारा स्थित राजकीय जूनियर हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गयी। पुलिस ने डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें। कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें। सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या बेवसाइड पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बन्धित पुलिस से सम्पर्क करें।

## नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को दी शुभकामनाएं



**ललितपुर।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के समस्त नागरिकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगल कामनाएं प्रेषित की हैं। जिलाधिकारी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि वर्ष का यह संध्याकाल आत्मचिन्तन, अनुभवों से सीख लेने तथा नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। बीते वर्ष में जनपद में अनेक चुनौतियों के बावजूद प्रशासन और जन सहयोग से विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा है कि आगामी वर्ष में जिला प्रशासन शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार सृजन, सामाजिक कल्याण एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करता रहेगा, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसी संकल्प के साथ जिला प्रशासन संकल्पित होकर कार्य करेगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं अनुशासन बनाये रखते हुए जनपद की विकास यात्रा में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नागरिकों के सहयोग से ललितपुर प्रगति और समृद्धि के नये आयाम स्थापित करेगा। अंत में जिलाधिकारी ने कामना की कि नव वर्ष 2026, जनपद के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुख-शान्ति, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली लेकर आए।

## ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर 15 जनवरी तक अवकाश

**ललितपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह ने जानकारी देते हुये बताा है कि उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों, मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में 15 जनवरी तक शीलकालीन अवकाश निर्धारित किया गया है। जनपद के अधिकांष ऑगनबाड़ी केन्द्र प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयो के परिसर में संचालित हैं, तथा ऑगनबाड़ी केन्द्र पर आने वाले बच्चे 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के हैं। ऑगनबाड़ी संघ, ललितपुर द्वारा दिये गये ज्ञापनों एवं तत्क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों को शीतलहर व कड़ाके की ठण्ड से बचाव हेतु जनपद के समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर 15 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया जाता है। इस अवधि में 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर नही होगी, परन्तु समस्त ऑगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्रों पर उपस्थित रहते हुए पोषण टैज्कर एप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों का पोषण टैज्कर एप पर रजिस्टेज्षन, ड्राई राषन वितरण, वजन तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यो का निष्पादन पूर्व की भॉति किया जायेगा।

# सीएम को ज्ञापन, निजी फिटनेस सेंटरों में धांधली



**बांदा।** निजी वाहन फिटनेस सेंटरों में हो रही कथित धांधली और अनावश्यक शुल्क वसूली की शिकायत को लेकर जिला उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों का कहना है कि केंद्र सरकार के निर्देश पर प्राइवेट फिटनेस सेंटर शुरू होने के बाद वाहन स्वामियों को भारी परेशानी हो रही है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने प्रत्येक जिले में फिटनेस सेंटर खोलने के निर्देश दिए थे, ताकि पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा बढ़े। यह कदम सराहनीय है, लेकिन अधिकांश जिलों में अभी केवल एक ही सेंटर संचालित हो रहा है। इससे एकाधिकार की स्थिति बन गई है और वाहन मालिकों से मनमाने शुल्क वसूले जा रहे हैं। व्यापार मंडल ने मांग की है कि निजी फिटनेस सेंटर शुरू होने के साथ सरकारी सेंटरों को बंद न किया जाए। सभी सेंटरों की नियमित निगरानी हो, शिकायतों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर या ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाए, प्रत्येक जिले में एक स्थायी निरीक्षण समिति गठित हो, जिसमें जिला प्रशासन, परिवहन विभाग और स्थानीय ट्रांसपोर्ट प्रतिनिधि शामिल किए जाएं। उत्तर प्रदेश में कई जिलों से निजी फिटनेस सेंटरों में अवैध वसूली की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं, जिससे यह मुद्दा राज्य स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। संगठन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से संबद्ध है। व्यापार मंडल का कहना है कि इन कदमों से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि वाहन मालिकों को राहत मिलेगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री इस मामले को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ, महामंत्री कमलेश कुमार गुप्ता, प्रमोद गुप्ता ह्यराजाह्ल ध्रुव गुप्ता ह्यहैप्पीह्ल, अशोक कुमार गुप्ता ह्यकल्पनाह्ल, महेश प्रजापति, पंकज गुप्ता, टिंकू गुप्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शादी से पहले ही बुझ गया घर का चिराग

**सोहावल-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी लापता युवक शुभम रावत का शव कई दिनों की लगातार तलाश के बाद एसडीआरएफ की टीम ने घाघरा नदी से बरामद कर लिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई ।जानकारी के अनुसार शुभम रावत (पुत्र आशा राम) बीते 26 दिसंबर को अपने घर से दो अन्य युवकों के साथ निकला था ।लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की। लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो रौनाही थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में दो युवकों के साथ निकलने की बात दर्ज होने पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों युवकों ने शुभम के नदी में डूब जाने की बात बताई ।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को सर्च आपरेशन में लगाया। बीते कई दिनों से एसडीआरएफ की टीम घाघरा नदी में नावों, गोताखोरों और स्थानीय लोगों की मदद से सघन तलाशी अभियान चला रही थी। एसडीआरएफ टीम प्रभारी अंकित यादव के नेतृत्व में चल रहे अभियान के दौरान आखिरकार युवक का शव नदी से बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि शुभम की शादी फरवरी माह में तय थी। जिस घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। वहां अब मातम पसरा हुआ है ।इस दर्दनाक घटना ने न सिर्फ एक परिवार का सहारा छीन लिया। बल्कि दो परिवारों के बीच बनने वाला रिश्ता भी हमेशा के लिए टूट गया। बहनें विलाप कर रही हैं। और परिजन बार-बार यही कह रहे हैं कि ईश्वर ने यह क्या अनहोनी कर दी। रौनाही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रौनाही थाना प्रभारी लालचंद सरोज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## एसआईटी से करायी जाये फसल बीमा योजना में हुये घोटाले की जांचः सदर विधायक



**महोबा।** सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की जाए। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा कि आपके माध्यम अवगत कराना है कि जनपद महोबा एवं झांसी में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में लगभग करोड़ों के घोटाले का मामला तीन माह पहले प्रकाश में आया था। घोटालेबाजो ने बीमा कम्पनी से सांठ गांठ करके न सिर्फ किसानों की भूमि के बल्कि नदीए जंगलए पहाड़ आदि के भी फर्जी बीमा करके रकम हड़प ली। वर्ष 2024 में खरीफ फसल के दौरान हुये गए इस घोटाले का खुलासा पिछले दिनों खराब फसल के मुआवजे का वितरण के दौरान हुआ। इसी प्रकार बुन्देलखण्ड के प्रत्येक जिले में भी इसी तरह के घोटाले सामने आ रहें है। उक्त घोटाले में बीमा कंपनीए जनसेवा केंद्र संचालकों और कृषि विभाग मिलीभगत भी है। जबकि प्रभावित किसानों को फसल बीमा का मुआवजा नहीं मिल रहा है। जालसाजों ने इस घोटाले को अंजाम देने के लिए चकबंदी प्रक्रिया वाले गांव को निशाना बनाया गयाए जहां पोर्टल पर भूस्वामी और बटाईदार का डाटा प्रदर्शित नहीं होता है। इसका फायदा उठाकर जालसाजों ने 10 रुपये के स्टांप पर फर्जी बटाईदार बनकर जमीन का बीमा करा लिया और फिर क्लेम भी प्राप्त कर लिया। यहां हैरान करने वाली बात तो यह है कि बीमा कंपनी ने बिना सत्यापन ही क्लेम का भुगतान कर दियाए यदि सत्यापन सही ढंग से होता तो शायद इस फजीर्वाड़ा से बचा जा सकता था। घोटाले में बीमा कर्मियों एवं कृषि विभाग की संलिप्तता भी स्पष्ट झलक रही है। सदर विधायक ने मांग की है कि जनपद महोबा के अतिरिक्त बुन्देलखण्ड के समस्त जनपदों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में हुये करोड़ों के घोटाले की एसआईटी से उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

## प्रशासन के आश्वासन पर 28 घंटे बाद उठा शव



**बांदा।** पैलानी तहसील के उसरा डेरा निवासी पंकज पुत्र बाबूलाल निषाद 30 की बीते 29 दिसम्बर की रात को मिट्टी डालकर वापस आते समय तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली में दबकर हुई मौत के मामले पर ग्रामीणों ने प्रशासन के आश्वासन पर 28 घंटे बाद शव उठाने दिया। पंकज के ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबकर मौत की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और सड़क किनारे शव रखकर मुआवजे की मांग करने लगे। इसी दौरान लगभग आधा सैकड़ा महिलाएं ग्राम प्रधान खैरेई गोरेलाल निषाद, प्रधान प्रतिनिधि बरेहटा फूलचंद्र निषाद, ग्राम प्रधान खप्टिहा कलां मैना देवी निषाद मुआवजे की मांग को लेकर सड़क किनारे बैठ गये और खदान संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह, थाना प्रभारी राजेश कुमार, चैक इंचार्ज हरिशरण सिंह, लेखपाल व कानूनगो भी मौके पर पहुंच गये और मृतक के परिजनों को समझाते रहे। लगातार शव रोके जाने से शव में बदबू आने लगी। प्रशासन ने मृतक के परिजनों को कृषि दुर्घटना बीमा के तहत 5 लाख रुपये शीघ्र दिए जाने का भरोसा दिया। इसके बाद मृतक के परिजन व ग्रामीण शव उठाने के लिए राजी हुए। खदान संचालक अशोक यादव ने कहा कि ट्रैक्टर घने कोहरे का शिकार हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सैन्य प्रशिक्षण शिविर, बालिकाओं का सराहनीय प्रदर्शन



**बांदा।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय गुरेह में चल रहे अखंड हिन्द फौज प्रारंभिक शैन्य प्रशिक्षण शिविर बालिका वर्ग का समापन समारोह बुधवार को आयोजित हुआ। छात्राओं ने मार्च पास्ट युद्ध रीति-नीति, पैरामिड प्रदर्शन और अग्निवीर प्रदर्शन किया। शिविर में कानपुर प्रांत और मध्य प्रदेश के लगभग 20 जनपदों से 230 छात्राओं तथा 22 सीनियर कमांडर्स ने भाग लिया। इस दौरान अनेक छात्राओं की पदोन्नति की गयी एवं उन्हे उनके क्षेत्रों के विभिन्न दायित्व दिए गये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रतिज्ञा सिंह सीओ सिटी, ट्रैफिक ने बच्चियों के प्रदर्शन को सराहा। उन्होने कहा कि बेटियां सिर्फ घरों की चैखट के लिए नहीं बल्कि समाज में उत्कृष्ट प्रदर्शन, समाज का उद्धार तथा देश की गरिमा, सम्मान व भविष्य निर्माण का कार्य भी करती हैं। इस दौरान अखंड हिन्द फौज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश अवस्थी, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन विनोद जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष बालिका वर्ग खुशी, प्रांत कमांडर वृष्टि, पलक, अंजली, जान्हवी, सुगम, पूजा, सुहानी, अन्य सीनियर कमांडर्स और 230 गर्ल्स कैडेट मौजूद रहीं।

## सेना में भर्ती के नाम पर ठगी मामले में एक और व्यक्ति ने दर्ज कराया केस

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के महबूबगंज में सेना में भर्ती के नाम पर ठगी के मामले में आरोपितों पर एक और ब्यक्ति ने केस दर्ज कराया है। भैरीपुर गांव निवासी सूरज साहू का कहना है कि शेरवा घाट निवासी रोहित यादव अपने बड़े भाई जनार्दन यादव जो कि सेना में बड़ा अधिकारी है का हवाला देते हुए कहाकि दानापुर टैटोरियल में भर्ती चल रही है और तुम फौज में भर्ती होने लायक भी हो ।उसने अपने भाई जनार्दन यादव से बात भी कराई ।जनार्दन ने कहाकि मेरे मित्र संजय यादव व राहुल यादव निवासी बलिया मिलकर भर्ती करवा देंगे।

भर्ती में12लाख रुपये लगने की बात कहते हुए उससे 7 लाख ले लिया और सभी अभिलेख भी ले लिया। उसे दानापुर बिहार ले गया जंहा उसका फिजिकल, मेडिकल और लिखित परीक्षा एक आफिस में कराया गया ।भर्ती प्रक्रिया के बाद सेलेक्टेड कंडीडेट की सूची में नाम भी आ गया परन्तु काफी इंतजार के बाद भी ज्वाईनिग लेटर नहींआया तो उसने अपना पैसा वापस मांगने लगा ।इस पर रोहित यादव गाली गलौज और मारपीट पर आमादा हो गया ।बताते चले कि शेरवाघाट निवासी बलराम सिंह ने भी इसके पूर्व चारो आरोपितों के खिलाफ सेना में भर्ती के नाम पर लगभग12लाख की ठगी का केस दर्ज कराया था ।एसओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर चारो आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर पड़ताल कराई जा रही है।

# राजकीय इंटर कालेज धौर्रा में वार्षिकोत्सव संपन्न

**ललितपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज धौर्रा में समग्र शिक्षा माध्यमिक के अतंर्गत करियर गाइडेंस मेला और वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डीआईओएस ओमप्रकाश मौजूद रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्ता लेखाधिकारी घनश्याम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर

- कार्यक्रम में मेधावियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कैरियर गाइडेंस मेले में विभिन्न क्षेत्रों के अतिथियों ने बच्चों को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। इनमें अटल विद्यालय प्रधानाचार्य जियालाल, बैंक, डाक, रेल्वे, स्वास्थ्य, पत्रकारिता, उच्च शिक्षा, पंचायत विभाग और अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। वार्षिकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं पिछले सत्र के मेधावी छात्रों का ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य प्रणवीर सिंह राजपूत ने सभी अतिाथियों का



आभार व्यक्त किया। तो वहीं मंच संचालन अनुराग शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापक मोहन, साजिद, अर्जुन सप्रे आदि का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान अटल महाविद्यालय की प्रधान अध्यापक जियालाल, अध्यापक हीरालाल कुशवाहा, पूर्व प्रधान रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, विनय तिवारी, महावीर कुशवाहा, इंद्रजीत यादव, जितेंद्र खटीक, आनंद कुशवाहा, ओमप्रकाश यादव मौजूद रहे।

# चुनौतियों के बीच आगे बढ़े

काल चक्र कभी थमता नहीं। हर अच्छा-बुरा समय गुजर जाता है। बीते चार-पांच वर्षों की बात करें तो कोई ऐसा साल नहीं रहा जिसमें मानव समाज को बढ़े जख्म न मिले हों, लेकिन समय हर जख्म पर मरहम लगा देता है। 2020 में हमने कोरोना का भयावह रूप देखा। वुहान लैब से निकले अदृश्य वायरस ने मानव समाज के अस्तित्व पर चुनौती खड़ी कर दी थी। लेकिन साल के अंत तक महामारी थमने लगी। लोगों में उत्साह, ऊर्जा का संचार हुआ। कोरोना की पहली लहर में लड़खड़ायी अर्थव्यवथा धीरे-धीरे संभलने लगी, लोग महामारी के खत्म होने का जश्न मनाने लगे, लॉकडाउन के एकांगी जीवन से बाहर निकल कर सैर-सपाटे, मिलने-जुलने का कार्यक्रम भी बनाने लगे थे। लेकिन तभी महामारी की दूसरी लहर ने पलटवार किया और ऐसा जख्म दिया जिसमें कोई ऐसा नहीं बचा जिसने अपने परिवार, मित्र या सगे-संबंधियों को खोया नहीं खोया। लेकिन काल का चक्र सब पर भारी पड़ता है। महामारी पर भी भारी पड़ा। कोरोना रूप बदलकर एक के बाद एक वार करता रहा और धीरे-धीरे गायब हो गया। महामारी से जख्मी अर्थव्यवस्था भी धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगी, लड़खड़ाये उद्योग संभलने लगे। लेकिन तभी रूस और यूक्रेन के बीच ऐसा युद्ध शुरू हुआ जो आज तक जारी है। 24 फरवरी 2022 को रूस के आक्रमण से शुरू हुआ युद्ध चल ही रहा था कि कि हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर नृशंस आतंकी हमला कर दिया। आतंकी हमले से जख्मी इजराइल घायल शेर की तरह हमास, हिजबुल्ला, हुती जैसे आतंकी संगठनों पर टूट पड़ा। अपनी सुरक्षा के प्रति अति सतर्क इजराइल ने इन आतंकी संगठनों के आकाओं और लड़ाकों को चुन-चुन कर तो मारा ही। इनके मददगार ईरान को भी सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वार, पलट वार में युद्ध के बादल इतने सघन हो गये कि एक समय आधी दुनिया युद्ध में ही उलझ गयी। युद्ध की भी एक सीमा है। यह खत्म ही होती है लेकिन तब तक हजारों-लाखों बेगुनाहों की जान ले लेती है। करोड़ों को बेघर और शरणार्थी बना देती है। दुनिया भर में युद्ध की लपटों के बीच 20 जनवरी 2025 को ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति पद की कमान संभाली और अपनी हरकतों से वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं और व्यापार व्यवस्था को लगभग अस्त-व्यस्त कर दिया। इसी बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों को नेस्तनाबूद करने के लिए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर लॉच किया और तीन दिन में ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के पराक्रम को एक बार फिर दुनिया के सामने स्थापित किया। लेकिन अपने पालतू पाकिस्तान के पराजय पर ट्रंप इतना कुपित हुए कि भारत के खिलाफ एक के बाद एक फैसले करने लगे। दो बार 25-25 फीसद की टैरिफ लगायी, भारतीयों को जंजीरों में बांधकर डिपोर्ट किया, एच-1बी पर अनेक पाबंदियां लगायीं, भारत में निवेश करने वाली अमरीकी कंपनियों को रोकने की नाकाम कोशिश की। यहां तक कि छात्र वीजा पर भी अनेक प्रतिबंध लगा दिये। ट्रंप को लग रहा था कि ऐसी हरकतों से वे भारत को दबा लेंगे, लेकिन भारत ने एक बार फिर साबित किया कि उसके विकास की कहानी स्वदेशी खपत और उद्यमिता से आगे बढ़ रही है। इसके निर्माता-निर्देशक और पटकथा लेखक सभी भारतीय हैं। यह बात तब और पुख्ता हो गयी जब दूसरी तिमाही के जीडीपी नतीजे आये और हमारी अर्थव्यवस्था 8.2 फीसद की दर से आगे बढ़ी। बहरहाल ट्रंप ने जो चुनौती भारत को दी, भारत न सिर्फ मजबूती से उसका सामना कर रहा है बल्कि यूके, ओमान, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से मुक्त व्यापार समझौतों के जरिए अमरीका का विकल्प भी खोज रहा है। कुल मिलाकर हमारी अर्थव्यवस्था ने साबित किया कि वह अमरीकी प्रतिबंधों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। दरअसल हमारी यही ताकत अमरीका और अन्य देशों को परेशान करती है। भारत ने जिस संकल्प के साथ अपनी सुरक्षा की, किसी के दबाव में आये बिना अपनी आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाया, उसका परिणाम हमें साल के अंत में तब मिला जब हमारी अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी। ऐसे ही संकल्पों के साथ हमे नये साल में भी आगे बढ़ते जाना है और नये-नये मुकाम हासिल करना है।




**भारत ने सैन्य पराक्रम से पाक को धूल चटायी और ट्रंप की चुनौतियों का सामना करते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन गया।**

## विचार

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।
-महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।
-सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।
-स्वामी रामतीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।
-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।
-आचार्य विनोबा भावे.

# नववर्ष पर लें राष्ट्र, समाज निर्माण का संकल्प



अरविन्द जयतिलक

**आइये हम समवेत प्रयासों के जरिए आशान्वित हों कि नया साल भी उत्सवधर्मी भारतीय जनमानस को एक नया संकल्प, नई ऊंचाई और नया विचार देगा। विचारों के इस संकल्प को उर्वरता और मुखरता प्रदान करने के साथ उत्थान व विकास की नई लकीर खिंचेगा। ऐसा इसलिए कि राष्ट्र व समाज के उत्थान में ही स्वयं के उत्थान व विकास के बीज निहित होते हैं।**



नव वर्ष की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाओं के साथ आइये हम नववर्ष पर नव संकल्प लें कि राष्ट्र व समाज निर्माण की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उर्जा और उल्लास के साथ चतुर्दिक खुशहाली, समृद्धि और समरसता का वातावरण रचेंगे। जन-जन के मन में शुभकामनाएं प्रस्फुटित हों ऐसी कामना करेंगे। यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नये सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे। क्योंकि यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की उर्जा देता है। वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे ढ़केल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। चैतन्यता से भरपूर संकल्प ही स्वयं के जीवन को समुन्नत बनाने के साथ-साथ समाज व देश की भाषा, संस्कृति, विविधता, सर्वधर्म समभाव और लोकमान्यताओं को संवारने और सहेजने का आत्मबल देता है।

आइये हम समवेत प्रयास के जरिए आशान्वित हों कि यह नया साल भी उत्सवधर्मी भारतीय जनमानस को एक नया संकल्प, नई ऊंचाई और नया विचार देगा। विचारों के इस संकल्प को उर्वरता और मुखरता प्रदान करने के साथ उत्थान व विकास की नई लकीर खिंचेगा। ऐसा इसलिए कि राष्ट्र व समाज के उत्थान में ही स्वयं के उत्थान व विकास के बीज निहित होते हैं। भारतीय जनमानस को इस नए साल में इसी उत्थान व विकास के बीज के प्रकीर्णन का संकल्प लेना होगा। इस बीज के प्रस्फुटन से ही देश में तरक्की का अमृत रस छलकेगा और सौहार्द का वातावरण निर्मित होगा। तरक्की व सौहार्द के जुड़ाव से ही राष्ट्र व समाज की चेतना मजबूत होगी। नए संकल्पों के जरिए ही मनोकामनाओं की पूर्ति होगी। राष्ट्र का मान और शान बढ़ेगा। कामना करें कि यह नया साल इन्हीं संकल्पों को पूरित करने का एक सात्विक क्षण बनें। इसी क्षण के संकल्पों के जरिए ही भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी और धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव को मिटाया जा सकता है। इसी क्षण में भारत राष्ट्र के सनातन मूल्यों को सहेजा जा सकता है। इसी क्षण में लोककल्याण के मार्ग के विघ्न-बाधाओं को दूर किया जा सकता है। बस संकल्पों को साधने और मूर्त रुप देने की जरुरत है। यह कार्य हम छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए कर सकते हैं। बस सिर्फ अपने आसपास सकारात्मक विचारों को प्रसारित करने की जरुरत है।

## नववर्ष मंगलमय हो

हमारे आसपास अभाव ग्रस्त लोगों की कमी नहीं है। हम चाहें तो इन्हें मदद पहुंचाकर और जागरुकता के जरिए नए साल का उपहार दे सकते हैं। इस समय भीषण ठंड है। ऐसे हजारों लोग हैं जिनके पास गरम कपड़े नहीं हैं। वे ठंड से ठिठुर रहे हैं। गौर करें तो हर वर्ष ठंड और भूख से हजारों लोग मरते हैं। हम इन्हें कपड़े और भोजन उपलब्ध कराकर उनकी सुरक्षा और सेवा का व्रत ले सकते हैं। सेवा परमोधर्म है। इसी सेवा भाव से हम स्कूल जाने वाले गरीब बच्चों की मदद कर सकते हैं। उन्हें स्वेटर, गर्म कपड़े और जूते-मोजे और पाठ्य-पुस्तकें देकर उनकी चुनौतियों को कम कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े स्वयंसेवी संगठन इस पुनीत कार्य में जुटे हैं। अगर यहीं कार्य हर संपन्न व्यक्ति के स्तर से हो तो समाज के अभावग्रस्त लोगों की जरुरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है। अगर ऐसा हो तो समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। यह सकारात्मक संदेश रुपी उर्जा ही किसी राष्ट्र को दुनिया के अग्रिम देशों की कतार में खड़ा करती है। उसके सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है। अंतिम हाशिए पर खड़े-पड़े अभावग्रस्त लोगों के होठों पर मुस्कान व मिठास बिखेरती है। हम भी ऐसा कर गांधी जी के रामराज वाले सपने को साकार कर सकते हैं। अच्छी बात है देश की तकरीबन सभी सरकारें इस दिशा में सकारात्मक पहल कर रही हैं। वह रैन बसेरों के जरिए बेघर लोगों को सुरक्षा प्रदान कर रही है। केंद्र व राज्य सरकारें गरीबों और जरुरतमंदों के कल्याण के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। लेकिन बढ़ती आबादी की चुनौतियों को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए जन-जन की भागीदारी और सहभागिता बेहद आवश्यक है। हम हर वर्ष लाखों टन भोजन बर्बाद बर्बाद हकर देते हैं। घर में बचे भोजन को इधर-उधर फेंक देते हैं। अगर हम इसी भोजन को जरुरतमंदों तक पहुंचा दें तो उनका भला हो सकता है। वैसे भी भारत की सनातन संस्कृति और मूल्य-विचार मिलजुलकर रहने और मिल-बांटकर खाने की प्रेरणा देती हैं। हमें उन आजमाए मूल्यों पर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे आसपास हजारों ऐसे लोग हैं जो बीमार और अस्वस्थ हैं। हम चाहे तो उन्हें आसानी से सहयोग कर अस्पताल पहुंचा सकते हैं। विचार करें तो इस कार्य में देश के लाखों चिकित्सक अहम भूमिका निभा सकते हैं। वे अपने आसपास रहने वाले गरीब लोगों का निःशुल्क इलाज व दवा प्रदान कर उनकी सेवा कर सकते हैं। चिकित्सकों को दूजा भगवान की संज्ञा दी गयी है। लिहाजा उन्हें भगवान जैसा आदर्श विचार का संकल्प लेना चाहिए। इसी तरह देश के वकील, नौकरशाह, सरकारी कर्मचारी और उद्योगपति भी देश को संवारने में अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। आइये हमलोग संकल्प लें कि इस वर्ष प्रदूषण न कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। प्रदूषण की तरह गंदगी भी एक भीषण समस्या है। गंदगी के कारण विभिन्न किस्म के रोग उत्पन होते हैं। इन रोगों से निपटने के लिए सरकार हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए खर्च करती हैं। गंदगी मिटाने के लिए देश में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हमलोग नए साल में समूहबद्ध होकर अपने आसपास की गंदगी को साफ करने और वातावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प ले सकते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो बीमारियो पर खर्च होने वाली धनराशि को शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मदों में खर्च किया जा सकता है। देश में नशाखोरी भी एक भयावह समस्या है। बिडंबना है कि युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति कम होने के बजाए बढ़ रही है। विगत दशकों में हर छोटे-बडे. समारोहों में शराब सेवन का प्रचलन बढ़ा है। इससे युवाओं का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। साथ ही घर-परिवार का माहौल भी दूषित हो रहा है। शराब सेवन के कारण समाज में अपराध बढ़ रहे हैं। युवाओं में धूम्रपान की प्रवृत्ति बढ़ी हैं। कहा जाता है कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इस वर्ष युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वह शराबखोरी और ध्रुम्रपान का परित्याग करेंगे। गांधी जी ने नशामुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को देश के युवाओं को पूरा करना चाहिए। भारत एक विविधतापूर्ण बहुधर्मी व संस्कृति संपन्न देश है। लेकिन जब देश में धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव होते हैं तो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचती है। हिंसा से हजारों लोगों की जान जाती है। हजारों करोड़ की संपत्ति का सर्वनाश होता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए युवाओं का इस्तेमाल होता है। अभी गत वर्ष ही देश में कुछ नीतिगत मसलों पर व्यापक स्तर पर हिंसा और उपद्रव देखने को मिला। इस उपद्रव में बड़े पैमाने पर युवा चेहरे शामिल देखे गए। यह ठीक नहीं है। राष्ट्र निर्माण में युवा उर्जा का उपयोग होना चाहिए न कि नकारात्मक कार्यों में। युवाओं को भी समझना होगा कि वे राष्ट्र की पूंजी है और उनका नकारात्मक इस्तेमाल न होने पाए। सच तो यह है कि युवा वर्ग ही देश में बदलाव का सबसे बड़ा संवाहक है। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधे पर है। आइये हम नववर्ष 2026 में भारत राष्ट्र व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।

## सोशल मीडिया



अहमदाबाद में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'नमोत्सव' में उनके जीवन की विभिन्न प्रेरक घटनाओं का स्मरण किया। अमित शाह.



कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में 91 सदस्यों ने 5 जनवरी 2026 से मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करने की पूरी निष्ठा और संकल्प के साथ शपथ ली। संघर्ष जारी है.. दिग्विजय सिंह.



मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की अनुकंपा से संपूर्ण जगत में धर्म, शांति व सद्भाव का विस्तार हो भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हों, यही प्रार्थना है। सियावर रामचन्द्र की जय! सीएम योगी.

# आत्म साक्षात्कार

हमें अपने जीवन में चुनौतियों से निपटने के लिए सबसे पहले उसे स्वीकार करना सीखना होगा। जो समस्या है, जो चिंता या परेशानी है, उसे गंभीरता से स्वीकार करना होगा। अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करना: नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें।

अंतर्दृष्टि

खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है। आप भी, जल्द से जल्द इसके लिए नामांकन कर सकते हैं!

# हंसते-हंसते फंस गये तो...

व्यंग्यलोक

हंसना बहुत रहस्यमई कला है। अगर हंसते हुए फंस गए तो यह भारी बला है। पहले हंसे, फिर फंसे और प्यार में धंसे तो यह भारी जलजला है। हर ट्रक-टेंपो पर जीवन का असली भेद वाक्य गुदा हुआ है कि हंस मत पगली प्यार हो जाएगा। अगर कोई पगली हंस जाए तो शर्तिया प्यार हो जाता है। प्यार की दुनिया में पहला कदम धरने के लिए हंसना बहुत जरूरी है। हंसते-हंसते फंसना बहुत जरूरी है। हंसने पर प्यार और फिर वार ही वार। मीरा ने साफ कहा था- 'जो मैं यह जानती, प्रीत करे दुख होय, तो नगर ढिंढ़ोरा पीटती, प्रीत न करियो कोय।' हंसने की इच्छा हो जाए तो इसके लिए शर्मिंदा मत होइए। गंभीर या दुखद अवसरों पर हंसने की इच्छा होनी बहुत स्वाभाविक है, क्योंकि इससे आपको परेशानी में कमी होती महसूस होती है। दूसरों की परेशानी और दूसरों के दुख में ही तो खुद को असली हंसी आती है। अगर आपको बीवी के सामने भूले भटके हंसी आ जाए तो तुरंत उसे रोकिए। आप हंसे नहीं कि फंसे नहीं। आज तक कोई मां का इक लाल, माइक का लाल, माया का दलाल अथवा माई का लाल बीवी के सामने नहीं आ सका है। इसके लिए आप कमरे में किसी एक जगह अपनी नजरें केन्द्रित करके शून्य में प्रायश्चित कीजिए। इस समय जब बीवी आपको ताक रही है तो आपका मुंह से सांस लेना कतई संभव नहीं होगा। तब आप तुरंत अपना मुंह बंद कर लें और केवल नाक से ही गहरी-गहरी सांस लेना शुरू कर दें। यह मंत्र तो आपको पहले ही पता है कि हंसे नहीं कि फंसे नहीं। अगर बीवी के सामने हंसे तो वार होगा और फंसना पक्का तय है। बीवी के सामने असली मंत्र यही है- हंस मत पगले वार हो जाएगा। पड़ोसन के सामने हंसे तो फिर शर्तिया प्यार होगा और फंसना पक्का तय है। प्यार हो या वार फंसना तो पक्का! बेवकूफ लोग होते हैं जो यह कहते हैं कि हंसने से तनाव कम होता है। जिंदगी का असली फंडा है कि अगर आप हंसे तो तनाव बढ़ना पक्का। द्रौपदी ने अंधे का बेटा अंधा कहकर जोरदार कहकहा लगाया था और इसी से एक नया महाभारत पैदा कर दिया था। द्रौपदी की हंसी से वह इंद्रप्रस्थ की जनता फंसी और खुद युद्ध की आग में धंसी। सुलोचना मेघनाथ की पत्नी थी। रणभूमि में मेघनाथ का कटा हुआ सिर पत्नी सुलोचना को देख कर जोर-जोर से हंसने लगा। कहते हैं कि मेघनाथ मरने के बाद ही पत्नी के सामने हंस पाया था। आज के नेताओं और मंत्रियों की चलाकियों के आगे जनता का हंसना दुर्लभ है। फिर आप किस खेत की मूली हैं?



पूरन सरमा

# कला की कीर्ति और कमाई के इस साल खुलेंगे दरवाजे



कला जगत-2026

डॉ.अनिता राठौर

साल 2026 भारतीय कला के लिए एक तरह से उत्सवों का वर्ष बनकर आया है। देश-विदेश में फैले मंचों पर कई समकालीन प्रयोग, लोक परंपराओं की जीवंतता और हस्तशिल्प की सदियों पुरानी विरासत इस साल तीनों एक साथ संवाद करते दिखेंगी। यह सिर्फ प्रदर्शनों का कैलेंडर नहीं है बल्कि भारतीय कला की पहचान का नया संदर्भ है। नई दिल्ली में होने वाला 'इंडिया आर्ट फेयर' जो कि दक्षिण एशिया का सबसे प्रभावी कला मेलों में से एक गिना जाता है, यहां भारतीय कलाकारों की कलाकृतियां, अंतर्राष्ट्रीय प्रशंसकों और कलाप्रेमियों का ध्यान अपनी तरफ खीचेंगी। जबकि दूसरी ओर केरल में इसी साल 31 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाली एशिया की सबसे बड़ी और समकालीन कला प्रदर्शनी 'कोच्चि मिजरिश बिनाले' भारतीय कला की प्रतिष्ठा को दुनिया के दो दर्जन से ज्यादा देशों तक पहुंचायेगी। अगर इस साल 24 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक जहांगीर आर्ट गैलरी मुंबई में आयोजित होने वाली 134वीं आल इंडिया एनुवल आर्ट एग्जिवेशन की बात न करें तो इस साल के कला कार्यक्रमों का संदर्भ अधूरा रहेगा। दरअसल जहांगीर आर्ट गैलरी में यह आयोजन भारत की परंपरागत और समकालीन चित्रकला समुदाय के लिए एक प्रतिष्ठित वार्षिक प्रदर्शनी है। जहां कलाकारों को पुरस्कार, पहचान और एक बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंच तो मिलती ही है, इस गैलरी की अपनी निजी प्रतिष्ठा कुछ इस तरह की है कि यहां प्रदर्शित होने वाली कृतियां दुनिया के कोने-कोने तक अपनी लोकप्रियता हासिल करती हैं। साल 2026 में भारतीय कला सिर्फ प्रदर्शनीयों तक ही अपनी धमक नहीं बिखेरेगी बल्कि लोक और हस्तशिल्प में भी एक मजबूत हस्तक्षेप करेगी। फरीदाबाद का सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला, लोककला और शिल्पकारों के लिए अब दक्षिण एशिया की सबसे प्रतिष्ठित पहचान बन गया है।

साल 2026 में यहां कारीगरों की पीढ़ीगत कला, मिट्टी, धातु, कपड़ा और लकड़ी नये बाजार और सम्मान पायेगी। यह कला सिर्फ दीघाओं तक कभी सीमित नहीं रहती बल्कि अपने शिल्प से शिक्षण और रोजगार का विस्तार भी करती है। अनुमान है कि कई सौ करोड़ का कारोबार करने वाला यह हस्तशिल्प मेला अब दुनिया के बड़े हस्तशिल्प मेलों के साथ हाथ मिलाने की तैयारी में है, जिसके बाद सूरजकुंड का यह मेला न सिर्फ कारीगरों के लिए सफलता और कमाई के नये द्वार खोलेगा बल्कि भारत की कला लोकप्रियता को भी नये पंख देगा। इस वर्ष कई कला महोत्सव डिजिटल क्यूरेशन, एआर/वीआर अनुभव और इंट्रैक्टिव इंस्टॉलेशन को भी नया विस्तार देते दिखेंगे, जिसमें युवा दर्शक जुड़ेगा और परंपरा आधुनिक भाषा पायेगी। साथ ही कलाकार वाताएं और कार्यशालाएं कला को देखने के आगे समझने का अवसर देंगी। कुल मिलाकर साल 2026 भारतीय कला महोत्सव सिर्फ प्रदर्शन नहीं संवाद और समावेशन तथा आत्मविश्वास का उत्सव वर्ष होगा। परंपरा अपनी जगह में स्थिर रहकर नई उड़ान भरेगी और भारतीय कला इस वर्ष कई महोत्सव के माध्यम से पूरी दुनिया में अपने चटख रंग बिखेरेगी।

कला अगर सिर्फ कला तक ही सीमित रहे, तो उसकी कलात्मकता चाहे जितनी प्रभावी हो, लेकिन कमाई न होने से कलाकारों की स्थिति बेहतर नहीं होती। साल 2026 में भारतीय कला कारोबार की दुनिया में भी छलांग लगाने की भरपूर योजना बना रखी है। यही कारण है कि 2026 में भारतीय कला सिर्फ सौंदर्य और अभिव्यक्ति का दरवाजा नहीं खोलेगी बल्कि ठोस आर्थिक संभावनाओं के दरवाजे पर भी दस्तक देगी। कला अब हॉबी या एलीट स्पेस से निकलकर क्रिएटिव इकोनॉमी का अहम हिस्सा बन रही है। इसलिए 2026 के भारतीय कला बाजार का आर्थिक प्रवेश द्वार भी बनने की उम्मीद है। भारत का आर्ट मार्केट 2026 में मिड लेवल कलेक्शन के कारण काफी फैलेगा, जानकारों को इसकी उम्मीद है। अनुमान है कि इस साल कार्पोरेट प्रोफेशनल्स और स्टार्टअप फाउंडर्स भारतीय कला को अर्थव्यवस्था की दुनिया में अपने पैरों पर खड़ा करने की कोशिश करेंगे। हाल के सालों में इंडिया आर्ट फेयर जैसे मंचों पर देखा गया है कि 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपये तक की कलाकृतियां बड़ी आसानी से बिकती हैं और इनकी मांग भी लगातार बनी रहती है। अनुमान है कि इस साल कलाकृतियों की इन कीमतों पर सहजता से 10 से 15 फीसदी तक की वृद्धि देखी जायेगी। इसके संकेत अभी से मिलने शुरू हो गये हैं।

## आपकी बात

### पड़ोसी देशों की साजिश

भारत के पड़ोसी देश लगातार हमारे खिलाफ साजिशें करते रहते हैं। बांग्लादेश में भारत विरोधी अभियान चीन की नयी साजिश हो सकती है। अभी मालदीव में राजनीतिक कारणों से भारत विरोधी मुहिम चल ही रही है कि इसमें अब बांग्लादेश के कट्टरपंथी भी शामिल हो गये हैं। अब ऐसी हरकतें बांग्लादेश में भी शुरू हो गयी हैं। हालांकि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना बहुत मेच्योर नेता हैं। उन्होंने बांग्लादेश में 'इंडिया आउट' को साजिश बताया है, लेकिन बीते डेढ़ दशक से हाशिए पर खड़े बांग्लादेश के विपक्ष ने और उसकी नेता बेगम खालिदा जिया ने भारत विरोध को सियासी ताकत बढ़ाने का हथियार बना लिया है। बात सिर्फ बांग्लादेश और मालदीव की ही नहीं है बल्कि भारत के बल पर जीने वाला हिन्दू बहुल राष्ट्र नेपाल और श्रीलंका जैसे देश भी सियासी बदलाव के साथ भारत के लिए चुनौती बन जाते हैं। पाकिस्तान और चीन तो खैर हैं ही हमारे दुश्मन। ऐसे में भारत के सामने सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि आखिर वह इन स्थितियों से कैसे निपटे? छोटे-छोटे छुद्र राजनीतिक समूह सियासी ताकत हासिल करने, सत्ता पाने के लिए भारत विरोध को मुद्दा बनाते हैं और सत्ता मिल गयी तो भारत के हितों के खिलाफ काम करते हैं। सत्ता न मिली तो भी भारतीय हितों पर कुठाराघात करते हैं। बांग्लादेश बनाने के लिए भारत ने शहादत दी है, नेपाल भारत की मदद के बिना नहीं चल सकता, मालदीव को भी भारत कई बार बचा चुका है और श्रीलंका तो हाल-फिलहाल दिवालिया ही हो गया था। भारत की मदद से ही संभलने की कोशिश कर रहा है। भारत से मदद लेकर और भारत के खिलाफ काम करना, भारतीय हितों पर कुठाराघात करना पड़ोसी देशों की सियासत का हिस्सा बन गया है। इसलिए भारत को भी अब इन देशों से सावधान रहने के साथ ही इनको दी जाने वाली मदद में कटौती करनी चाहिए। इससे इन देशों को सबक मिलेगी अपने बर्ताव में सुधार करेंगे।

**विनोद कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### सौर ऊर्जा में निवेश

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है। दरअसल अब ग्रीन एनर्जी जरूरी हो गयी है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## भंडारे के साथ रामकथा संपन्न

अमानीगंज-अयोध्या। प्रतिष्ठा द्वादशी की वर्षगांठ के अवसर पर रूदौली विधायक रामचंद्र यादव के संयोजन में घटौली के कोटहिन भवानी मंदिर पर आयोजित सप्त दिवसीय राम कथा बुधवार को पूणार्हुति व भंडारे के साथ संपन्न हुई। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के अंतिम सत्र में प्रवाचक कमलेश मिश्रा ने कहा कि अपने मानस में राम को बैठना है तो पहले प्रभु श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतरना पड़ेगा। धनवान और बलवान को तो जीता जा सकता है लेकिन चरित्रवान को नहीं जीता जा सकता। कथा के संयोजक रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कथा व्यास कमलेश मिश्रा को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। विधायक ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री राम कथा का आयोजन प्राण प्रतिष्ठा के समय से ही हो रहा है, आगे भी यह आयोजन होता रहेगा। उन्होंने कथा में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कामाख्या नगर पंचायत के चेयरमैन शीतला प्रसाद शुक्ल, ब्लाक प्रमुख राम प्रताप यादव, पवन सिंह, कमलेश यादव, राम विहारी तिवारी, भवानी फेर मिश्र, बंशीधर द्विवेदी, शत्रुघ्न पांडेय, राकेश तिवारी, राजेश सिंह, अजय सिंह, जय हिन्द सिंह, विनोद पांडेय, आलोक चन्द्र यादव, परमानंद यादव, राम शरण वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं को भा रही अयोध्या की आध्यात्मिक गर्माहट

## प्रतिष्ठा द्वादशी और नववर्ष की पूर्व संध्या पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



जिला संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या अब सिर्फ आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं का सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल बन चुकी है। जहां कभी जयपुर, शिमला और मनाली जैसे हिल स्टेशन नए साल और छुट्टियों में युवाओं की पहली पसंद होते थे, वहीं अब रामलला के दर्शन और भव्य राम मंदिर की आभा ने सब कुछ बदल दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के विकास कार्यों ने अयोध्या को आधुनिकता और आस्था का अनूठा संगम बना दिया है। प्रतिष्ठा द्वादशी और नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर यहां उमड़ी अपार भीड़ ने इस बदलाव को साफ साबित कर दिया। 31 दिसंबर 2025 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई गई। इस खास मौके पर सुबह से ही लाखों श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। ठंड और कोहरे के बावजूद युवा पीढ़ी खासा उत्साहित दिखी। राम मंदिर परिसर, राम की पैड़ी, हनुमानगढ़ी, कनक भवन और सरयू घाट हर जगह युवाओं की भीड़ छाई रही। विशेष बात यह कि इनमें बड़ी संख्या में 18 से 35 वर्ष के युवा थे, जो पारंपरिक पर्यटन स्थलों को छोड़कर आध्यात्मिक यात्रा को चुन रहे हैं। राम मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय लोगों का कहना है कि योगी सरकार के प्रयासों से यह सिलसिला जारी रहेगा। नए साल की शुरूआत आस्था के समंदर में गोते लगाकर करना यही नई पीढ़ी का नया अंदाज बन चुका है। यह बदलाव बताता है कि नई पीढ़ी अब भक्ति और आधुनिकता को एक साथ जी रही है। अयोध्या अब न सिर्फ धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि युवाओं के लिए ट्रेंडिंग डेस्टिनेशन बन चुकी है। जहां पहले वीकेंड पर पहाड़ों की ठंडक याद की जाती थी, वहीं अब रामनगरी की आध्यात्मिक गर्माहट युवाओं को खींच रही है।

- रामनगरी में आस्था के समुंदर में गोते लगा रहे युवा
- जयपुर, शिमला व मनाली नहीं अब अयोध्या बनी प्रिय स्थली

एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जा रहा है।योगी सरकार ने विजन तहत अयोध्या को वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बनाने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है।

महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, चैड़ी और मजबूत सड़कें, आधुनिक रेलवे स्टेशन, राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ जैसी लैंडमार्क परियोजनाओं ने शहर को विश्वस्तरीय रूप दिया है। लगभग हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिला है और अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। सरयू घाटों का सौंदर्यीकरण, सीवरेज योजना, पार्किंग और पर्यावरण-अनुकूल विकास ने श्रद्धालुओं को सुविधाजनक दर्शन का अनुभव दिया है।युवाओं में सेल्फी फीवर का आलम यह है कि लता चैक पर लगी वीणा, राम पथ पर सजी रोशनी, और सरयू तट पर जलते दीपकहर जगह फोटो खींचने और सोशल मीडिया पर शेयर करने की होड़ मची हुई है।

कई युवा बताते हैं, पहले नए साल पर पार्टी या पहाड़ों पर घूमना पसंद था, लेकिन अब रामलला के दर्शन के बाद मन को जो शांति मिलती है, वो कहीं नहीं। दिल्ली से आए युवा राहुल ने बताया योगी सरकार के विकास ने अयोध्या को इतना सुंदर और सुविधा संपन्न बना दिया है कि यहां आना अब ट्रेंड बन गया है। अब बहुत से राज्य में लोग योगी जैसा मुख्यमंत्री चाहते लगे हैं नैनीताल से आए अर्जुन ने बताया कि वह प्राइवेट जॉब करते हैं। दोस्तों के साथ दर्शन को पहुंचे हैं। कहा, अयोध्या बहुत ही अच्छा दर्शनीय स्थल लगा। बताया अगले वर्ष उनकी शादी है। वह सबसे पहले दर्शन करने अयोध्या ही आयेंगे।

शिमला से अयोध्या घूमने पहुंचीं पूजा ने कहा कि रामनगरी में प्रवेश करते ही उन्हें अलग तरह का अनुभव हुआ। अयोध्या की भव्यता, धार्मिक वातावरण और श्रद्धालुओं की आस्था ने उनका मन प्रसन्न कर दिया। अयोध्या को देखकर बहुत अच्छा लगा। शहर का विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाएं सराहनीय हैं। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन के बाद मन में शांति भाव आया। योगी सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या अब एक भव्य धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव का केंद्र बन चुकी है।इस अवसर पर स्थानीय लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। स्थानीय निवासी प्रकाश तिवारी ने कहा प्रभु रामलला के दर्शन से मन को शांति मिलती है, और आज का दिन हमारे लिए स्वर्ग जैसा है। स्थानीय दुकानदार सुमित्रा देवी ने भावुक होकर बताया कि हमारी पीढ़ियों की प्रार्थना आज फलीभूत हुई है। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर राममय अयोध्या देखकर गर्व हो रहा है।

## भाजपा नेता राकेश कर्रा ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से की शिष्टाचार भेंट



**बाराबंकी।** वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने नवनियुक्त भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री पंकज चैधरी से लखनऊ पहुंच शिष्टाचार भेंट करते हुये बूके व भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेटकर हार्दिक बधाई दी। तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्री कर्रा ने प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी को जनपद में विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक स्थिति, कार्यकताओं की समस्याओं और स्थानीय मुद्दों से अवगत कराया। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं से निरंतर संवाद बनाए रखने, जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और संगठनात्मक अनुशासन को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस मौके पर श्री कर्रा ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री चैधरी जमीन सें जुड़े हुए लोकप्रिय नेता है। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में और मजबूती के साथ जनसेवा एवं विकास के कार्यो को आगे बढ़ाएगी। तथा जनपद में भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी हित में कार्य करेगे।

## अंपायरिंग, स्कोरिंग कार्यशाला मे 16 प्रतिभागियों ने दी लिखित और मौखिक परीक्षा

**बाराबंकी।** लॉर्ड बालाजी क्रिकेट ग्राउंड में प्रथम अंपायरिंग एवं स्कोरिंग कार्यशाला का समापन सम्पन्न हुआ। कार्यशाला मे उत्तर प्रदेश क्रिकेट



एसोसिएशन से आये एजुकेटरो एस0पी सिंह व ए0पी सिंह ने 16 प्रतिभागी बच्चों की लिखित व मौखिक परीक्षा ली। कार्यशाला से पूर्व एजुकेटरो का बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष जतिन वर्मा, चेयरमैन अख्तर अजीज खान, सचिव डॉक्टर अहमद जावेद, कोषाध्यक्ष राजेश अरोड़ा बब्बू ने अंगवस्त्र व बूके देकर स्वागत किया। सचिव श्री जावेद ने बताया कि 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रतिभागियो को संगठन की ओर से प्रमाण पत्र एंव टूनामेंटो मे अंपायर्स की भूमिका निर्वहन करने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर संयुक्त सचिव अंकुर माथुर, मुकेश, सौरभ सूर्यवंशी, कोच इरफान खान आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी गण को उपहार भेंट कर दी गयी विदाई



**बहराइच।** पुलिसकर्मी पुलिस विभाग में अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर ₹पुलिस लाइन सभागार₹ में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल उढ़ाकर एवं उपहार स्वरूप उ0नि0 श्री उमा शंकर सिंह, उ0नि0 श्री प्रकाश पाण्डेय व आरक्षी चालक विनय कुमार सिंह को श्रीरामचरितमानस, ट्रॉली बैग भेंट कर विदा किया गया तथा उनके द्वारा किये गये योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## जनता दर्शन में एसपी सुनीं जन समस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया

## भारत - नेपाल सीमा पर पुलिस और एससएसबी की संयुक्तटीम ने किया गश्त



**रुपईडीहा, बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा क्षेत्र में नववर्ष की पूर्व संध्या पर कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रुपईडीहा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल ( एसएसबी ) 42वीं वाहिनी द्वारा संयुक्त गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान कस्बे, बाजार तथा सीमा क्षेत्र में व्यापक भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। रुपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि नववर्ष को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्र में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए यह संयुक्त गश्त की गई। गश्त के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर आवागमन करने वाले लोगों की सघन जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई।संयुक्त गश्त का मुख्य उद्देश्य सीमा क्षेत्र को पूरी तरह सुरक्षित रखना, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना रहा। सुरक्षा बलों की मौजूदगी से स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, रुपईडीहा थाना पुलिस बल तथा रुपईडीहा सीमा चौकी पर तैनात एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

## पीड़िता ने एसएसपी से लगायी गुहार

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने अपनी जानमाल की सुरक्षा को लेकर एसएसपी से गुहार लगाई है। एस एस पी को दिए गए शिकायती पत्र में एक पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि ग्राम पिरखौली निवासी अभिषेक सिंह उर्फ.आशु सिंह पुत्र रण विजय सिंह नें अपने दो अज्ञात साथियों के साथ दुष्कर्म का प्रयास एवं जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज किया था। प्रकरण में पुलिस ने गंभीर धाराओं में एक नामजद सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अब पीड़िता के ऊपर विपक्षी गण जबरदस्ती सुलह करने का दवाव बना रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि सुलह करने से मना करने पर आरोपी धमकी दे रहे हैं। आरोपी कह रहे हैं कि मेरे पास पैसा है। सबको खरीद लूंगा। तुम लोग कुछ बिगाड़ नहीं पाओगी। तुम लोगों को ठिकाने लगवा दूंगा।

## गेट का दूसरा पल्ला भी चोरी

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के चिरकिटहा ग्रामसभा मे बने खेल के मैदान में लगे गेट का दूसरा पल्ला भी चोरों ने बीती रात पार कर दिया।मामले की जानकारी होने पर प्रधान प्रतिनिधि रामभवन वर्मा ने पुलिस को दी है।ग्राम सभा चिरकिटहा में एक खेल का मैदान बना हुआ है।मैदान की सुरक्षा के लिए चारो तरफ बॉउंड्री व लोहे का गेट लगा हुआ है।बीते26दिसम्बर की रात्रि में चोरों ने एक पल्ला गेट पार कर दिया था।

# थमने का नाम नहीं ले रही हरे पेड़ों की कटान



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज वन रेंज में हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान थमने का नाम नहीं ले रही है।वन कर्मियों एवं पुलिस की मिली भगत से प्रतिबंधित प्रजाति के वृक्षों की अवैध कटान धड़ल्ले से जारी है। जहां एक ओर केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें पर्यावरण संरक्षित करने हेतु सतत प्रयासरत हैं और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाकर वृहद पैमाने पर प्रति वर्ष पौधारोपण करा रही हैं, वहीं दूसरी ओर वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी लकड़कट्टों को संरक्षण देकर उनसे मोटी रकम वसूलते हुए उसी के बदले धरा पर मौजूद खूबसूरत हरियाली पर दिनदहाड़े आरा चलवा रहे हैं। शिकायतों के बाद यही जिम्मेदार वनकर्मी अवैध कटान पर कार्यवाही और जुमार्ना की बात कह कर मामले को रफा दफा करने में भी पीछे नही रहते। बीते सोमवार को कुमारगंज वन रेंज कार्यालय से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर सरूरपुर गांव स्थित धर्मेंद्र यादव की बाग में आधा दर्जन प्रतिबंधित प्रजाति नीम और महुआ के पेड़ों को अवैध रूप से काट डाला गया। जिसका साक्ष्य अभी भी मौके पर मौजूद है। बीते सोमवार को ही तेन्धा गांव में एक विशालकाय हरे भरे महुआ के पेड़ को अवैध तरीके सेकाट डाला गया और शिकायतों के बावजूद भी जिम्मेदार वन अधिकारियों ने रातों-रात काटी गई संपूर्ण लकड़ी पार करवा दिया। इसके अलावा मंगलवार को गोकुला गांव स्थित गौशाला के पीछे स्थित एक हरे भरे पेड़ विशालकाय गूलर के पेड़ को लकड़कट्टों ने अपना निशाना बनाया और उसे भी काटकर पार कर दिया। इस प्रकार से हरे भरे पेड़ों के अवैध कटान की बिल्कुल बाढ़ सी आ गई है, जो लाख कोशिशों के बावजूद भी थमने का नाम नहीं ले रही है। वहीं दूसरी ओर जन चर्चा है कि वन विभाग की ओर से विभिन्न बीटों में हुए पौधारोपण में पौधों की निराई गुड़ाई और देखरेख के लिए दैनिक श्रमिक जिन्हें वन विभाग की भाषा में वाचर कहते हैं, को उनकी मूल कार्यों से हटाकर उन्हें अवैध कटान में लकड़ी ठेकेदारों से वसूली का एजेंट बना दिया गया है। चचाओं में सबसे टॉप पर अनिल यादव का नाम है जिसके नाम खुलासा कई लकड़ी ठेकेदारों ने अवैध कटान पकड़े जाने पर अपने बयानों में किया है। जिसका ऑडियो भी वायरल हो चुका है। फिलहाल यदि वन विभाग एवं पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस अवैध कटान को लेकर कड़ा रुख नहीं अख्तियार किया तो बचे खुचे वन व बागें वीरान हो जाएंगी। लगातार हो रही अवैध कटान के संबंध में कुमारगंज रेन्ज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि जहां भी अवैध कटान की शिकायत मिल रही है, संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जुमार्ना किया जा रहा है।

- वन विभाग के पौधों की निराई गुड़ाई हेतु लगे श्रमिक बने अवैध कटान और वसूली के एजेंट
- वन कर्मियों एवं पुलिस की मिली भगत से लकड़कट्टे हरियाली पर चला रहे आरा
- शिकायतों के बावजूद भी नहीं चेत रहे वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी

## शत- प्रतिशत मैपिंग कार्य पूर्ण करने वाले 49 बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित




**बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद में मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में आज बुधवार को कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शतप्रतिशत मैपिंग कार्य करने वाले 49 बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बीएलओ से कहा कि वे जिस निष्ठा, जिम्मेदारी और दक्षता के साथ कार्य कर रहे हैं। उसी भावना से आगे भी कार्य करते रहे। मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम मे जिलाधिकारी ने सभी सम्मानित बीएलओ के साथ संवाद करते हुये फील्ड स्तर पर आ रही व्यवहारिक चुनौतियों, मतदाता जागरूकता बढ़ाने के अनुभवों तथा कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने से जुड़े सुझावो का सुना। तथा उन्हें आगामी कार्ययोजना में शामिल करने का आश्वासन दिया।

# कृषि विवि में टमाटर की 75 किस्मों पर शोध



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज के सब्जी विज्ञान विभाग ने टमाटर की नई किस्मों पर शोध शुरू कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा दिलाना है। नई प्रजातियों के विकसित होने से अयोध्या मंडल सहित पूरे पूर्वांचल के किसानों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है।विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक अखिल भारतीय सब्जी अनुसंधान परियोजना के तहत लगभग 75 किस्मों के टमाटर पर शोध कार्य कर रहे हैं।इस शोध का मुख्य उद्देश्य ऐसी प्रजातियों को विकसित करना है जो अधिक उपज दें और रोगों के प्रति प्रतिरोधी हों। सब्जी विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आस्तिक झा इस व्यापक शोध का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शोध के दौरान रोग प्रतिरोधी और रोग-संवेदनशील दोनों तरह की प्रजातियों का अध्ययन किया जा रहा है। वैज्ञानिक यह पहचान कर रहे हैं कि कौन सी संकर प्रजाति बेहतर परिणाम दे सकती है, साथ ही उनकी पैदावार का भी गहनता से निरीक्षण किया जा रहा है।इस कार्य में शोध छात्र भी सहयोग कर रहे हैं। डॉ. झा के अनुसार, यह ट्रायल अखिल भारतीय सब्जी अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत चल रहा है। किसी भी नई प्रजाति को मान्यता मिलने में आमतौर पर तीन वर्ष का समय लगता है। उन्होंने बताया कि सब्जी विज्ञान विभाग में इस शोध कार्य का यह तीसरा वर्ष है। मान्यता मिलने के बाद, अगले वर्ष किसानों को इन उन्नत किस्मों के बीज और पौधे उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

- किसानों को मिलेगा अधिक उपज और रोग प्रतिरोधी बीज

## मोबाइल नेटवर्क की समस्या शीघ्र दूर होगी

रूदौली-अयोध्या। रुदौली विधान सभा क्षेत्र के गांवों में अब निकट भविष्य में मोबाइल नेटवर्क की समस्या से शीघ्र छुटकारा मिलने जा रहा है। कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर उनको एक पत्र देकर शीघ्र ही विभिन्न स्थानों पर मोबाइल टावर लगवाने की मांग की।दयानन्द शुक्ला ने संचार मंत्री को बताया कि रुदौली विधान सभा क्षेत्र के अधिकांश गांवों में आज भी मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी रहती है जिससे लोगों को बात करने में असुविधा होती है।नेटवर्क के लिए उन्हें भटकना पड़ता है।

## अटल विहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष पर कवि सम्मेलन का शुभारम्भ



**जैदपुर,बाराबंकी।** विधानसभा जैदपुर स्थित दशहराबाग के रामलीला मैदान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर वृहद कवि सम्मेलन का शुभारम्भ पूर्व सांसद डा0 उपेन्द्र सिंह रावत, जिला रवि जी जिला प्रचारक आर एस एस रवि, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा ने संयुक्त रुप से अटल विहारी वाजपेयी व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जिसमे प्रख्यात कवि डॉ0 रामकिशोर तिवारी, गजेंद्र पियांशु, शिव कुमार व्यास, अशोक अग्नि पथी, दीपक दनादन भोपाल, रवि रुद्रांस, अजय प्रधान, अंकिता शुक्ला, अजीत शुक्ला हरदोई, राजकुमार सोनी आदि कवियो ने अपनी रचनाये प्रस्तुत की। इस अवसर पर सुधीर तिवारी, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, गुरुसरण सिंह लोधी, अजीत सिंह, डॉ0 रामकुमारी मौर्य, सन्दीप गुप्ता, प्रमोद तिवारी, रामेश्वरी तिवेर्दी, राकेश वर्मा कर्रा, शिव स्वामी वर्मा, नवीन राठौर आदि मौजूद रहे।

# प्रधानाचार्यों का मान-सम्मान सर्वोपरि : डॉ. मणिशंकर तिवारी

## प्रधानाचार्य परिषद के मंडल व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का हुआ सम्मान




**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.मणिशंकर तिवारी ने कहा कि विद्यालय की प्रशासनिक और शैक्षिक व्यवस्था में प्रधानाचार्यों का योगदान मील का पत्थर होता है।

तदर्थ प्रधानाचार्यों के सम्मान के लिए परिषद के निर्णय के आधार पर अपर मुख्य सचिव से वार्ता की जाएगी। सभी लंबित मांगों के लिए अनवरत संघर्ष चलता रहेगा। प्रयास रहेगा कि प्रधानाचार्यों के चेहरे पर हमेश मुस्कान बनी रहे।

डॉ.तिवारी एसएसवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य परिषद की ओर से आयोजित धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय संचालन में प्रधानाचार्यों को आ रही समस्याओं के निदान के लिए शासन में संपर्क किया जाएगा। क्योंकि कई समस्याओं के बावजूद प्रधानाचार्य विद्यालय में नवाचार के लिए दिन-रात लगे रहते हैं। अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश संरक्षक डॉ. वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी पदाधिकारी का निर्विरोध और उच्च पद पर चुना जाना ही अपने में श्रेष्ठ है। यह गौरव का विषय है कि यह सम्मान अयोध्या को मिला है। उन्होंने कहा कि सहयोग और सामंजस्य से किसी भी कार्य को सहजता से पूर्ण किया जा सकता है। एसएसवी इंटर कॉलेज की प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारी पुनीत मेहरोत्रा ने कहा कि बेहतर शिक्षा मनुष्य को संस्कारवान, योग्य, विनम्र और देश का सुनागरिक बनाती है।

कार्यक्रम को परिषद के जिला कोषाध्यक्ष डॉ.उदयभान सिंह, परिषद के जिला संरक्षक डॉ.राम सुरेश मिश्रा, प्रधानाचार्य डॉ.रमेश कुमार मिश्रा, डॉ. सुनील कुमार द्विवेदी, निरंकारी सिंह, अशोक कुमार तिवारी, डॉ. रामकृष्ण मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के सेवानिवृत्त और कार्यरत प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, पीएन सिंह, रुही पाल, नेहा सिंह, रणजीत सिंह, जितेंद्र कुमार राव, तिलकधारी सिंह, शुभम तिवारी, रामभद्र दास, शोभनाथ वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, गोपाल सिंह, अरुण सिंह, पीयूष, अवधेश कुमार शुक्ला, राम कृपाल को पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का परिषद के जिला मंत्री राम प्रिया शरण सिंह ने संचालन किया। इस अवसर पर परिषद की ओर से नवनियुक्त सचिवालय निदेशालय के लिए संयुक्त मंत्री प्रधानाचार्य के के यादव और क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी क्षेत्र के लिए नव नियुक्त संयुक्त मंत्री प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य डॉ.शिव कुमार मिश्र, वीके राणा, आरबी शुक्ला, अशोक तिवारी, राजेश कुमार शुक्ला, विवेक कुमार श्रीवास्तव सहित कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य और एसएसवी इंटर कॉलेज के शिक्षक महेश नारायण यादव, सुरेंद्र देव तिवारी, डॉ. अशोक गौतम, वारिज नयन शर्मा, डॉ.देवेंद्र मिश्रा, अक्षतेश्वर प्रसाद दुबे, राजीव शुक्ला, अवधेश सिंह, राजेश सिंह, अरुण कुमार दुबे, जयेंद्र पाठक, रामचंद्र, अमर चतुर्वेदी, बाल कुमार, मनोज कुमार, नितिन पाण्डेय, रेनू द्विवेदी, सुमन, अनुपम कुमार, अशोक कुमार साहनी, कौशल कुमार, शशांक मिश्रा, उत्कर्ष सिंह, शैलेंद्र सागर मिश्रा मौजूद रहे।

## रूपईडीहा के प्रतिष्ठित व्यापारी कमल कुमार गुप्ता को इलाहाबाद बैंक ने किया सम्मानित



**रुपईडीहा बहराइच।** सं, सूत्र, राष्ट्रराज्य भारतझनेपाल सीमा पर स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा में नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर इलाहाबाद बैंक की तरफ से रूपईडीहा के प्रतिष्ठित व्यापारी को सम्मानित किया गया।बैंक के अधिकारियों ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं माही ट्रेडर्स के प्रोपराइटर कमल कुमार गुप्ता को बैंक की डायरी, कैलेंडर एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया।उल्लेखनीय है कि कमल कुमार गुप्ता, रुपईडीहा के वरिष्ठ पत्रकार शेर सिंह कशौधन के सुपुत्र हैं तथा क्षेत्र में चीनी एवं गल्ला थोक प्रतिष्ठित व्यापारी के रूप में अपनी अलग पहचान रखते हैं।

उनका प्रतिष्ठान रुपईडीहा के सम्मानित गल्ला व्यापारियों में गिना जाता है। ज्ञातव्य हो कि इलाहाबाद बैंकरुपईडीहा शाखा के प्रबंधक पवन सिंह, एवं उप प्रबंधक योगेश शर्मा, ने उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा बैंक की ओर से स्मृति चिन्ह स्वरूप डायरी, कैलेंडर और कलम भेंट कर उनका सम्मान किया। इस नव वर्ष के शुभ अवसर पर अवसर बैंक अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बेहतर समन्वय एवं सहयोग की बात कही तथा नववर्ष में व्यापारियों की प्रगति और सफलता की कामना की।

# साल के अंतिम दिन बांकेबिहारी के दर्शन को उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**मथुरा।** ठाकुर बांके बिहारी, प्रेम मंदिर, इस्कॉन सहित प्रमुख मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें नजर आ रही हैं। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रज परिक्रमा करते हुए पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। परिक्रमा मार्ग पर जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। श्रीबांकेबिहारी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नए साल से पहले आराध्य के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं को रेला मंदिर पहुंच गया था। मंदिर के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। भीड़ मंदिर और गलियों तक नजर आ रही थीं। मंदिर में भीड़ के बीच धक्का मुक्की के बीच ही दर्शन हुए। ब्रज में साल के अंतिम दिन बुधवार को प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। बांकेबिहारी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नए साल से पहले आराध्य के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं को रेला मंदिर पहुंच गया था। मंदिर के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। भीड़ मंदिर और गलियों तक नजर आ रही थीं। मंदिर में भीड़ के बीच धक्का मुक्की के बीच ही दर्शन हुए। बांकेबिहारी मंदिर में सुबह



होते-होते हालात और चुनौतीपूर्ण हो गए। मंदिर के भीतर दर्शन के दौरान कई बार भीड़ अनियंत्रित होती दिखी। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन व मंदिर सेवायतों को अतिरिक्त प्रयास करने पड़े। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या के आगे व्यवस्थाएं कम पड़ती नजर आई। बांकेबिहारी मंदिर के साथ-साथ प्रेममंदिर और इस्कॉन मंदिर में भी आस्था का सैलाब उमड़ा। प्रेममंदिर में भव्य रोशनी और साज-सज्जा के बीच श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें देखने को मिलीं। वहीं इस्कॉन मंदिर में कीर्तन और भजन के साथ नए साल के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। प्रशासन के अनुसार नए साल के मौके पर लाखों श्रद्धालुओं के वृंदावन पहुंचने का अनुमान है। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है और प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन लागू किए गए हैं। बावजूद इसके, मंदिरों के आसपास जाम की स्थिति बनी रही। वहीं डीएम और एसएसपी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ड्यूटी में लगे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।

**आस्था में डुबा बरसाना**

नववर्ष की पूर्व संध्या पर बरसाना एक बार फिर आस्था के रंग में पूरी तरह डूब गया है। राधारानी के दर्शन की अभिलाषा लेकर देश के कोने कोने से पहुंचे भक्तों की भारी भीड़ बुधवार को इस कदर बढ़ी कि मंदिर मार्गों से लेकर कस्बे की गलियों तक दबाव साफ दिखाई देने लगा। भोर होते ही जय राधे के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं का रेला मंदिर की ओर बढ़ा, जो दिन चढ़ते चढ़ते प्रशासन के लिए चुनौती बन गया। सुबह के समय ही रंगीली गली, परिक्रमा मार्ग और मुख्य रास्तों पर लंबी कतारें लग गई। पैदल चलना तक मुश्किल होने लगा। भीड़ में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे। घंटों प्रतीक्षा के बावजूद श्रद्धालुओं के कदम नहीं डगमगाए। हर किसी के चेहरे पर राधारानी के दर्शन की लालसा साफझलकती रही। अचानक बढ़ी भीड़ से कई बार आवागमन थमता नजर आया। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस और प्रशासन को अतिरिक्त बल तैनात करना पड़ा। बैरियर लगाकर श्रद्धालुओं को क्रमवार आगे बढ़ाया गया, ताकि दर्शन व्यवस्था बनी रहे। ऐसे में सुरक्षा, यातायात और दर्शन व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## जिम में फायरिंग करने वाले 4 अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा जिम में फायरिंग व पत्थरबाजी करने वाले थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत वांछित 04 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ में 02 अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। आकाश पुत्र नीरज द्वारा थाना शिकोहाबाद पर तहरीर दी गयी कि उसकी स्टेशन रोड़ एचपी पेट्रोल पम्प के पास फिटनेस केव के नाम से जिम है। दिनांक 30-12-2025 को अभियुक्त अभिषेक द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ जिम पर आकर फायरिंग व पत्थरबाजी की गयी, प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उक्त मामले में विवेचना के दौरान सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर जिम पर फायरिंग एवं पत्थरबाजी करने वाले अभियुक्त अभिषेक पुत्र विजय किशोर निवासी बिहारी धाम कॉलोनी निकट पुष्पांजलि वेटिकन सिटी थाना एकता जनपद आगरा के अन्य साथियों सौरभ पुत्र राकेश निवासी बरौली अहीर थाना एकता जनपद आगरा, बाबू पुत्र प्रहलाद निवासी बरौली अहीर थाना एकता जनपद आगरा राम पुत्र राजकुमार सिंह निवासी कुण्डौल थाना डौकी जनपद आगरा का नाम प्रकाश में आया, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मुकदमे से संबंधित अभियुक्तगण किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में छीछामई नहर की पटरी के पास घूम रहे हैं। सूचना पर तत्काल थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा छीछामई नहर की पटरी पर सघन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को 4 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिये। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया तो अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया परन्तु थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में 2 अभियुक्तों के पैर में गोली लग गयी जिन्हे घायल अवस्था में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तगणों के कब्जे से 2 अवैध तमंचे 2 खोखा कारतूस व 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए। घायल अभियुक्तों की पहचान अभिषेक पुत्र विजय किशोर, सौरभ पुत्र राकेश के रुप में हुई तथा 2 अन्य अभियुक्त मौके से भाग गये जिनको पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग व घेराबंदी कर भागने के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन




**टूंडला।** सरस्वती शिशु मन्दिर टूंडला में शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि प्रेमपाल धनगर विधायक टूंडला विधानसभा एवं विशिष्ट अतिथि भंवर सिंह चौधरी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद टूंडला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रकाश श्रीवास्तव प्रांतीय प्रतिनिधि ने की। इस अवसर पर निर्णायक की भूमिका में पुरातन छात्र चेतन भारद्वाज व संदीप शर्मा रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार अग्रवाल ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रेमपाल विधायक ने कहा की जो बच्चों ने यहां पर प्रदर्शनी दिखाई हैं उनमें विभिन्न प्रकार की प्रोजेक्ट अद्भुत है, इससे शिशु में आत्मविश्वास एवं नवाचार का विकास होता है। यही बालक आगे चलकर के अच्छे वैज्ञानिक बनते हैं शिशु मंदिर शिशुओं के सर्वांगीण विकास हेतु जाने जाते हैं। शैक्षिक वातावरण के साथ-साथ शैक्षिक क्रियाकलाप से शिशु को चौमुखी विकास की अवधारणा ठीक प्रकार से होती है। विशिष्ट स्थिति चौधरी भंवर सिंह ने बताया की जिन भैया बहनों ने खेलकूद गीत कला भाषण, मूर्ति कला में अपना स्थान बनाया है वह बालक बहुत ही प्रतिभावान है एवं उनके चौमुखी विकास हेतु शिक्षक व शिक्षिकाएं द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है वह अभूतपूर्व है। यहां आकर के बच्चों की प्रतिभा और क्षमता देखकर के लगा की शिशु मंदिर अपने आप में संपूर्ण विज्ञान को शिशुओं को सीखने का प्रयास कर रहे है। इस मौके पर सहप्रबन्धक वृंदावन लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार पौनिया, दीपक चौधरी, अवधेश पालीवाल अम्बरीष कूलश्रेष्ठ, अनूप कुमार श्रीवास्तव, अमर सिंह, राजेश कुमार, श्रीमती आशा सिंह, नैनेश बाबू मंजू सक्सेना स्नेह लता शर्मा, विनीता शर्मा देवेंद्र शर्मा, संजना कुमारी प्रियंका कुमारी नम्रता कुमारी, मधु शर्मा, हर्ष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

**मथुरा।** आगरा-दिल्ली हाईवे पर थाना रिफइनरी क्षेत्र अंतर्गत बरारी कट के समीप दो मोटरसाइकिलों की भिंडत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा बाइक सवार हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। आगरा-दिल्ली हाईवे पर बरारी कट के समीप दो मोटरसाइकिलों की भिंडत में रामबाबू पुत्र कमल सिंह, निवासी नगला केहखम, अनवारा, टूंडला, जनपद फिरोजाबाद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतकमोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना रिफाइनरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी।परिजनों की तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### वकीलों का आंदोलन खत्म

**मथुरा।** तहसील छाता में पिछले चार पांच दिनों से बार एसो. के वकीलों द्वारा तहसील में अनियमित कार्यों को लेकर अधिकारियों के खिलाफ एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। अधिवक्ता लगातार कई दिनों से प्रशासन के खिलाफ उग्र हो रहे थे और अपनी बातों को मनवाने के लिए टिके हुए थे, वहीं बुधवार को लगभग दोपहर एक बजे अधिवक्ताओं के बीच में एसडीम छाता व तहसीलदार छाता धरना स्थल पर पहुंचे प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया और कहा कि आगे से इस तरह की कार्य प्रणाली व लापरवाही नहीं बरतेंगे। धरना दे रहे अधिवक्ताओं की सभी मांगे मांग ली गई वही आने वाले नए साल में नई ऊर्जा के साथ कार्य किया जाएगा। वही अधिवक्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया।

## एम्बुलेंस के सायरन ने बचायी युवक की जान तमंचा तानकर वसूली कर रहे बदमाश भागे

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक के साथ फिल्मी अंदाज में लूट और मारपीट की वारदात सामने आई है। वृंदावन निवासी युवक को रास्ते में रोककर बदमाशों ने न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि सिर पर तमंचा रखकर अवैध वसूली (चैथ) की मांग की। हालांकि, पीछे से आ रही एक एम्बुलेंस के सायरन ने युवक के लिए ह्लजीवनदानह्ल का काम किया और पुलिस के डर से बदमाश मौके से फरार हो गए।

गौशाला नगर निवासी सूर्यप्रकाश सारस्वत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम करीब 7 बजे वह छटीकरा से राधाकुण्ड की ओर जा रहे थे। तभी नगला पिसावा के पास मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। आरोपियों की पहचान कैलाश निवासी ग्राम राल और उसके साथी योगेश्वर के रूप में हुई है। पीड़ित का आरोप है कि कैलाश एक शातिर अपराधी है और पहले भी उससे दो बार में 10 हजार रुपये वसूल चुका है। सोमवार को बदमाशों ने फिर से 10,000 रुपये की मांग की। जब सूर्यप्रकाश ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें सरेराह थप्पड़-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने तमंचा निकालकर सूर्यप्रकाश पर तान दिया और जान से मारने की धमकी दी। तभी छटीकरा की तरफ से एक एम्बुलेंस सायरन बजाती हुई वहां पहुंची। बदमाशों को लगा कि पुलिस की गाड़ी आ रही है। पकड़े जाने के डर से आरोपी कैलाश और योगेश्वर तुरंत अपनी बाइक पर सवार होकर मौके से भाग निकले। इस बीच मौका पाकर पीड़ित ने भी वहां से भागकर अपनी जान बचाई। थाना प्रभारी जैंत उमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें उनकी तलाश में दबिश दे रही हैं, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अटल स्मृति सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब




**मथुरा।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, युगद्रष्टा अटल बिहारी वाजपेईजी की जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन छाता विधानसभा का बरसाना नवल वाटिका में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे, केबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी, ब्रज क्षेत्र युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनीष गौतम का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्षों सहित देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सफल कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम के संयोजक रणवीर सिंह और उनकी टीम को हार्दिक बधाई।

मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा अटल बिहारी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित इस सम्मेलन में आप सभी को हार्दिक स्वागत। अटल एक ऐसे नेता थे जिन्होंने अपने जीवन को देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता ने उन्हें भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्रियों में से एक बना दिया। आज हमें अटल जी के आदर्शों और उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर देश के विकास में योगदान देना होगा। मैं इस अवसर पर आप सभी से आह्वान करता हूं कि हम अटल जी की विरासत को आगे बढ़ाएं और देश को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। प्रदेश मंत्री भाजपा विजय शिव हरी ने कहा ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित इस सम्मेलन में आप सभी का स्वागत करना मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। अटल जी एक ऐसे नेता थे जिन्होंने अपने जीवन को देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता ने उन्हें भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्रियों में से एक बना दिया। आज हमें अटलजी के आदर्शों और उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। भाजपा जिला निर्भय पांडे ने कहा हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर देश के विकास में योगदान देना होगा। मैं इस अवसर पर आप सभी से आह्वान करता हूं कि हम अटलजी की विरासत को आगे बढ़ाएं और देश को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। विजय शिवहरे (प्रदेश मंत्री, भाजपा), लक्ष्मीनारायण चैधरी (केबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार), मनीष गौतम (अध्यक्ष, ब्रज क्षेत्र युवा मोर्चा) विशेष उपस्थिति में शामिल थे।

## सफाई में लापरवाही, मैकेनिकल स्वीपिंग एजेंसी पर एक लाख का जुर्माना

**आगरा।** सड़कों की सफाई में लापरवाही पर नगर निगम ने मैकेनिकल स्वीपिंग करने वाली एजेंसी पर एक लाख रुपये रुपये का जुमार्ना लगाया है। लापरवाही बरतने पर एसएफआई का वेतन रोकने और हरीपर्वत जोन के जेडएसओ से स्पष्टीकरण तलब किया है। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने सभी जोन में सफाई व्यवस्था का अधिकारियों से औचक निरीक्षण कराया था। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने हरीपर्वत जोन, सहायक नगर आयुक्त श्रद्धा पांडेय ने लोहा मंडी, उपनगर आयुक्त डॉ. सरिता सिंह ने छत्ता और पर्यावरण अभियंता पंकज भूषण ने ताजगंज जोन का निरीक्षण किया। इस दौरान ईदगाह चौराहे से खेरिया मोड़ तक सफाई व्यवस्था खराब मिली। वर्टिकल गार्डन, सड़क व डिवाइडर के आसपास धूल-मिट्टी मिली। पेड़ों की छंटाई अधूरी थी। फतेहाबाद रोड पर थाली वाला रेस्टोरेंट के पास पानी की लीकेज की समस्या पाई गई। चाणक्य होटल से अमर होटल के बीच और ताजमहल पश्चिमी गेट से अवंती बाई चौराहे तक जगह-जगह सड़क टूटी मिली। इस पर नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने राज राजेश्वरी स्वीपिंग एजेंसी पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। इसके साथ ही संबंधित एसएफआई का वेतन रोकने के निर्देश दिए। न्यू आगरा क्षेत्र में दुकानों पर डस्टबिन न रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश एसएफआई को दिए गए हैं। वाटरवर्क्स के पास नाले का पानी सड़क पर बहता मिला, जिसे ठीक कराया गया। भावना स्टेट रोड पर सड़क और फुटपाथ के दोनों ओर गंदगी, हिन्दी संस्थान रोड पर मैकेनिकल स्वीपिंग के बाद भी मिली गंदगी, मुगल रोड पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह गड़बड़ पाई गई, कमला नगर-बल्केश्वर में कई स्थानों पर खुले में लघुशंका करते मिले, रामबाग से टेढ़ी बगिया रोड पर अतिक्रमण और कूड़े के ढेर पाए गए, अंबेडकर वाटिका की दीवार पर चिपके मिले पोस्टर, हटाने के निर्देश, रामबाग से एत्माद्दौला आंबेडकर पुल तकट्री गार्ड टेढ़े और पेड़ सूखे मिले जैसी कमियां भी पाई गयीं।

## जिला उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, बैठक में जनपद के औद्योगिक विकास की गति को तेज करने और उद्यमियों की समस्याओं को निस्तारण पर विस्तार से चर्चा हुई, बैठक के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के समीप बन रहे विशाल औद्योगिक गलियारे में भूमि आवंटन हेतु अब तक कुल 32 इकाइयों के प्रस्ताव कार्यालय को प्राप्त हो चुके हैं, इन प्रस्तावों के माध्यम से क्षेत्र में लगभग 1600 करोड रुपए का निवेश संभावित है, डीएम ने बैठक में उपस्थित सभी उद्यमियों, व्यापारिक प्रतिनिधि से आह्वान किया कि वे सरकार की औद्योगिक नीतियों का लाभ उठाएं, नए औद्योगिक गलियारे में अधिक से अधिक इकाइयां स्थापित करें, डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों को भूमि आवंटन और अन्य प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए, सही समय पर समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसी तरह उद्यमियों द्वारा ककरऊ कोटी से नवीन सिक्स लैन तक सड़क चौड़ीकरण एवं सड़क के बीच आए बिजली के पोल हटवाने व जल निकासी हेतु सड़क




के किनारे नाले बनवाने व संदर्भित रोड के चौड़ीकरण का मुद्दा भी डीएम के समक्ष रखा, जिस पर डीएम द्वारा अधिशासी अभियंता निर्माण खंड, नगर निगम फिरोजाबाद को निर्देश दिए कि वह उक्त के संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने हेतु समिति को अवगत करें, इसी तरह मिनी औद्योगिक आस्थान उसायनी में जल भराव की समस्या और क्षतिग्रस्त सड़क व बाउंड्री वॉल का मुद्दा भी उठा, इस पर डीएम ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को इस क्षेत्र में जल भराव की समस्या का समाधान शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया, इसी तरह इस क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने हेतु यूपीएसआईडी को निर्देशित किया, बैठक में ओडीओपी योजना अंतर्गत जनपद हेतु द्वितीय उत्पाद के रूप में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा निवेश करने हेतु जिलाधिकारी ने उद्यमियों का आह्वान किया, जिससे इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा रोजगार लोगों को मिल सके। इस तरह व्यापारियों ने भी जिलाधिकारी के पास अपनी समस्याओं को प्रमुखता से रखा, व्यापारियों ने नगर की जर्जर और क्षतिग्रस्त सड़कों की और डीएमका ध्यान आकर्षित किया, उन्होंने बताया कि सड़कों की खराब स्थिति के कारण न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, व्यापारियों ने शिकोहाबाद के प्रसिद्ध बुध बाजार के कारण लगने वाले भीषण जाम की समस्या भी डीएम के समक्ष रखी, डीएम ने व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए। डीएम ने कहा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाए, बुध बाजार में जाम की स्थिति से निपटने हेतु एक प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाएगा, ताकि व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से चल सके, इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, एक्स ई एन पीडब्ल्यूडी अतर सिंह, उपयुक्त उद्योग संध्या के साथ बड़ी संख्या में उद्योगपति और व्यापारी उपस्थित रहे।

### डीएम एसएसपी ने किया बांकेबिहारी मंदिर के आसपास का निरीक्षण

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने नववर्ष की पूर्वसंध्या पर वृन्दावन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्रीबांके बिहारी मंदिर तथा आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। डीएम एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने श्रीबांके बिहारी मंदिर को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों एवं गलियों में पैदल गश्त किया। उन्होंने मंदिर के प्रवेश एवं निकास द्वारों का जायजा लिया। उन्होंने आगामी नव वर्ष में श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से श्रद्धालुओं की संख्या का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मंदिर में श्रद्धालुओं को निरंतर चलायमान रखे। श्रद्धालुओं को एकत्रित न होने दे। श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात आदि व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध है।

## गीता शोध संस्थान-मंगलायतन विवि में एमओयू



**मथुरा।** वृंदावन गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी (उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद) और अलीगढ़ का मंगलायतन विश्वविद्यालय भविष्य में ब्रज की संस्कृति संरक्षण और संवर्द्धन के ध्येय से कला, साहित्य व सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन एक दूसरे के यहां करेगा। इस संबंध में आपसी सहयोग का एक महत्वपूर्ण समझौता पत्र (एमओयू) हुआ है। इस एमओयू के अंतर्गत गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में रासलीला सीखने वाले प्रशिक्षु एवं मंगलायतन विवि के विद्यार्थी परस्पर शैक्षणिक भ्रमण करेंगे। दोनों जगह अभिनय एवं रंगमंचीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा। रासलीला मंचन, ब्रज संस्कृति से संबंधित सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ तथा श्रीकृष्ण चित्रांकन शिविर आदि दोनों जगह आयोजित किए जाएंगे। गीता से जुडें प्रेरक कार्यक्रम भी मंगलायतन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए होंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप अन्य कार्यकलाप भी होते रहेंगे। एमओयू के अवसर पर मंगलायतन विश्वविद्यालय अलीगढ के रजिस्ट्रार ब्रिगेडियर सुमेरवीर सिंह एवं कला संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम रानी के अलावा गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के निदेशक दिनेश खन्ना तथा संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने हस्ताक्षर कर एमओयू को औपचारिक रूप दिया। गीता शोध संस्थान के समन्वयक श्री सिकरवार ने बताया कि ब्रज की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन एवं शैक्षणिक प्रसार की दिशा में यह एमओयू महत्वपूर्ण पहल है।

## आरएसएस के कैंप में मना वार्षिकोत्सव स्वयंसेवकों ने दीं अपनी-अपनी प्रस्तुतियां



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक वर्ग में आज वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। प्राथमिक वर्ग में इस समय समय शाखा पर 4 गण चल रहे हैं इन चारों गणों को अपना अपना अलग वार्षिकोत्सव करना था, कल इन सभी को अपना अपना वार्षिकोत्सव मनाने का निर्देश दिया गया था जिसमें आज सभी गणों ने वार्षिकोत्सव मनाया। वार्षिकोत्सव में वर्ग में सीखे गए सभी शारीरिक अभ्यासों का प्रदर्शन किया गया जिसमें दंड चलाना, यष्टी चलाना, योग, पद विन्यास, खेल एवं गण समता शामिल हैं। वार्षिकोत्सव को तैयार के लिए सिर्फ 1 दिन दिया गया था, जिसमें शिक्षार्थियों में बहुत अच्छा अभ्यास कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। अलग अलग बौद्धिककताओं ने संघ और इसका जीवन में महत्त्व विषय पर चर्चा की। सभी वार्षिकोत्सव में एकल गीत के साथ साथ अमृतवचन भी हुए। प्रार्थना के साथ सभी वार्षिकोत्सवों का समापन हुआ।

## हर्षिता सिंह की अध्यक्षता में जिपं की बैठक संपन्न

**फिरोजाबाद।** जिला पंचायत अध्यक्ष हर्षिता सुमित प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई, बैठक में जिले के विकास और आगामी वित्तीय वर्षों के लिए बजट प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई, बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित आय व्यय तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2026- 27 के मूल आय व्यय के प्रस्ताव पर गहन विचार विमर्श के बाद सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया, जनपद में ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनरेगा योजना के अंतर्गत वर्ष 2026- 27 के लिए तैयार की गई कार्य योजना की समीक्षा की गई और उसे मंजूरी दी गई, इसी तरह पंचम वित्त राज्य आयोग के तहत वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्य योजना को भी अनुमोदित किया गया, 15 वें केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत मिलने वाले टाइड एवं अनटाइड फंड के सदुपयोग




हेतु वर्ष 2026- 27 की कार्य योजना पर चर्चा कर स्वीकृति दी गई, जिससे जिले के बुनियादी ढांचे और स्वच्छता को गति मिले, जिपंकी आय बढ़ाने के उद्देश्य वर्ष 2025 -26 की कर निर्धारण सूची के अनुमोदन पर भी विचार किया, ताकि विकास कार्यों के लिए वित्तीय संसाधन जुटाए जा सके, बैठक में सदस्यों ने अपने क्षेत्र की सड़क, बिजली, पानी, चकरोड, सिंचाई इत्यादि के कार्यों के संबंध में मुद्दे उठाए गए।

सदस्यों ने समस्या उठाते हुए कहा कि गांव में विद्युत की आपूर्ति समुचित तरीके से नहीं हो रही है, इससे ग्रामीणों को समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, साथ ही साथ सदस्यों ने गांव में सफाई और छोटे माईनरो की सफाई के मुद्दे को भी उठाया, अध्यक्ष महोदया ने कहा सभी सदस्यों की समस्याओं पर विचार किया जाएगा और उनको शीघ्र दूर किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष सहकारी बैंक अतुल प्रताप सिंह ने जनपद में सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं की जानकारी दी उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि विकास हेतु जो भी सुझाव देंगे उनके अनुसार कार्य कराने का प्रयास किया जाएगा। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने आवास योजना के बारे में सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी और सभी सदस्यों से अपील की सदस्य पात्र नागरिकों को आवास दिलाने में मदद करें, अंत में सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए नए वर्ष की शुभकामनाएं भी दी, इस अवसर पर उन्होंने कहा आवश्यकताओं को देखते हुए जन सामान्य की सुविधा के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, इस अवसर पर दो मार्गों का जिपं ऑफिस के सामने 100 मीटर की सीसी सड़क व जिला सहकारी बैंक के सामने 200 मीटर की सीसी सड़क का लोकार्पण भी अध्यक्ष ने किया, इस अवसर पर सहकारिता बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख डॉ लक्ष्मी नारायण यादव, ब्लाक प्रमुख, फिरोजाबाद-नारखी व हाथवंत के अतिरिक्त सीमा यादव, अर्चना यादव, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

## खुले में शराब पीने वाले 25 लोगों को पकड़ा गया

**आगरा।** नववर्ष के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सहायक पुलिस आयुक्त हरीपर्वत अक्षय संजय ने अंतर्राज्यीय बस अड्डे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डॉग स्क्वॉड और पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया।निरीक्षण के दौरान एसीपी ने बस अड्डे के विभिन्न प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय सहित संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यात्रियों के सामान की बारीकी से जांच कराई गई और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। एसीपी ने अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को चौकसी बरतने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों से भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। नववर्ष के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए इस निरीक्षण से यात्रियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई और पुलिस की सक्रियता साफ तौर पर दिखाई दी। नववर्ष पर आयोजनों को देखते हुए पुलिस मंगलवार से ही अलर्ट हो गई है। जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाया गया। खुले में शराब पीने वाले 25 लोगों को पकड़ा गया। उन्हें हवालात में डाल दिया गया। इसके अलावा होटल, रेस्तरां, रूफटॉप, कैफे में चेकिंग की गई। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि नव वर्ष के पहले आयोजनों और पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। सभी रूफटॉप, होटल, क्लब, डिस्को आदि पर पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। एसीपी हरीपर्वत ने फोर्स के साथ आईएसबीटी पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। कमलानगर पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर चेकिंग की। रकाबगंज पुलिस सड़क पर बैरिकेडिंग कर ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर रही थी। ट्रांस यमुना और एत्माद्दौला पुलिस ने हाईवे और अन्य स्थानों पर गश्त कर ओपन बार पर कार्रवाई की।

संक्षेप

## भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि कायम रहने की संभावना

मुंबई। वैश्विक आर्थिक माहौल चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत वृद्धि बनाए रखने की संभावना है और इसे मजबूत घरेलू मांग, नियंत्रित मुद्रास्फीति एवं संतुलित व्यापक आर्थिक नीतियों से समर्थन मिल रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। आरबीआई ने अपनी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत है। बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी और नकदी भंडार है, उनकी परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है और लाभ भी मजबूत बना हुआ है। आरबीआई ने कहा, घरेलू वित्तीय प्रणाली मजबूत है जिसे सुदृढ़ बहीखाते, अनुकूल वित्तीय हालात और वित्तीय बाजारों में कम उतार-चढ़ाव से समर्थन मिला है। हालांकि, निकट अवधि में भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता से जोखिम बने हुए हैं। केंद्रीय बैंक के व्यापक दबाव परीक्षण के परिणाम इसकी पुष्टि करते हैं कि बैंक प्रतिकूल परिस्थितियों में भी संभावित नुकसान सहन कर पाने में सक्षम हैं और उनकी पूंजी नियामकीय न्यूनतम स्तर से काफी ऊपर बनी रहेगी।

## एलएंडटी फाइनेंस ने लॉन्च की सचेत विद सचेत पहल

बंगलुरु। देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों में से एक एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने सचेत विद सचेत नामक एक साइबर सुरक्षा पहल की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को डिजिटल वित्तीय दुनिया में सुरक्षित तरीके से निर्णय लेने के लिए जरूरी जानकारी और टूल्स से सशक्त बनाना है। एलटीएफ के फाइनेंशियल अवेयरनेस मैस्कॉट सचेत कुमार के एनिमेटेड अवतार के जरिए यह पहल इंटरैक्टिव टेक्नोलॉजी और गेमिफाइड लर्निंग को जोड़ती है, ताकि नए साल 2026 में सुरक्षित डिजिटल आदतों को बढ़ावा दिया जा सके। आज लगभग हर स्मार्टफोन उपयोगकर्ता किसी न किसी रूप में स्कैम का शिकार बन रहा है। ठग अब इतनी उन्नत तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं कि असली और नकली में फर्क करना मुश्किल हो गया है। जो लोग डिजिटल रूप से कम जानकार हैं, वे सबसे ज्यादा जोखिम में रहते हैं। सचेत विद सचेत के जरिए हमारा प्रयास है कि हर नागरिक को जागरूक और सशक्त बनाया जा सके, ताकि स्कैम-स्मार्ट होना एक सामान्य आदत बन सके।

## नवीकरणीय ऊर्जा के लिए नीतिगत समर्थन अहम

नयी दिल्ली। देश हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा के लिए दीर्घकालिक नीतिगत ढांचे, प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर और प्रोत्साहन-आधारित विनिर्माण से अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल कर सकेगा। विशेषज्ञों ने यह बात कही। विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में भी कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना उद्योग के लिए प्राथमिकता बना रहेगा। कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जो न केवल जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक हैं बल्कि भारत की औद्योगिक वृद्धि को ऊर्जा देने, ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने एवं उपभोक्ताओं को किफायती बिजली सुनिश्चित करने के लिए भी अहम हैं। ग्रिड के उन्नयन एवं भंडारण (स्टोरेज) को तेजी से अपनाने को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि भारत का भविष्य का ऊर्जा मिश्रण इन दोनों पर निर्भर करेगा। इसके अलावा, इन्वर्टर, बैटरी और अन्य महत्वपूर्ण घटकों के घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने से आयात पर निर्भरता घटेगी और आपूर्ति-श्रृंखला की मजबूती बढ़ेगी। हरित हाइड्रोजन, उन्नत भंडारण रसायन और स्मार्ट ग्रिड प्रणालियों जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में अस्थिरता और रैम्पिंग लचीलापन जैसी चुनौतियों से निपटने की क्षमता है।

## केंद्र का राजकोषीय घाटा नवंबर में बजट अनुमान का 62.3 प्रतिशत तक पहुंचा

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर (भाषा) केंद्र का राजकोषीय घाटा नवंबर के अंत तक 9.76 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट लक्ष्य का 62.3 प्रतिशत है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले साल इसी समय यह प्रतिशत 52.5 था। नवंबर 2025 तक केंद्र सरकार की कुल आय 19.49 लाख करोड़ रुपये रही, जो कुल बजट अनुमान का 55.7 प्रतिशत है। इस दौरान, केंद्र का कुल खर्च 29.25 लाख करोड़ रुपये (2025-26 के बजट अनुमान का 57.8 प्रतिशत) रहा।

# सेंसेक्स में 545 अंकों की उछाल



मुंबई। साल 2025 के आखिरी कारोबारी सत्र में बुधवार को घरेलू शेयर बाजार खासी बढ़त के साथ बंद हुए। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का साथ मिलने से सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक चढ़ गए। लगातार पांच कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 545.52 अंक यानी 0.64 प्रतिशत उछलकर 85,220.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 762.09 अंक बढ़कर 85,437.17 तक पहुंच गया था।

वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी चार दिनों की गिरावट से उबरकर 190.75 अंक यानी 0.74 प्रतिशत चढ़कर 26,129.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टाइटन और ट्रेंट के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। हालांकि, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा के शेयरों में बिकवाली देखी गई। इसके साथ ही वर्ष 2025 का समापन सकारात्मक अंदाज में हुआ। इस साल सेंसेक्स 7,081.59 अंक यानी नौ प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी में 2,484.8 अंक यानी 10.50 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। साल के अंतिम कारोबारी सत्र में निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता में धीरे-धीरे सुधार दिखा, जो मुख्य रूप से शॉर्ट कवरिंग और चुनिंदा शेयरों में खरीदारी के कारण रहा। यूरोपीय बाजारों में कारोबार के दौरान हल्की गिरावट देखी गई। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 3,844.02 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 6,159.81 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 61.53 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। मंगलवार को सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन गिरते हुए 20.46 अंक फिसलकर 84,675.08 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 3.25 अंक की मामूली गिरावट के साथ 25,938.85 पर बंद हुआ था।

# रुपया वर्ष 2025 में पांच प्रतिशत लुढ़का और विदेशी पूंजी की निकासी पड़ी भारी



मुंबई। विदेशी पूंजी की निकासी और आयातकों की ओर से डॉलर की बढ़ती मांग से रुपया वर्ष 2025 में पांच प्रतिशत तक टूट गया जिससे यह सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्राओं में से एक बन गया है।

रुपया 2025 के आखिरी कारोबारी सत्र में बुधवार को 13 पैसे गिरकर 89.88 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। महीने के अंत की मांग और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) द्वारा डॉलर की खरीदारी ने इस पर दबाव बनाने का काम किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 89.89 पर खुला। दिन में 89.95 के निचले और 89.84 के ऊपरी स्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में रुपया 89.88 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 13 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.75 पर बंद हुआ था। सालाना आधार पर रुपये में इस साल कुल 4.95 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। यह 31 दिसंबर, 2024 को 85.64 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से रुपया एशियाई क्षेत्र में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा है। यह 2025 में पांच प्रतिशत टूट गया जो पिछले तीन वर्षों में इसमें आई सबसे अधिक गिरावट है। एफपीआई द्वारा लगातार निकासी और निवेशकों के स्तर पर हिस्सेदारी बेचने, रक्षा, तेल एवं सोने की मांग जैसे कारकों ने रुपये को प्रभावित किया है। इसके कारण यह टूटकर 91.08 के निचले स्तर तक पहुंच गया था लेकिन बाद में इसमें सुधार हुआ है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.33 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 545.52 अंक उछलकर 85,220.60 अंक पर जबकि निफ्टी 190.75 अंक की बढ़त के साथ 26,129.60 अंक पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61.41 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,844.02 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# घरेलू पर्यटन की गति बनाये रखने के लिए बुनियादी सुविधाओं को करना होगा मजबूत

नयी दिल्ली। भारतीय पर्यटन क्षेत्र ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद जोरदार वापसी की है। हालांकि, नए साल में घरेलू पर्यटन की गति बनाये रखने के लिए पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने, यात्रा को सुगम बनाने, बेहतर हवाई व जमीनी संपर्क मुहैया कराने जैसी सुविधाओं पर निरंतर ध्यान देने की जरूरत है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने यह बात कही।

2026, पर्यटन के लिए स्थिर एवं सतत विकास का वर्ष रहने साबित हो सकता है। खासतौर पर घरेलू पर्यटन के लिए जहां विभिन्न सरकारी उपायों के माध्यम से विशेष ध्यान दिया जा रहा है। घरेलू पर्यटकों के लिए, देश को अपनी विरासत, संस्कृति, आध्यात्मिकता एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से मजबूत लाभ प्राप्त है। हालांकि इसके लिए आवश्यक होगा कि विकास यात्रा को सुगम बनाने, बेहतर हवाई व जमीनी संपर्क आदि सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार पर निरंतर ध्यान दिया जाए। इसके अलावा सही प्रचार और पारंपरिक पर्यटन क्षेत्रों से जुड़े पहलुओं से लोगों को अवगत करना महत्वपूर्ण होगा। 2026 के लिए भारत का पर्यटन परिदृश्य व्यावहारिक और अवसरों से भरपूर है। भारत सरकार के आंकड़ों से पता चलता कि पर्यटन क्षेत्र ने मजबूती से वापसी की है।

# साल के आखिर में सोने और चांदी की कीमतों में नरमी



नयी दिल्ली। साल के आखिरी कारोबारी दिन सोने और चांदी के कीमतों में नरमी आई। कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर को देखते हुए बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी के दाम टूटे। जबकि दोनों कीमती धातुओं ने वर्ष 2025 में रिकॉर्ड बढ़त दर्ज की।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 1,300 रुपये टूटकर 1,37,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रहा। मंगलवार को यह 1,39,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वर्ष के आखिरी कारोबारी सत्र में गिरावट के बावजूद, सोने की कीमतों ने वर्ष 2025 में मजबूत तेजी दर्ज की है। सोने का भाव एक जनवरी को 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसमें कुल मिलाकर 73.45 प्रतिशत यानी 58,310 रुपये का फायदा हुआ है। वर्ष 2025 के आखिरी दिन सोने की कीमतों में गिरावट आई। गिरावट के बावजूद, सोने ने वर्ष 2025 में असाधारण लाभ दिया। यह चार दशकों से अधिक समय में मजबूत प्रदर्शन है। सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई और छह दिन की रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला टूट गया। स्थानीय सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 2,000 रुपये गिरकर 2,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) रही। पिछले सत्र में, चांदी 1,000 रुपये बढ़कर 2,41,000 रुपये प्रति किलोग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। सालाना आधार पर, चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया है, और लगभग 164 प्रतिशत का शानदार लाभ दिया है। चांदी की कीमत साल की शुरुआत में दर्ज 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,48,500 रुपये बढ़ गई हैं।

# अस्थिर माहौल के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था उच्च वृद्धि के रास्ते पर

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि अस्थिर एवं प्रतिकूल बाहरी कारकों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत घरेलू खपत और निवेश के दम पर उच्च वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है।

आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के ताजा संस्करण की भूमिका में मल्होत्रा ने लिखा है, वित्तीय स्थिरता बनाए रखना और वित्तीय प्रणाली को मजबूत करना हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वित्तीय क्षेत्र के नियामक यह मानते हैं कि वित्तीय स्थिरता अपने आप में एक लक्ष्य नहीं है। नवाचार एवं वृद्धि को बढ़ावा देना, उपभोक्ताओं की रक्षा करना, विनियमन व पर्यवेक्षण के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना जो वित्तीय प्रणाली की दक्षता में सुधार करता है, समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। नीति निर्माताओं का सबसे महत्वपूर्ण योगदान एक ऐसी वित्तीय प्रणाली को बढ़ावा देना है जो मजबूत और झटकों के प्रति मजबूत हो, वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में कुशल हो तथा जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा दे। मजबूत वृद्धि, कम मुद्रास्फीति, वित्तीय व गैर-वित्तीय कंपनियों का बेहतर बही-खाता, पर्याप्त भंडार और सूझ-बूझ वाले नीति सुधारों से भारतीय अर्थव्यवस्था तथा वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई है।

# म्यूचुअल फंड परिसंपत्तियों में 14 लाख करोड़ की वृद्धि




नयी दिल्ली। म्यूचुअल फंड उद्योग ने 2025 में अपनी तेजी जारी रखते हुए परिसंपत्ति आधार में रिकॉर्ड 14 लाख करोड़ रुपये जोड़े। खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी तथा व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) में रिकॉर्ड निवेश से कुल प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) नवंबर तक बढ़कर 81 लाख करोड़ रुपये हो गईं।

उद्योग का परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। निरंतर एसआईपी निवेश विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी की भरपाई कर रहे हैं और बाजार की मजबूती को सहारा दे रहे हैं। भविष्य में फंड प्रवाह का रुख मूल्यांकन और वैश्विक घटनाक्रमों से तय होगा जिसमें निवेशक बड़े शेयर (लार्ज-कैप), विविधीकृत और हाइब्रिड रणनीतियों को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। वर्ष 2025 में शुद्ध निवेश प्रवाह सात लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं निवेशक आधार में 3.36 करोड़ की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। केवल एसआईपी के जरिये ही करीब तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इन प्रवाहों से उद्योग का एयूएम 2024 के अंत में 67 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर नवंबर 2025 के अंत तक 81 लाख करोड़ रुपये हो गया। यानी इसमें 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि दर हालांकि 2024 की 31 प्रतिशत और 2023 की 27 प्रतिशत की तुलना में कम रही लेकिन दीर्घकालिक रुझान अब भी मजबूत बना हुआ है। उद्योग ने 2022 में सात प्रतिशत और 2021 में लगभग 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। पिछले पांच वर्ष में कुल मिलाकर परिसंपत्ति आधार में 50 लाख करोड़ रुपये जोड़े हैं। 2025 में एयूएम में तेज वृद्धि का कारण मजबूत शेयर बाजार प्रदर्शन और एसआईपी के माध्यम से लगातार खुदरा भागीदारी रही। घरेलू बचत का लगातार वित्तीयकरण, पहली बार निवेश करने वाले निवेशकों की बढ़ती संख्या और म्यूचुअल फंड को एक पारदर्शी एवं अच्छी तरह विनियमित निवेश विकल्प के रूप में बढ़ती प्राथमिकता ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई। मध्यम से दीर्घ अवधि में बढ़ती वित्तीय जागरूकता, महानगरों से बाहर खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और एसआईपी को लगातार अपनाया जाना उद्योग की स्वस्थ, मजबूत एवं व्यापक वृद्धि को समर्थन देता रहेगा। इसके साथ ही, म्यूचुअल फंड उद्योग ने एयूएम में लगातार 13वें साल वृद्धि दर्ज की है। इससे पहले पिछले दशक में दो वर्षों तक गिरावट देखी गई थी। यह दीर्घकालिक निवेश की ओर संरचनात्मक बदलाव को दर्शाता है। इस गति को मुख्य रूप से इक्विटी योजनाओं में खासकर एसआईपी के माध्यम से, लगातार निवेश से समर्थन मिला।

# आर्थिक सुधारों के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था 2026 में भी मजबूत बने रहने की राह पर




नयी दिल्ली। विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत 2026 में मजबूत स्थिति बनाए रखने की राह पर है जहां मजबूत वृद्धि, कम मुद्रास्फीति एवं सुदृढ़ बैंकिंग प्रदर्शन जैसे अनुकूल कारक मौजूद हैं।

साथ ही, 2025 के दौरान देखी गई आर्थिक रफ्तार को कायम रखने के लिए सुधार पहलें भी तैयार हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार से जीवन सुगमता एवं कारोबार सुगमता के विषयों को आगे बढ़ाते हुए आगामी बजट में पूंजीगत व्यय तथा निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए नए उपायों की घोषणा किए जाने की उम्मीद है जिससे शुल्क एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक अधिक आकर्षक निवेश गंतव्य बन सके। आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगातार तिमाहियों में बढ़ी है। 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गई जबकि खुदरा मुद्रास्फीति वर्ष के अंत तक भारतीय रिजर्व बैंक की निचली सीमा दो प्रतिशत से नीचे आ गई। सरकार के एक बयान में कहा गया कि भारत ने 4180 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल कर लिया है। 2030 तक अनुमानित 7300 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ अगले ढाई से तीन वर्ष में जर्मनी को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने की राह पर है। इसमें में कहा गया, वर्तमान व्यापक आर्थिक स्थिति उच्च वृद्धि और कम मुद्रास्फीति के दुर्लभ मजबूत दौर को दर्शाती है। सरकार राष्ट्रीय खातों के लिए आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने पर भी काम कर रही है, जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना पद्धति को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा उठाई गई चिंताओं का प्रभावी समाधान किया जा सके।

पेज एक का शेष

## ओडिशा तट

शीघ्र शामिल हो पाने की तैयारी का संकेत है। इस मिसाइल को इमारत अनुसंधान केंद्र ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला, शस्त्र अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला और टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला सहित अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के सहयोग से विकसित किया है।

## ऑपरेशन सिंदूर

कहा कि अयोध्या की हर गली-हर चौराहा राममय हो गया हो। कनक भवन, दशरथ महल, हनुमानगढ़ी, संपूर्ण अयोध्या मां सरयु की गोद में शोभायमान हो रही है। यह आभा केवल अयोध्या क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण अवध और भारतवर्ष आज राममय है। उन्होंने इस दिन को गौरवपूर्ण बताते हुए याद दिलाया कि यह वही भूमि है, जिसने वर्षों तक भगवान राम के लिए असहनीय बलिदान दिया, अपमान सहा, लेकिन आस्था को कभी डिगने नहीं होने दिया। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को राजनाथ सिंह ने भारत की आध्यात्मिक शक्ति की प्राण प्रतिष्ठा कहा। उन्होंने कहा, हम सभी पिछले अनेक पीढ़ियों की तुलना में अत्यतं सौभाग्यशाली हैं कि हमने वह क्षण अपनी आंखों से देखा। राम मंदिर आंदोलन को उन्होंने दुनिया का सबसे ग्रैंड नैरेटिव बताते हुए कहा कि यह आंदोलन भूगोल और समय दोनों के हिसाब से अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि भारत से लेकर पाकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, वियतनाम और थाईलैंड जैसे अनेकों देश जहां हिंदुओं के अलावा अन्य समुदायों के लोग भी प्रभु राम से खुद को जुड़ा हुआ मानते हैं, यह उन सब राम को मानने वालों का आंदोलन था। 500 वर्षों के लम्बें अहिंसक संघर्ष से चलने वाला ऐसा आंदोलन इतिहास में कहीं देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में केवल श्रीराम मंदिर का ही निर्माण नहीं हुआ है बल्कि हवाई अड्डा, रेल नेटवर्क, रोड कनेक्टिविटी के साथ उद्योग, व्यापार का सभी क्षेत्रों में अयोध्या विकास के नये आयाम रच रही है। विकास की यह धारा केवल अयोध्या तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे अवध प्रांत से लेकर देश के कोने-कोने तक पहुंच रही है। अवधपुरी की इस विकास यात्रा के लिए उन्होंने डबल इंजन सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और सफल प्रयास की सराहना की और बधाई दी।

## अयोध्या के शौर्य

के जवानों ने ठक-ठक करके उन्हें मार गिराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के अंदर तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को अयोध्या कभी विस्मृत नहीं कर सकती। स्वतंत्र भारत में पहली बार 5 अगस्त 2020 को किसी प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन हुआ। उन्होंने उस दिन यहां श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को फिर अयोध्या धाम आकर प्रधानमंत्री ने रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न किया। 25 नवंबर 2025 को विवाह पंचमी पर प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की भगवा ध्वजा को प्रतिष्ठित किया और संदेश दिया कि सनातन से ऊपर कोई नहीं। सनातन का पताका हमेशा ऐसी ही दिखाई देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजनाथ सिंह जी की श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रत्यक्ष भूमिका रही है। 500 वर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला के विराजमान होने और मंदिर के इस भव्य स्वरूप को देखकर वे आनंद-गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। आंदोलन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले रक्षा मंत्री जी प्रतिष्ठा द्वादशी पर जब मां अन्नपूर्णा के मंदिर पर सनातन धर्म की ध्वजा का आरोहण कर रहे थे तो मैंने उन्हें भावुक होते देखा है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले बिजली, पानी, स्वच्छता, सड़क, कनेक्टिविटी, सुरक्षा भी नहीं थी। जयश्रीराम बोलने पर लाठी और गिरफ्तारी होती थी, लेकिन अयोध्या के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए देश-दुनिया का हर सनातन धर्मावलंबी अब यहां दर्शन करके अभिभूत होता है। पहले कुछ लाख लोग यहां आते थे, लेकिन पिछले पांच साल में 45 करोड़ से अधिक श्रदधालु अयोध्या आए। सूर्य वंश की राजधानी अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी के रूप में हो गई है। अयोध्या धाम में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है, अयोध्या रेलवे की डबल लाइन के साथ जुड़ गया है। हर ओर से यहां कनेक्टिविटी बेहतर हुई। जिस अयोध्या में सिंगल लेन की सड़कें थीं, आज फोरलेन की सड़कें हैं।

## नासिक-सोलापुर

में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-326 को चौड़ा करने और उन्नत बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस परियोजना के तहत मौजूदा दो-लेन वाले राजमार्ग को ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) माध्यम से 68.600 किलोमीटर से बढ़ाकर 311.700 किलोमीटर का दो-लेन वाला राजमार्ग बनाया जाएगा।

बयान में कहा गया कि प्रस्तावित गलियारा पश्चिमी तट से पूर्वी तट तक सीधा संपर्क प्रदान करेगा। चेन्नई बंदरगाह की ओर से, चेन्नई से तिरुवल्लूर, रेनिगुंटा, कडप्पा और कुरनूल होते हुए हासपुर (महाराष्ट्र सीमा) तक चार- लेन वाले गलियारे का निर्माण कार्य पहले से ही प्रगति पर है। यह 700 किलोमीटर लंबा होगा। प्रस्तावित छह लेन वाले इस नए गलियारे का प्राथमिक उद्देश्य यात्रा दक्षता में सुधार करना है। इससे यात्रा का समय 31 घंटे से कम होकर 17 घंटे रह जाएगा। साथ ही यात्रा की दूरी 201 किलोमीटर कम होने की उम्मीद है।

## नये साल में

वेबसाइट के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं, जबकि पंजीकरण सुविधा बोर्ड के पोर्टल पर उपलब्ध है। पात्रता, चयन प्रक्रिया और परीक्षा कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती है। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहाः उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती- 2025 के अंतर्गत कुल 32679 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन आवेदन दिनांक- 31।12।2025 से 30।01।2026 तक कर सकतें है। इसी पोस्ट में कहा गया, "आवेदन से पूर्व अभ्यर्थी के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रणाली में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

# शाह ने भाजपा नेताओं से मुलाकात की



कोलकाता। अगले साल की शुरुआत में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई की तैयारियों का जायजा लेने के अपने एजेंडे के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पार्टी के वर्तमान एवं पूर्व जन प्रतिनिधियों के समक्ष एक कार्य योजना प्रस्तुत की तथा भाजपा का एकजुट चेहरा प्रदर्शित करते हुए पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को मुख्य चुनावी चेहरों में से एक के रूप में पेश किया। राज्य में भाजपा की गतिविधियों में अग्रणी भूमिका से पिछले कई महीनों से काफी हद तक दूर रहे घोष को भी बंद दरवाजे के भीतर हुई इस बैठक के लिए आमंत्रित किया गया था। इस बैठक में पार्टी के सांसद, विधायक, नगर निकाय पार्षद और संगठनात्मक दायित्व संभालने वाले पदाधिकारी शामिल हुए। ऐसा बताया जा रहा है कि शाह ने एक अलग बैठक की जिसमें घोष के साथ-साथ राज्य इकाई के एक अन्य पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, मौजूदा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और राज्य में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। यह बैठक पार्टी के पुराने और नए नेताओं के बीच मतभेदों को पाटने का संकेत है। मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता लेकिन आप 2026 के चुनावों में दिलीप घोष को सक्रिय भूमिका निभाते देखेंगे। मुझे अपने अनुभव साझा करने और मेरी राय जानने के लिए बुलाया गया था। राज्य के नेताओं के अलावा बैठक में पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक जैसे सुनील बंसल, भूपेंद्र यादव, बिप्लब देब और अमित मालवीय भी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय

पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और बीते चार वर्षों में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ करेंगे तथा प्रदेश की शांति, सुरक्षा और जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत बनाएंगे। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट संदेश दिया कि सरकारी सेवा में चयन उपलब्धि नहीं, बल्कि जिम्मेदारी की शुरूआत है, जहां जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। असली परीक्षा अब शुरू होती है, जब अधिकारी जनता की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और संवेदनशील परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पुलिस की भूमिका केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि नशा उन्मूलन, साइबर अपराधों पर नियंत्रण, महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्य, चारधाम यात्रा और कांवड़ यात्रा जैसे विशाल आयोजनों के सफल संचालन में भी पुलिस बल की सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निर्णायक होती है।

## भीषण सर्दी

लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते नजर आए। सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय पिलाने की व्यवस्था की गई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी होती हैं। उनकी कोशिश किसी भी तरह सर्दी से बचने की होती है। बहुत से गरीबों को सर्दी में खुले आसमान के नीचे कांपते- ठिठुरते हुए रात बिताने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा ही हमारा संकल्प है। हमारी कोशि है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को असहज स्थिति में रात न बितानी पड़े। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही उनका उद्देश्य है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com




# पंत फिर नाकाम, ओडिशा से हारी दिल्ली

## विजय हजारे ट्राफी टूर्नामेंट में दिल्ली की टीम 272 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 193 रन पर ढेर हो गयी

एजेंसी





अलूर (कर्नाटक)। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की अगुआई वाला दिल्ली का बल्लेबाजी क्रम विफल रहा जिससे ओडिशा के खिलाफ ग्रुप डी के चौथे मैच में 79 रन की हार के साथ विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट में टीम का विजयी अभियान थम गया। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए जनवरी के पहले हफ्ते में टीम की घोषणा करने की उम्मीद है और ऐसे में सभी की नजरें दिल्ली के कप्तान पंत पर थी।

पंत हालांकि ओडिशा के खिलाफ 24 रन ही बना सके जबकि दिल्ली की टीम आठ विकेट पर 272 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 43.3 ओवर में 193 रन पर ढेर हो गई। दिल्ली ने अब तक बल्लेबाजी क्रम में एक ठोस प्रदर्शन की बदौलत जीत दर्ज की हैं लेकिन बुधवार को उसके सभी बल्लेबाज नाकाम रहे जिससे टीम ने अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी जगह भी गंवा दी। ओडिशा की टीम 12 अंक और बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर पहुंच गई है। दिल्ली के भी इतने ही अंक हैं लेकिन टीम चौथे स्थान पर खिसक गई है। रेलवे और हरियाणा के भी 12-12 अंक हैं और इन दोनों का नेट रन रेट भी दिल्ली से बेहतर है। मौजूदा सत्र में दिल्ली की टीम पहली बार 200 रन के आंकड़े को पार करने में नाकाम रही। शुरुआती तीन मैच में पांच, 70 और 22 रन बनाने वाले पंत बुधवार को 28 गेंद में 24 रन बनाने के बाद देवब्रत प्रधान (28 रन पर तीन विकेट) का शिकार बने। प्रधान और संबित बराल (34 रन पर तीन विकेट) ने दिल्ली की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। ओडिशा के लिए अनुभवी कप्तान बिपलब सामंत्रेय ने 72 रन की उम्दा पारी खेली। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली की ओर से ऑफ स्पिनर ऋतिक शौकीन ने 27 रन देकर चार विकेट चटकाए। दिल्ली की शुरुआत खराब रही और टीम ने छह रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों प्रियांश आर्य और सार्थक रंजन के विकेट गंवा दिए। पंत के आउट होने से 11वें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन पर तीन विकेट हो गया जो जल्द ही पांच विकेट पर 55 रन हो गया। हर्ष त्यागी (43) और ऋतिक (32) ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। सौराष्ट्र ने अंकुर पंवार (27 रन पर पांच विकेट) की तूफानी गेंदबाजी से आंध्र को 74 रन से हराया। सौराष्ट्र के सात विकेट पर 254 रन के जवाब में आंध्र की टीम 180 रन पर ढेर हो गई।अन्य मुकाबलों में गुजरात ने रेलवे को चार विकेट से शिकस्त दी जबकि अंकित कुमार के नाबाद 144 रन की बदौलत हरियाणा ने सेना के 272 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 43.1 ओवर में तीन विकेट पर 275 रन बनाकर सात विकेट से जीत दर्ज की।

# विश्व ब्लिट्ज: कार्लसन को रिकॉर्ड नौवां खिताब, एरिगेसी को कांस्य





दोहा। विश्व ब्लिट्ज खिताब बरकरार रखने वाले शतरंज स्टार मैग्नस कार्लसन ने कहा कि वह काफी कठिन टूर्नामेंट था और वह खुशकिस्मत रहे कि शुरूआती दौर के खराब प्रदर्शन से उबरकर नौवीं बार खिताब जीत सके।

कार्लसन ने अपना चिर परिचित खेल दिखाते हुए उजबेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को 2.5 . 1.5 से हराकर खिताब जीता। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। वह विश्व ब्लिट्ज में पदक जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय पुरूष खिलाड़ी हैं। रैपिड और ब्लिट्ज दोनों स्वर्ण जीतने वाले कार्लसन ने फिडे से कहा, यह काफी कठिन टूर्नामेंट था और इसमें कोई भी जीत सकता था। लेकिन नॉकआउट में पहुंचने के बाद मैने अपने खेल का पूरा मजा लेकर खेला और इसका फायदा भी मिला। कार्लसन ने फाइनल में उजबेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ पर सहमति जताने से इनकार कर दिया और चौथे गेम में शानदार प्रदर्शन करके जीत दर्ज की। अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ 19वें दौर में ड्रॉ के बाद कार्लसन और इस उजबेक खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में आखिरी दो स्थान हासिल किये। शीर्ष पर काबिज एरिगेसी और दूसरे स्थान पर रहे अमेरिका के फेबियानो कारूआना अंतिम चार में पहुंच चुके थे। कार्लसन ने कारूआना को 3 . । से हराकर फाइनल में जगह बनाई जबकि अब्दुसत्तोरोव ने एरिगेसी को मात दी। एरिगेसी ने कार्लसन और अब्दुसत्तोरोव जैसे धुरंधरों को हराकर पहला स्थान हासिल किया था। वह चार जीत और दो ड्रॉ के बाद शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंचे थे। अब्दुसत्तोरोव को वह सोमवार को हरा चुके थे लेकिन सेमीफाइनल में वह उस लय को कायम नहीं रख सके और 47 चालों के बाद 0 . । से पीछे थे।दूसरा गेम 83 चालों में खत्म हुआ और तीसरा गेम ड्रॉ रखकर अब्दुसत्तोरोव ने फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में कजाखस्तान की बिबिसारा असायुबायेवा ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराकर तीसरा विश्व ब्लिट्ज खिताब जीता और कैंडिडेट्स 2026 के लिये क्वालीफाई भी कर लिया।

संक्षेप

### खेलमंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास

नयी दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरू स्थित नेताजी सुभाष दक्षिण केंद्र को नया अत्याधुनिक हाई परफॉर्मेंस केंद्र मिलने जा रहा है जिसके शिलान्यास समारोह का खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को वर्चुअल उद्घाटन किया। करीब 75 करोड़ की लागत से बनने वाले प्रस्तावित केंद्र को हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से सीएसआर सहयोग के द्वारा स्थापित किया जायेगा जो इसके लिये 60 करोड़ रूपये देगा। साइ के सूत्र के अनुसार यह अगले 12 महीने में तैयार हो जायेगा। खेल मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, इससे भारत के एलीट खिलाड़ियों की तैयारियों का इकोसिस्टम मजबूत होगा चूंकि उन्हें एक छत के नीचे विश्व स्तरीय खेल विज्ञान और सहायक सुविधायें मिल सकेंगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्र में खेल मेडिसिन, अनुकूलन, रिहैबिलिटेशन और रिकवरी, बायोमैकेनिक्स, फिजियोलॉजी, मनोविज्ञान, खुराक, प्रदर्शन विश्लेषण और हाइड्रोथेरेपी की आधुनिक सुविधायें होंगी। हाई परफॉर्मेंस केंद्र में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि ट्रेनिंग और रिकवरी विज्ञान और तकनीक के अनुसार हो जिससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये तैयार किया जा सके। देश की रक्षा में योगदान देने वाला संगठन अब खेलों में उत्कृष्टता के लिये योगदान दे रहा है।

### एआईएफएफ ने क्लबों से आईएसएल में हिस्सा लेने की पुष्टि करने को कहा

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को क्लबों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के देर से शुरू होने वाले सत्र और प्रस्तावित प्रारूप में अपनी भागीदारी की पुष्टि एक दिन के अंदर करने को कहा जिससे कि वह महाद्वीपीय संस्था को प्रतियोगिता में खेले जाने वाले मुकाबलें की सही संख्या बता सके। आईएसएल 2025-26 अभी शुरू नहीं हुआ है जिससे यह तय है कि क्लब एएफसी चैंपियन्स लीग दो में खेलने का पात्र होने के लिए शीर्ष डिविजन लीग और घरेलू कप में जरूरी 24 मैच नहीं खेल पाएंगे। इस संदर्भ में आईएसएल क्लबों ने एआईएफएफ से अपील की थी कि वह एएफसी से कम से कम 24 मैच खेलने की जरूरत में एक बार छूट देने का आग्रह करे जिससे कि वे एसीएल दो में खेल सकें। क्लबों के प्रतिनिधियों और एआईएफएफ द्वारा बनाई गई एक समिति ने 2025-26 आईएसएल सत्र को कैसे आयोजित किया जाए इसे लेकर 24 दिसंबर 2025 से अब तक पांच बैठक की हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से आग्रह किया था कि वह 24 मुकाबलों की न्यूनतम जरूरत में एक बार की छूट के बारे में एशियाई फुटबॉल परिसंघ के साथ बात करे।

# अफगानिस्तान ने नवीन और नायब को टीम में शामिल किया, राशिद करेंगे कप्तानी



काबुल। अफगानिस्तान ने सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए बुधवार को 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज नवीन उल हक और ऑलराउंडर गुलबदीन नायब को शामिल किया है। स्टार स्पिनर राशिद खान टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे जबकि इब्राहिम जदरान को उप कप्तान बनाया गया है। नवीन कंधे की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं।

उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2024 दिसंबर में खेला था। नायब और तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी को अक्टूबर में बांग्लादेश के सफेद गेंद के दौरे से बाहर कर दिया गया था, दोनों को टीम में जगह मिली है। मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह सुलेमानखिल ने कहा, हमने पिछले कुछ दिनों में चर्चा के बाद टीम को अंतिम रूप दिया। गुलबदीन नायब बड़े मैच के खिलाड़ी हैं और उनकी वापसी से हमारी टीम को मजबूती मिलेगी। हम नवीन उल हक के वापस आने से भी खुश हैं जिससे हमारी तेज गेंदबाजी का स्तर बेहतर होगा। टीम में ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान भी शामिल हैं। उनके शामिल होने से स्पिनर ए एम गजनफर को रिजर्व में रखा गया है। अफगानिस्तान ने 2024 में टी20 विश्व कप के पिछले चरण में आईसीसी टूर्नामेंट में अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया था जिसमें वे सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। इस बार उन्हें ऐसे ग्रुप में रखा गया है जिसमें न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात और कनाडा शामिल हैं। अफगानिस्तान आठ फरवरी को चेन्नई में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। यही टीम विश्व कप से पहले 19 जनवरी से संयुक्त अरब अमीरात में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी खेलेगी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नसीम खान ने कहा, अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप के पिछले चरण में शानदार प्रदर्शन किया था। हमारे पास पिछले समय की बेहतरीन यादें हैं और हम इस साल और भी बेहतर नतीजों की उम्मीद करते हैं क्योंकि यह एशियाई परिस्थितियों में खेला जाएगा। अफगानिस्तान की टीम इस प्रकार है :

राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान (उप कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, शाहिदुल्लाह कमाल, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, फजल हक फारूकी और अब्दुल्ला अहमदजई।

# जुयाल के नाबाद 150 रन, यूपी ने असम को 58 रन से हराया



राजकोट। उत्तर प्रदेश ने आर्यन जुयाल के नाबाद 150 रन की बदौलत बुधवार को यहां बारिश से प्रभावित विजय हजारे ट्रॉफी मैच में वीजेडी प्रणाली से असम पर 58 रन से जीत दर्ज कर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। असम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसमें कप्तान सुमित घडीगांवकर ने 86 गेंद में शानदार 101 रन बनाए। उनके अलावा सिबशंकर रॉय ने 83 गेंद में 82 रन की पारी खेली।

लेकिन जीशान अंसारी (60 रन देकर तीन विकेट) और विप्रज निगम (66 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने असम की टीम 48.4 ओवर में 308 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए जुयाल ने 140 गेंद की नाबाद पारी में 15 चौके और तीन छक्के जड़े। उन्होंने पिछले तीन मैच में से दो में 80 और 134 रन बनाए थे। वह फिलहाल विकेटकीपिंग नहीं कर रहे हैं क्योंकि यह जिम्मेदारी ध्रुव जुरेल संभाल रहे हैं। जुयाल को प्रियम गर्ग का अच्छा साथ मिला जिन्होंने पांच चौके की मदद से 53 गेंद में 52 रन बनाए जबकि कप्तान रिंकू सिंह ने 15 गेंद में 37 रन का योगदान दिया। जब बारिश के कारण खेल रुका तो उत्तर प्रदेश ने 42 ओवर में दो विकेट पर 291 रन बना लिए थे। और अंत में उसे वीजेडी प्रणाली से विजेता घोषित किया गया। मुकेश कुमार और आकाश दीप ने अपनी बेहतरीन गेंदों से कहर बरपाया जिससे बंगाल ने जम्मू कश्मीर को कम स्कोर वाले मुकाबले में नौ विकेट से शिकस्त दी। गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए मुकेश (16 रन देकर चार विकेट) और आकाश (32 रन देकर चार विकेट) ने चार-चार विकेट लिए जबकि मोहम्मद शमी ने 14 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। इससे बंगाल ने जम्मू कश्मीर को 20.4 ओवर में महज 63 रन पर ऑल आउट कर दिया। केवल कप्तान पारस डोगरा (19) और शुभम खजूरिया (12) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए जबकि तीन बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाए। अभिषेक पोरेल (30) और सुदीप कुमार घरामी (25) ने 9.3 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर बंगाल को तीसरी जीत दिलाई जिससे टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई। तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे ने निरंजन शाह स्टेडियम में चार विकेट झटककर विदर्भ को चंडीगढ़ पर आठ विकेट से जीत दिलाई जो टूर्नामेंट में उनकी तीसरी जीत थी। नालकंडे (33 रन देकर तीन विकेट) के अलावा नचिकेत भुटे (18 रन देकर दो विकेट) और दीपेश परवानी (22 रन देकर दो विट) ने भी गेंद से प्रभावित किया जिससे विदर्भ ने चंडीगढ़ को 29.1 ओवर में 113 रन पर ऑल आउट कर दिया। चंडीगढ़ खराब शुरुआत से उबर ही नहीं सका। उसने आठ गेंद में तीन विकेट गंवा दिए जिससे उसका स्कोर तीन विकेट पर चार रन हो गया। चंडीगढ़ के पांच बल्लेबाज शून्य पर आउट हो गए। अर्शलान खान (27), निखिल ठाकुर (17) और तरनप्रीत सिंह (17) ने पारी को संभालने की कोशिश की जिसके बाद संयम सैनी (36) ने कुछ संघर्ष किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने नाबाद 43 रन और ध्रुव शोरे ने 43 रन बनाए जिससे विदर्भ ने 22.3 ओवर में मैच जीत लिया।

# पीडब्ल्यूएल की नीलामी के लिए अमन सहरावत और युई सुसाकी का सबसे अधिक आधार मूल्य

नयी दिल्ली। पेरिस ओलंपिक्स के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत 18 लाख रुपये के आधार मूल्य के साथ प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) की नीलामी में सबसे महंगे घरेलू खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुए हैं जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता युई सुसाकी और दिग्गज खिलाड़ी युस्नेलिस गुजमेन लोपेज को भी इतने ही आधार मूल्य के वर्ग में रखा गया है।

पीडब्ल्यूएल नीलामी तीन जनवरी को होनी है जबकि लीग 15 जनवरी से एक फरवरी तक होगी। आगामी सत्र में मुकाबला करने वाली छह फ्रेंचाइजी हरियाणा थंडर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली दंगल वारियर्स और यूपी डॉमिनेटर्स हैं। विश्व चैंपियनशिप के दौरान वजन प्रबंधन नहीं करने के कारण 21 साल के सहरावत पर लगा प्रतिबंध हाल ही में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने हटा दिया था। वह हाल के सत्रों में भारत के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने ओलंपिक खेलों और एशियाई खेलों में पदक जीते। विश्व और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता दीपक पूनिया का आधार मूल्य 10 लाख रुपये है। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नवीन भी इसी वर्ग में हैं। मौजूदा समय में भारत के सबसे अच्छे पहलवानों में से एक सुजीत कलकल ने हालांकि अपना आधार मूल्य सिर्फ सात लाख रुपये रखा है। विदेशी पुरुषों के वर्ग में यूरोपीय और यूरेशियाई पहलवानों का दबदबा है। पूर्व विश्व और यूरोपीय चैंपियन रूस के अबासगदजी मागोमेदोव का आधार मूल्य 10 लाख है। इसी वर्ग में आर्मेनिया के विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता अरमान एंड्रियासियन और हंगरी के 2023 के विश्व चैंपियन इस्जमेल मुसुकाजेव भी हैं। कई बार के विश्व और यूरोपीय पदक विजेता और ओलंपियन आर्मेनिया के आर्सेन हारुत्युनियन और मौजूदा विश्व और यूरोपीय चैंपियन रूस के उस्मानोव अखमेद पर बड़ी बोली लगाने की उम्मीद है। दोनों का आधार मूल्य 10 लाख रुपये है। महिला कुश्ती में विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता और भारत की स्टार खिलाड़ी अंतिम पंघाल को 10 लाख रुपये आधार मूल्य के वर्ग में रखा गया है जबकि फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही अंशु मलिक भी इसी वर्ग में हैं। स्वाति शिंदे, पूजा गहलोत भी उन शीर्ष भारतीय नामों में शामिल हैं जिनमें काफी दिलचस्पी होने की उम्मीद है। तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण और पेरिस खेलों की कांस्य पदक विजेता जापान की सुसाकी का आधार मूल्य 18 लाख है जो महिला पहलवानों में सबसे अधिक है। पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता क्यूबा की लोपेज को भी इसी वर्ग में जगह मिली है।

# भारतीय खेलों के लिए व्यस्त रहेगा 2026




नयी दिल्ली। भारतीय खेलों के लिये वर्ष 2026 रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहने वाला है जिसमे विभिन्न खेलों में विश्व खिताब दाव पर होंगे और ओलंपिक क्वालीफिकेशन का नया सत्र शुरू होगा जिससे लॉस एंजिलिस खेल 2028 के टिकट कटाने का मौका मिलेगा। भारत के नये और पुराने खिलाड़ी अगले साल की चुनौतियों के लिये तैयार हो रहे हैं, ऐसे में पीटीआई ने नये साल के खेल कैलेंडर पर नजर डाली है। (जनवरी, फरवरी, मार्च) साल की पहली तिमाही क्रिकेट को समर्पित होगी क्योंकि देश के पसंदीदा खेल में इस साल तीन विश्व कप हैं। यह 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप से शुरू होगा, जहां वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे उभरते हुए युवा सितारों पर करीब से नजर रखी जाएगी।

इस आयु वर्ग के फाइनल के एक दिन बाद सीनियर पुरुष टीम भारत और श्रीलंका की मेजबानी में सात फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब के बचाव के लिये उतरेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन 12 जनवरी से एक फरवरी के बीच आयोजित होगा लेकिन भारत की चुनौती असरदार नहीं है। बैडमिंटन आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप तीन मार्च से शुरू होगी जिसमें पी वी सिंधू और बाकी भारतीय खिलाड़ी 2025 की नाकामी से उबरना चाहेंगे। भारतीय फुटबॉलप्रेमियों के लिये अच्छी खबर है कि एक मार्च से आस्ट्रेलिया में शुरू हो रहे एएफसी महिला एशियाई कप में लंबे समय बाद भारतीय टीम खेलते नजर आयेगी। मार्च के आखिर से अप्रैल तक साइप्रस में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट खेला जायेगा जिससे विश्व चैम्पियनशिप खिताब के चैलेंजर का पता चलेगा। अभी भारत के डी गुकेश विश्व चैम्पियन हैं। मंगोलिया में एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप खेली जायेगी। दोनों टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होंगे जिसमें ओपन वर्ग में भारत के आर प्रज्ञानानंदा और महिला वर्ग में आर वैशाली, कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख भाग लेंगे। शतरंज टूर्नामेंट 16 अप्रैल तक चलेगा और मुक्केबाजी टूर्नामेंट 11 अप्रैल को खत्म होगा। एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप एक से दस अप्रैल तक अहमदाबाद में खेली जायेगी। इसके बाद 24 अप्रैल से तीन मई तक थॉमस और उबेर कप बैडमिंटन खेला जायेगा। इसके कुछ दिन बाद आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैम्पियनशिप फाइनल्स लंदन में 28 अप्रैल से दस मई तक चलेगा जिसके लिये भारतीय महिला और पुरूष टीमों ने क्वालीफाई कर लिया है। जून में महिला टी20 विश्व कप होगा जिसमें हरमनप्रीत कौर की टीम 2025 में वनडे विश्व कप की सफलता को दोहराना चाहेगी। एथलेटिक्स सत्र की शुरूआत मई में डायमंड लीग से होगी जिसमें भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा पर नजरें होंगी। मई में फ्रेंच ओपन और जून में विम्बलडन खेला जायेगा। इसके बाद अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में संयुक्त रूप से फीफा विश्व कप फुटबॉल का आयोजन होगा। राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लास्गो में आयोजित होंगे जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन में देखने को मिलेगा। निशानेबाजी, कुश्ती और हॉकी जैसे खेलों को बजट में कटौती के लिये रोस्टर से हटा दिया गया है। इन खेलों के बाद दिल्ली में 17 अगस्त से विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप होनी है। नीदरलैंड और बेल्जियम में 14 अगस्त से हॉकी विश्व कप शुरू होगा। भारतीय पुरूष टीम एशिया कप जीतकर विश्व कप का टिकट कटा चुकी है।

